लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

भाद्रपद शुक्ल पक्ष द्वादशी विक्रम संवत 2081

# अमृत विचार

वर्ष 5, अंक 300, पृष्ठ -16+4, मूल्यः 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

बरेली, रविवार, 15 सितंबर 2024




इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, जीवन के लिए जरूरी ओजोन परत संरक्षण व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।



**आज का मौसम**

31.0° अधिकतम तापमान | 24.0° न्यूनतम तापमान | आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। | सूर्योदय 05:57 सूर्यास्त 06:17

40 वर्ष के हुए आयुष्मान खुराना...15

## प्रधानमंत्री आवास में बछिया का जन्म, दीपज्योति नाम



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 7, लोक कल्याण मार्ग स्थित आवास में एक नई सदस्य-बछिया का आगमन हुआ है, जिसका नाम दीपज्योति रखा गया है। मोदी ने एक्स के जरिए सूचना दी कि 7, लोक कल्याण मार्ग स्थित प्रधानमंत्री के आवासीय परिसर में गौ माता ने एक बछिया को जन्म दिया है। मोदी ने लिखा कि हमारे शास्त्रों में कहा गया है- गाव: सर्वसुख प्रदा:। लोक कल्याण मार्ग पर प्रधानमंत्री आवास परिवार में एक नए सदस्य का शुभ आगमन हुआ है। उन्होंने लिखा कि प्रधानमंत्री आवास में प्रिय गौ माता ने एक नव वत्सा को जन्म दिया है, जिसके मस्तक पर ज्योति का चिह्न है। इसलिए मैंने इसका नाम दीपज्योति रखा है।

# वंशवादी राजनीति ने सुंदर कश्मीर को बर्बाद किया: मोदी

### प्रधानमंत्री ने जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने के वादे को दोहराया

जम्मू, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद अंतिम सांस ले रहा है और उनकी सरकार ने इस सुंदर क्षेत्र को नष्ट करने वाली वंशवादी राजनीति का मुकाबला करने के लिए एक नया नेतृत्व पेश किया है।

जम्मू क्षेत्र के डोडा जिले में भाजपा के उम्मीदवारों के समर्थन में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने के अपनी सरकार के वादे को दोहराया और लोगों को नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां), कांग्रेस और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) को फिर से सत्ता में लाने को लेकर आगाह किया। विधानसभा चुनाव के पहले चरण के तहत 18 सितंबर को होने वाले मतदान से पूर्व प्रधानमंत्री की केंद्र-शासित प्रदेश में यह पहली चुनावी रैली थी।

मोदी ने लगभग 45 मिनट के भाषण की शुरुआत रैली में आए लोगों का कश्मीरी भाषा में स्वागत करके की। उन्होंने उपस्थित लोगों से कहा कि इस बार चुनाव जम्मू-कश्मीर का भविष्य तय करेगा, जो आजादी के बाद से ही विदेशी ताकतों के निशाने पर रहा है।" मोदी ने कहा कि इतना ही नहीं, वंशवादी राजनीति ने इस सुंदर क्षेत्र को भीतर से खोखला कर दिया। जिन राजनीतिक दलों पर आपने भरोसा किया, उन्होंने कभी आपके बच्चों की परवाह नहीं की। उन्होंने सिर्फ अपने बच्चों की परवाह की और उन्हें आगे बढ़ाया तथा नए नेतृत्व को उभरने नहीं दिया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि 2014 में केंद्र में उनकी सरकार बनने के तुरंत बाद जम्मू-कश्मीर में युवा नेतृत्व तैयार करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। उन्होंने कहा कि कश्मीर के युवा आतंकवाद का दंश झेलते रहे हैं। लोगों को गुमराह करके परिवारवाद को बढ़ावा देने वाली पार्टियों ने सत्ता का आनंद लिया और युवा नेताओं को जड़ें नहीं जमाने दीं। प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि कांग्रेस, नेकां और पीडीपी ने पाप से कम कुछ नहीं किया है, क्योंकि ये तीन परिवार कश्मीर को बर्बाद करने के लिए जिम्मेदार हैं।

#### कुरुक्षेत्र में बोले- जब तक मोदी है, आरक्षण व्यवस्था में रत्तीभर भी कमी नहीं आएगी

कुरुक्षेत्र। हरियाणा विधानसभा चुनाव प्रचार का आरंभ करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस को दलितों, अन्य पिछड़े वर्गों और आदिवासियों का सबसे बड़ा विरोधी करार दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब तक मोदी है, बाबा साहब के दिए आरक्षण में रत्ती भर भी लूट नहीं होने देगा, हटाने नहीं देगा। यह मोदी की गारंटी है। मोदी ने कांग्रेस पर तुष्टिकरण की राजनीति करने का आरोप लगाया और कहा कि कर्नाटक में गणपति जी को भी सलाखों के पीछे डाला जा रहा है। प्रधानमंत्री ने यह भी आरोप लगाया कि कांग्रेस जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 फिर से लाना चाहती है यानी आतंक और अलगाव के उस कालखंड को वापस लाना चाहती है, जिसमें हमारे हरियाणा के वीर जवानों पर पत्थर फेंके जाते थे।




# ज्ञानवापी विश्वनाथ स्वरूप, मस्जिद कहना दुर्भाग्यपूर्ण

### समरस समाज के निर्माण में नाथपंथ का अवदान विषय पर संगोष्ठी में बोले मुख्यमंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ज्ञानवापी को मस्जिद कहना दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि आज जिस ज्ञानवापी को कुछ लोग मस्जिद कहते हैं, वह ज्ञानवापी साक्षात विश्वनाथ स्वरूप हैं।

योगी शनिवार को गोरखपुर में दीनदयाल उपाध्याय विश्वविद्यालय के दीक्षा भवन में 'समरस समाज के निर्माण में नाथपंथ का अवदान' विषयक अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। नाथपंथ की अध्यक्षीय पीठ, गोरक्षपीठ के पीठाधीश्वर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संतों और ऋषियों की परंपरा को समाज और देश को जोड़ने वाली बताते हुए आदि शंकर का विस्तार से उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि केरल में जन्मे आदि शंकर ने देश के चारों कोनों में धर्म-अध्यात्म के लिए महत्वपूर्ण पीठों की स्थापना की। आदि शंकर जब अद्वैत ज्ञान से परिपूर्ण होकर काशी आए तो भगवान विश्वनाथ ने उनकी परीक्षा लेनी चाही।

योगी ने बताया कि ब्रह्म मुहूर्त में जब आदि शंकर गंगा स्नान के लिए निकले तब भगवान विश्वनाथ एक अछूत के वेश में उनके सामने खड़े हो गए। आदि शंकर ने जब उनसे मार्ग से हटने को कहा तब उसी रूप में भगवान विश्वनाथ ने उनसे पूछा कि आप यदि अद्वैत ज्ञान से पूर्ण हैं तो आपको सिर्फ भौतिक काया नहीं देखनी चाहिए। यदि ब्रह्म सत्य है तो मुझमें भी वही ब्रह्म है जो आपमे है। हतप्रभ आदि शंकर ने जब अछूत बने भगवान का परिचय पूछा तो उन्होंने बताया कि मैं वही हूं, जिस ज्ञानवापी की साधना के लिए वह (आदि शंकर) काशी आए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि ज्ञानवापी साक्षात विश्वनाथ स्वरूप ही है।



गोरखपुर विवि में संगोष्ठी का उद्घाटन करते मुख्यमंत्री। ● अमृत विचार

#### रूढ़ियों पर प्रहार करने में आगे रहा नाथपंथ

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश, काल और परिस्थितियों के अनुरूप नाथपंथ ने अपनी भूमिका को सदैव समझा। जब देश बाहरी आक्रमण शुरू हो गए थे, तब नाथपंथ के योगियों ने सारंगी वादन के जरिये समाज को देश पर आए खतरे के प्रति जागरूक किया। इसी तरह सामाजिक रूढ़ियों पर प्रहार करने में भी नाथपंथ अग्रणी रहा है। उन्होंने कहा कि अस्पृश्यता को दूर करने पर ध्यान दिया गया होता तो देश कभी गुलाम नहीं होता। संत परंपरा ने समाज में छुआछूत को कभी महत्व नहीं दिया।

#### देश को जोड़ने की व्यावहारिक भाषा है हिंदी: योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी लोगों को राजभाषा हिंदी दिवस की बधाई देते हुए कहा कि हिंदी देश को जोड़ने की एक व्यावहारिक भाषा है। इसका मूल देववाणी संस्कृत है। भारतेंदु हरिश्चंद्र के 'निज भाषा उन्नति' वाले उद्धरण का उल्लेख करते हुए कहा कि यदि भाव और भाषा खुद की नहीं होगी तो हर स्तर पर प्रगति बाधित करेगी। पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने हिंदी को जिस रूप में देश-दुनिया के सामने प्रस्तुत किया है, वह अभिनंदनीय है।

## एक नजर

#### छत्तीसगढ़: हिंदी में भी होगी मेडिकल की पढ़ाई

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शनिवार को हिंदी दिवस के मौके पर ऐलान किया कि एमबीबीएस की पढ़ाई अब हिंदी में भी होगी। इसको लेकर स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए गए हैं। विष्णुदेव ने कहा कि एमबीबीएस की पढ़ाई की व्यवस्था हम हिंदी में करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि इसके लिए छात्र-छात्राओं की संख्या के अनुरूप पुस्तक उपलब्ध कराने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग को दिए गए हैं।

#### ताजमहल के मुख्य गुंबद से पानी का रिसाव

**आगरा।** आगरा में पिछले तीन दिन से लगातार जारी बारिश के कारण ताजमहल के मुख्य गुंबद से पानी का रिसाव हो रहा है, वहीं परिसर स्थित एक उद्यान में पानी भर गया है। ताजमहल परिसर में जलमग्न उद्यान का वीडियो गुरुवार को वायरल हुआ था।

#### कोलकाता : सीबीआई की बड़ी कार्रवाई, एसएचओ को भी दबोचा

# आरजी कर का पूर्व प्राचार्य अब दुष्कर्म-हत्या मामले में गिरफ्तार

कोलकाता, एजेंसी

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने डॉक्टर से दुष्कर्म व हत्याकांड में आरजी कर मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ. संदीप घोष और टाला थानेदार अभिजीत मंडल को गिरफ्तार किया है। ताला पुलिस स्टेशन के प्रभारी अधिकारी अभिजीत मंडल को मेडिकल परीक्षण के लिए ले जाया गया है।

संदीप घोष को ईडी ने पहले ही आरजी कर में भ्रष्टाचार के मामले में गिरफ्तार किया था। अब सीबीआई ने घोष को दुष्कर्म व हत्या के मामले में गिरफ्तार किया है। इस तरह से इस मामले में अब कुल तीन लोगों की गिरफ्तारी हो गई। इससे पहले कोलकाता पुलिस के सिविक वालंटियर संजय राय को गिरफ्तार किया गया था।दुष्कर्म और हत्या मामले में अब तक तीन लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। 9 अगस्त को महिला परास्नातक प्रशिक्षु चिकित्सक का शव अर्धनिर्वस्त्र अवस्था में अस्पताल के संगोष्ठी कक्ष से बरामद किया गया था। सीबीआई अधिकारियों ने शनिवार को सीजीओ कॉम्प्लेक्स स्थित कार्यालय में मंडल से कई घंटों तक पूछताछ की, लेकिन संतोषजनक जवाब नहीं देने पर शाम को उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

अधिकारी ने बताया कि घोष और पुलिस अधिकारी दोनों को सबूत मिटाने और अन्य आरोपों में गिरफ्तार किया गया है। मंडल पर प्राथमिकी दर्ज करने में देरी करने का भी आरोप है। सीबीआई अधिकारी ने बताया कि पुलिसकर्मी से पहले आठ बार पूछताछ की जा चुकी है और हर बार उसने अलग-अलग बयान दिए। उसे गिरफ्तार कर लिया गया है और रविवार को अदालत में पेश किया जाएगा। गिरफ्तारी के बाद होने वाली चिकित्सा जांच के लिए उसे अस्पताल ले जाया गया। इससे पहले दुष्कर्म-हत्या के मामले में कोलकाता पुलिस ने एक नागरिक स्वयंसेवक को गिरफ्तार किया जा चुका है। कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश के बाद इस मामले की जांच अब सीबीआई कर रही है। केंद्रीय एजेंसी ने अस्पताल में वित्तीय अनियमितताओं के एक मामले में घोष को 2 सितंबर को गिरफ्तार किया था।



#### जूनियर डॉक्टरों और मुख्यमंत्री के बीच एक और बैठक विफल

आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में जूनियर डॉक्टर की दुष्कर्म व हत्या के मामले में गतिरोध करने के लिए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और हड़ताली डॉक्टरों के बीच शनिवार को फिर बात नहीं हो सकी। ममता के बुलावे पर बातचीत के लिए उनके घर पहुंचे डॉक्टरों ने बैठक की लाइव स्ट्रीमिंग या वीडियो रिकॉर्डिंग की मांग की। मुख्यमंत्री ने इसे ठुकरा दिया और खुद वीडियो रिकॉर्डिंग कर सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद उन्हें उसकी एक प्रति सौंपने की बात कही। डॉक्टरों ने कहा कि मुख्यमंत्री के प्रस्ताव पर उन्होंने विचार करने के बाद बैठक में शामिल होने का फैसला किया। जब हमने यह बात स्वास्थ्य राज्यमंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य को बताई तो हमें कार्यक्रम स्थल छोड़ने के लिए कहा गया, क्योंकि बहुत देर हो चुकी थी और वे तीन घंटे से हमारा इंतजार कर रहे थे।

# नेपाल सीमा के सैकड़ों गांव बने टापू

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** पहाड़ों पर भारी वर्षा और जिले में दो दिन की बारिश से हाहाकार मच गया है। बनबसा बैराज से शुक्रवार को 4.61 लाख क्यूसेक पानी शारदा में छोड़ा गया, जिससे बाढ़ विकराल हो गई है। घाघरा, मोहाना और सुहेली नदी के उफनाने से पलिया और भारत नेपाल सीमा के सैकड़ों गांव टापू बन गए हैं।

भीरा क्षेत्र के रैनागंज निवासी मेवालाल मछली पकड़ने के दौरान शारदा नदी में डूब गया, जबकि तिकुनियां थाने के गांव खमरिया निवासी हसीब खेत से चारा लेकर लौटते समय बाढ़ के पानी में बह गया। इससे जिला प्रशासन ने पलिया, निघासन और धौरहरा इलाके में अलर्ट घोषित कर दिया है।

पलिया नगर में शारदा नदी का पानी भरने के साथ पलिया-भीरा मार्ग पर चीनी मिल के सामने सड़क पर डेढ़ से दो फिट पानी चल रहा है। मझगईं और संपूर्णानगर इलाके के गोविंदनगर और भानपुर खजुरिया इलाके को बाढ़ ने अपने आगोश में ले लिया है। प्रशासन ने एहतियातन भीरा के आगे और पलिया की ओर से पूरी तरह आवागमन बंद कर दिया है। इसके चलते शारदा पुल और अतरिया क्रॉसिंग पर वाहनों की लाइनें लग गई हैं। हालांकि अतरिया क्रॉसिंग से नाव के जरिये लोगों का आवागमन शारदा पुल तक हो रहा है। सदर तहसील के गांव श्रीनगर और फूलबेहड़ इलाके में शारदा नदी तबाही मचा रही है। श्रीनगर गांव में बाढ़ के कारण कई परिवार डनलपों पर दिन रात गुजारने को मजबूर हैं।



बाढ़ के पानी के बीच डनलप पर बैठा परिवार।

#### बाढ़ हुई विकराल

- बनबसा बैराज से शारदा में छोड़े करीब साढ़े चार लाख क्यूसेक पानी के बाद स्थिति बिगड़ी

## हबला नदी में नहाने के दौरान डूबे छह बच्चे, दो की मौत

- चीख-पुकार सुनकर पहुंचे ग्रामीणों ने चार बच्चों को सुरक्षित निकाला

**कलान (शाहजहांपुर)।** हबला नदी किनारे बकरी चराने गए छह बच्चे नहाने के दौरान डूबने लगे। उनकी चीख-पुकार सुनकर पहुंचे ग्रामीणों ने चार बच्चों को निकाल लिया, जबकि दो की डूबकर मौत हो गई। शनिवार की शाम गांव तिलौआ निवासी रामशरण की बेटी वंदना (10), लाल कश्यप का बेटा शैलेश (12), चरण सिंह की बेटी पारुल (10), रामशरण की बेटी केश (11), सुरेश की बेटी छाया (12), भैया लाल का बेटा सौरभ (10) गांव के दक्षिण दिशा से बह रही हबला नदी किनारे बकरी चराने गए थे। बच्चों ने नदी में नहाना शुरू कर दिया। वंदना और शैलेश गहरे में चले गए और डूबने लगे। बच्चे शोर मचाने लगे। खेतों पर मौजूद ग्रामीण दौड़ पड़े और सभी बच्चों को बाहर निकाला। वंदना और शैलेश बेहोश हो चुके थे। दोनों को गांव के डॉक्टर के पास ले जाया गया, जहां मृत घोषित कर दिया।

# किशोर की पुलिस कस्टडी में बिगड़ी हालत, अस्पताल में मौत

- एसपी ने तीन सिपाहियों को किया निलंबित, जांच के आदेश
- चोरी के आरोप में चार दिन तक पुलिस हिरासत में रहा था किशोर

संवाददाता, फरधान

**अमृत विचारः** पुलिस की कस्टडी में चार दिन रहने के बाद चोरी के आरोपी 16 वर्षीय किशोर की हालत बिगड़ गई। लखनऊ के ट्रामा सेंटर में शनिवार को मौत हो गई। शव लेकर लौटे परिजनों ने थाने के सामने जाम लगा दिया। परिजन पुलिस की पिटाई से मौत का आरोप लगाकर कार्रवाई की मांग पर अड़े थे। एसपी ने तीन सिपाहियों को निलंबित कर दिया।

फरधान थाना क्षेत्र के गांव सिसावा कलां निवासी आकाश राज (16) को 3 सितंबर को पुलिस चोरी के आरोप में पूछताछ के लिए थाने लाई थी। 7 सितंबर तक पुलिस उससे पूछताछ करती रही। भाई सुभाष कुमार राज ने बताया कि पुलिस उसे मारपीट कर प्रताड़ित करती रही। 6 सितंबर को आकाश की तबीयत बिगड़ी तो घरवालों को सौंप दिया था। हालत नाजुक देख लखीमपुर के एक निजी अस्पताल ले गए। डॉक्टर ने लखनऊ रेफर कर दिया। वहां शनिवार को आकाश की मौत हो गई। एसपी ने इस मामले में हेड कांस्टेबल अशोक कुमार, सिपाही सुनील कुमार यादव और निशांत कुमार को निलंबित कर दिया। जांच के आदेश दिए मगर इस कार्रवाई से परिजन संतुष्ट नहीं हुए। वे आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने और मुआवजा दिलाने की मांग को लेकर देर शाम तक धरने पर बैठे रहे।

## मेरठ में मकान ढहा, तीन की मौत

**मेरठ।** जिला मुख्यालय की घनी बस्ती जाकिर कॉलोनी में शनिवार शाम एक तीन मंजिला मकान भरभराकर गिर गया, जिससे तीन लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए एवं छह के मलबे में दबे होने की आशंका है। राहत विभाग की ओर से कहा गया कि मकान के अचानक ढहने से मलबे में 12 लोग दब गए। अब तक कुल छह लोगों को मलबे से निकाला जा चुका है, जिनमें से तीन की मौत हो गई और तीन घायलों को लाला लाजपत राय मेमोरियल मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।

एनडीआरएफ, दमकल विभाग और पुलिस की टीम मलबे से लोगों निकालने के लिए प्रयास कर रही हैं।

# बारामूला में सुरक्षा बलों ने 3 आतंकियों को मार गिराया

- सेना ने विस चुनाव के मद्देनजर कार्रवाई को महत्वपूर्ण बताया

श्रीनगर, एजेंसी

सुरक्षा बलों ने शनिवार को जम्मू-कश्मीर के बारामूला में मुठभेड़ में तीन आतंकवादियों को मार गिराया। सेना ने कहा कि केंद्र शासित प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनावों के मद्देनजर यह अभियान काफी महत्वपूर्ण है। यह अभियान कश्मीर घाटी में शांति भंग करने के उद्देश्य से पाकिस्तान के नापाक मंसूबों को विफल करने में सुरक्षा बलों की एक बड़ी सफलता को दर्शाता है।

जम्मू-कश्मीर एक दशक में बाद बार विधानसभा चुनाव हो रहे हैं। केंद्र शासित प्रदेश में 18 सितंबर से शुरू होने वाले विधानसभा चुनाव तीन चरणों में होंगे। सेना की 10 सेक्टर राष्ट्रीय राइफल्स के कमांडर ब्रिगेडियर संजय कन्नोथ ने उत्तरी कश्मीर में अभियान के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि पिछले कुछ समय से उन्हें बारामूला जिले के क्रेरी के सामान्य इलाके में अज्ञात आतंकवादियों की आवाजाही के बारे में जानकारी मिल रही थी। उन्होंने कहा कि अभियान में तीन कट्टर आतंकवादियों को मार गिराया गया और बड़ी मात्रा में युद्ध जैसे सामान बरामद किए गए हैं।

## केजरीवाल की रिहाई पर आतिशबाजी, रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के जेल से रिहा होने पर उत्तरी दिल्ली के सिविल लाइंस स्थित उनके आवास के बाहर आतिशबाजी करने को लेकर प्राथमिकी दर्ज की है। दिल्ली सरकार ने सोमवार को सर्दियों के मौसम में वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए पटाखों के उत्पादन, बिक्री और इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की थी। एक अधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री के सरकारी आवास के बाहर आतिशबाजी करने के मामले में सिविल लाइंस थाने में अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। शुक्रवार शाम तिहाड़ जेल से रिहा होने के बाद मुख्यमंत्री आवास के बाहर पटाखे फोड़े गए थे।

# हिंदू विवाह अनुबंध नहीं, तलाक के लिए सहमति जरूरी

#### इलाहाबाद हाईकोर्ट की टिप्पणी

### हिंदू विवाह को सीमित परिस्थितियों में ही किया जा सकता है भंग

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचारः** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण निर्णय में कहा है कि एक हिंदू विवाह को अनुबंध की तरह भंग नहीं किया जा सकता। शास्त्र सम्मत विधि आधारित हिंदू विवाह को सीमित परिस्थितियों में ही भंग किया जा सकता है और वह भी संबंधित पक्षों द्वारा पेश साक्ष्यों के आधार पर।

न्यायमूर्ति सौमित्र दयाल सिंह और न्यायमूर्ति दोनाडी रमेश की पीठ ने विवाह को भंग किए जाने के खिलाफ एक महिला की अपील स्वीकार करते हुए कहा कि पारस्परिक सहमति के बल पर तलाक मंजूर करते समय भी निचली अदालत को तभी विवाह भंग करना चाहिए था, जब आदेश पारित करने की तिथि को वह पारस्परिक सहमति बनी रही। अदालत ने कहा कि यदि अपीलकर्ता का दावा है कि उसने अपनी सहमति वापस ले ली है और इस तथ्य को रिकॉर्ड में दर्ज कर लिया गया है तो निचली अदालत अपीलकर्ता को मूल सहमति पर कायम रहने के लिए बाध्य नहीं कर सकती। पीठ ने कहा कि ऐसा करना न्याय का उपहास होगा। महिला ने 2011 में बुलंदशहर के अपर जिला जज द्वारा पारित निर्णय के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील दाखिल की थी। अपर जिला जज ने महिला के पति की ओर से दाखिल तलाक की अर्जी मंजूर कर ली थी। संबंधित पक्षों का विवाह 2 फरवरी, 2006 में हुआ था। उस समय, पति भारतीय सेना में कार्यरत था। पति ने आरोप लगाया कि उसकी पत्नी 2007 में उसे छोड़ कर चली गई और उसने 2008 में विवाह भंग करने के लिए अदालत में अर्जी दाखिल की। पत्नी ने अपना लिखित बयान दर्ज कराया और कहा कि वह अपने पिता के साथ रह रही है। मध्यस्थता की प्रक्रिया के दौरान, पति, पत्नी ने एक दूसरे से अलग रहने की इच्छा जताई। हालांकि, वाद लंबित रहने के दौरान पत्नी ने अपना विचार बदल लिया और अपने खिलाफ लगाए गए आरोपों से इनकार किया, जिसके बाद दूसरी बार मध्यस्थता की गई, लेकिन पति द्वारा पत्नी को साथ रखने से इनकार करने की वजह से यह मध्यस्थता भी विफल रही।



#### क्या था मामला

संबंधित पक्षों का विवाह 2 फरवरी, 2006 में हुआ था। उस समय पति भारतीय सेना में कार्यरत था। पति ने आरोप लगाया कि उसकी पत्नी 2007 में उसे छोड़ कर चली गई और उसने 2008 में विवाह भंग करने के लिए अदालत में अर्जी दाखिल की। पत्नी ने अपना लिखित बयान दर्ज कराया और कहा कि वह अपने पिता के साथ रह रही है। मध्यस्थता की प्रक्रिया के दौरान, पति, पत्नी ने एक दूसरे से अलग रहने की इच्छा जताई। हालांकि, वाद लंबित रहने के दौरान पत्नी ने अपना विचार बदल लिया।




## उमेश प्रताप सिंह का तबादला, अब धर्मेंद्र होंगे जिलाधिकारी शाहजहांपुर

# उमेश प्रताव के कार्यकाल में हुए कई विवाद, एसपी से भी रहा टकराव

- डीएम उमेश प्रताप सिंह पर लगा था तुगलकी फरमान जारी करने का आरोप
- नगर विकास विभाग के विशेष सचिव धर्मेंद्र प्रताप सिंह को मिली जिम्मेदारी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** डीएम उमेश प्रताप सिंह का शासन ने शुक्रवार को तबादला कर दिया। उनके स्थान पर नगर विकास विभाग के विशेष सचिव धर्मेंद्र प्रताप सिंह को जिले का नया डीएम बनाया गया है। जबकि उमेश प्रताप को विशेष सचिव भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग बनाया गया है। उमेश प्रताप का कार्यक्रम जिले में दो साल आठ माह और छह दिन का रहा। इस दौरान वह तुगलकी फरमान जारी करने, एसपी एस आनंद से टकराव, छुट्टा पशुओं पर कंट्रोल न कर पाने, जनता से दूरी बनाए रखने, एक विशेष दल के नेताओं को विशेष तवज्जो देने सहित तमाम बातों को लेकर चर्चा में रहे।


उमेश प्रताप सिंह।

उमेश प्रताप ने सात जनवरी 2022 को कार्यभार संभाला था। 2022 का विधान सभा चुनाव उन्हीं के जिलाधिकारी रहते हुआ। इसके बाद लगातार उनकी कार्यप्रणाली चर्चा में रही। उनपर पत्नी की हत्या का आरोप चर्चा में आया। दरअसल उनकी पत्नी अनीता सिंह की गोली लगने से सितंबर 2019 में मौत हो गई थी। मामले में उनके साले ने उनके चरित्र पर सवाल उठाते हुए उन पर हत्या का केस दर्ज कराया था। इसके बाद तो एक के बाद एक विवाद उमेश प्रताप के कार्यकाल से जुड़ता चला गया। छुट्टा पशुओं की समस्या पर जिले को छुटकारा न दिला पाना उनकी पहली नाकामी मानी गई। इसके बाद तो उन्होंने जनता और मीडिया दोनों से एक उचित दूरी बना ली। लोग उनसे मिलने को तरस गए। बड़ी संख्या में वह शिकायतों को सिर्फ फॉरवर्ड कर दिया करते थे। हालांकि इस दौरान एक विशेष दल के नेता उनके सीधे संपर्क में रहे।

### ...पुलिस विभाग नहीं करता सम्मान

जून में उनका एसपी एस आनंद से टकराव हो गया। इसके बाद उन्होंने 22 जुलाई 22 को प्रभारी मंत्री नरेंद्र कश्यप के सामने बात रखी। कहा कि पुलिस विभाग उनका सम्मान नहीं करता। प्रभारी मंत्री ने डीएम और उस समय नए आए एसपी अशोक मीणा की बैठक करवाई। इसी बीच 14 फरवरी 23 को उन्होंने ऐसा आदेश जारी कर दिया जो सोशल मीडिया पर तुगलकी फरमान कहा गया। आदेश वायरल होने के बाद डीएम को बैकफुट में आना पड़ा था। शनिवार को उमेश प्रताप सिंह का तबादला आदेश जिले में पहुंचा तो कई अधिकारियों-कर्मचारियों ने इसपर खुशी जताई।

## बेटे और बहू पर मारपीट का आरोप

**जलालाबाद, अमृत विचार:** क्षेत्र के गांव रौली-बौरी, धिंयरपुरा निवासी सरला देवी (80) ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका पुत्र व उसके परिवार के सदस्य आए दिन उससे मारपीट और गाली-गलौज करते हैं। उसे घर में रहने नहीं देते हैं। पीड़िता ने बताया कि उसके पति की मौत हो चुकी है।

वह इस उम्र में कहां जाए। पीड़िता ने बताया कि वह अपने बड़े पोते के साथ रहती है उसका ही बेटा व बहू घर से निकालने और मार डालने की धमकी देते रहते हैं।

# कठिना नदी में डूबकर गई युवक की जान

## शनिवार दिन में 12 बजे छोटे भाई के साथ नहाने गया था जादौपुर कलां का बलीशेर

- परिजनों ने पुलिस की मदद से शव निकाला, घर में मचा कोहराम

संवाददाता, खुटार

**अमृत विचार :** जादौपुर-केशरपुर के बीच निकली कठिना नदी में स्नान करने गए युवक की डूबकर मौत हो गई। पुल पर खड़े युवक के छोटे भाई ने घर पहुंच कर परिवार वालों को घटना की जानकारी दी। जिससे घर में कोहराम मच गया। पुलिस ने परिजनों के साथ नदी से युवक को बाहर निकाला। डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया और शव घर लेकर चले गए।


मृतक बलीशेर।

क्षेत्र के गांव जादौपुर कलां निवासी नवीशेर का बड़ा पुत्र बलीशेर (22) शनिवार को अपने छोटे भाई दिलशेर(5) के साथ गांव के पास से निकली कठिना नदी में स्नान करने गया था। नदी में तेज बहाव चल रहा है। बलीशेर ने जादौपुर से केशरपुर के बीच स्थित पुल से नदी में छलांग लगाई। स्नान के दौरान बलीशेर का पैर फिसल गया और गहरे पानी में चला गया। डूबने के वक्त बलीशेर ने अपने छोटे भाई दिलशेर को आवाज दी, लेकिन वह उसे बचा न सका। इसके बाद घर दौड़ता हुआ पहुंच गया और परिजनों को जानकारी दी। परिजनों ने 112 डायल पुलिस के साथ नदी में घुसकर बलीशेर को बाहर निकाला। इसके बाद खुटार सीएचसी लेकर आए। जहां डॉक्टर ने बलीशेर को मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद थानाध्यक्ष संजय कुमार पुलिस टीम के साथ अस्पताल पहुंच गए और परिजनों से पूछताछ की। उधर, परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से साफ इंकार कर दिया। मृतक की मां कुलशुम, पिता नबीशेर, भाई दिलशेर, बहन महरून जहां, गुलनाज, नूरजहां, लाइवा, सिवा और रुबीना का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि हादसे की सूचना के बाद वह सीएचसी गए थे।परिजनों ने नदी में नहाते समय बलीशेर की डूबकर मौत की बात बताई है और पोस्टमार्टम से इंकार कर दिया है। इस संबंध में खुटार सीएचसी प्रभारी डॉ. संजीव कुमार ने बताया कि परिजन अपने साथ एक युवक को अस्पताल लेकर आए थे। जो उसके डूबने की बात बता रहे थे। लेकिन अस्पताल लाने से पूर्व उसकी मौत हो चुकी थी। परिजन शव लेकर घर चले गए।


रोते बिलखते मृतक के परिजन। ● अमृत विचार

### वृद्धा नदी में गिरी, नहीं लगा सुराग

**खुदागंज।** क्षेत्र के गांव गैली निवासी प्रेम देवी( 70 ) कई दिनों से बीमार चल रही थीं। वह शनिवार दोपहर दवा लेने अपने पति श्याम बिहारी के साथ खुदागंज जा रही थी। रास्ते में कुचई घाट गर्रा नदी के पुल पर अचानक पैर फिसल जाने से वह गर्रा नदी की तेज धार में बह गई। उन्हें काफी तलाश किया गया लेकिन उनका कोई पता नहीं लगा।

### दूसरे दिन मिला नहर में डूबे व्यक्ति का शव

**मदनापुर, अमृत विचार :** नहर में एक व्यक्ति मछली पकड़ने के लिए गया था। मछली पकड़ते समय व्यक्ति नदी में डूब गया। उसका शव दूसरे दिन नहर में उतराता हुआ मिला। थाना क्षेत्र के गांव रहदेवा निवासी रामकृष्ण( 40 ) अपने साथियों के साथ शुक्रवार की शाम गांव के बाहर शारदा नहर में मछली पकड़ने के लिए गया था। मछली पकड़ते समय वह नहर में डूब गया था। परिवार वालों ने गोताखोरों से देर रात तक उसकी तलाश कराई लेकिन वह नहीं मिला। शनिवार को बरेली से एसडीआरएफ आई और तलाश करती रही। परिवार वाले शाम पांच बजे नहर के किनारे तलाश करते हुए जा रहे थे। रामकृष्ण का शव नहर में उतराता हुआ मिला। एसओ अमित सिंह पहुंचे और शव को नहर से बाहर निकलवाया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक रामकृष्ण की पत्नी का नाम परमावती है और चार बेटियां है। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया।

## कार बिक्री के नाम पर महिला से 2.75 लाख की ठगी

**खुटार, अमृत विचार :** एक जालसाज ने कार बिक्री के नाम पर महिला से 2.75 लाख रुपये ठग लिए। अब कार मिल रही है और न ही रुपये वापस मिल रहे हैं। पीड़िता ने मामले की पुलिस से शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की है।

लखीमपुर खीरी के कस्बा मैलानी के मोहल्ला जलाल कोठी वार्ड नंबर चार के रहने वाले सतेंद्र सिंह की पत्नी हरजिंदर कौर ने पुलिस को बताया कि खुटार क्षेत्र के एक गांव निवासी एक व्यक्ति भारतीय सेना में है। आरोप है कि उसने उसके बेटे को सेना में भर्ती कराने की बात कही। जिससे वह उक्त के झांसे में आ गई। आरोपी ने कहा कि उसकी एक कार है। सेना में रहने से कार चला नहीं पाता है और हरजिंदर से खरीदने के लिए कहा। पीड़िता ने आरोपी के बैंक खाते में 2.75 लाख रुपये डलवा दिए। इसकी स्टेटमेंट कॉपी भी है। इसके बाद भी उक्त ने कार को उसकी सुपुर्दगी में नहीं दिया। आए दिन टालमटोल करता आ रहा है। साथ ही फोन रिसीव नहीं करता है। पीड़ित ने इसकी शिकायत आरोपी के परिजनों से की और आरोपी से संपर्क किया, तो गाली गलौज करने लगा और आइंदा घर आने पर जान से मारने की धमकी दी है।

# माफियाओं पर कसा जाएगा शिकंजा

- नवागत डीएम धर्मेंद्र प्रताप ने संभाला कार्यभार
- अधिकारियों के साथ बैठक कर दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** जिले के नवागत डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने शनिवार को ट्रेजरी पहुंच कर चार्ज संभाल लिया। उन्होंने कहा कि किसी भी पीड़ित को न्याय के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचेगा। शासन की मंशा के अनुसार माफियाओं पर शिकंजा कसा जाएगा। डीएम ने कहा कि रियल टाइम खतौनी में अंश निर्धारण के दौरान हुई गड़बड़ियों को ठीक कराया जाएगा।


नवागत डीएम।

पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि उनका फोकस शिक्षा, स्वास्थ्य पर विशेष रहेगा। शहर का सौंदर्यीकरण व साफ- सफाई बेहतर रहे इसके लिए कदम उठाए जाएंगे। वह नगर विकास विभाग से आए हैं इसलिए नगर निगम, नगर पालिकाओं, नगर पंचायतों आदि पर विशेष ध्यान रहेगा। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी डॉ. अपराजिता सिंह, नगर आयुक्त डॉ. विपिन कुमार मिश्र, अपर जिलाधिकारी प्रशासन संजय कुमार पांडेय, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व डॉ. सुरेश कुमार, अपर जिलाधिकारी न्यायिक राशिद अली, नगर मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

**2013 बैच के आईएएस अधिकारी हैं नए डीएम :** उन्होंने बताया कि वह देवरिया के निवासी व 2013 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। पूर्व में उप्र शासन में विशेष सचिव नगर विकास, नई दिल्ली में नगर निकाय के निदेशक जैसे पदों पर सेवा दे चुके हैं। गाजियाबाद, प्रयागराज सहित दस से ज्यादा जिलों में उनकी तैनाती रही है।

## कानून से खिलवाड़ करने वालों की जगह जेल

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** नवागत पुलिस अधीक्षक राजेश एस ने पदभार ग्रहण करने के बाद कहा कि कानून से खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा और उनके लिए जेल है। महिला संबंधित मामलों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।


नवागत एसपी।

एसपी राजेश एस ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि कानून सबके लिए एक है। महिला संबंधी अपराध पर लगाम लगाने को महिला बीट प्रणाली व महिला सुरक्षा दल को सुदृढ़ किया जाएगा। अपराध एवं अपराधियों पर लगाम लगाना प्राथमिकता रहेगी। कहा कि कार्यालय में सुबह दस बजे से दो बजे तक बैठकर फरियादियों की शिकायतों को सुनकर निस्तारण किया जाएगा। सरकार की मंशा और पुलिस महानिदेशक के निर्देश पर पुलिसिया व्यवस्था चुस्त दुरुस्त कर मीडिया और आम जनमानस के साथ मिलकर जिले को बेहतर बनाने की कोशिश करेंगे। पुलिस अधिकारी कॉल जरूर उठाएंगे। शनिवार को जिले पहुंचने पर उन्होंने पुलिस लाइन का निरीक्षण किया। इस दौरान एएसपी सिटी संजय कुमार, सीओ यातायात ज्योति यादव, प्रतिसार निरीक्षक संतोष कुमार सिंह मौजूद रहे।

### पांच माह मुख्यमंत्री की सुरक्षा में रहे

एसपी राजेश एस 2011 बैच के है, वर्तमान में झांसी से स्थानांतरित होकर आए है। 2013 में आगरा में ट्रेनिंग की थी। कानपुर में एसपी के पद, पीएसी में अलीगढ़ एक साल रहे, मुख्यमंत्री की सुरक्षा में पांच माह रहे और भदोही में एक साल एसपी के पद पर रहे।

# चोरों की निशानदेही पर ढाई लाख कीमत का तार बरामद

- पुलिस ने पकड़े गए लोगों पर विधिक कार्रवाई कर भेजा जेल
- सात सितंबर को आरोपियों ने चुरा लिया था तार से भरा ड्रम

संवाददाता, खुटार

**अमृत विचार :** बिजली तार चोरी के चार शातिर अपराधियों से ढाई लाख की कीमत का करीब चार क्विंटल (पांच बंडल) तार बरामद किया है। विधिक कार्रवाई के बाद शनिवार को जेल भेजा गया।

कस्बा पुवायां के मोहल्ला आजाद नगर निवासी अचल वर्मा ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया था कि उनके ताऊ के बेटे शिवम की शिवम कॉरपोरेशन नाम की फर्म है। जिसका अथॉरिटी लेटर उनके पास है। इस फर्म से खुटार के मोहनपुर गांव से पुनौती खुर्द तक बिजली की तार की लाइन बिछाने का कार्य किया जा रहा है। करीब 20 दिन पूर्व लाइन बिछाने के लिए साढ़े सात किलोमीटर लंबे तार का एक ड्रम उन्हें यूनिवर्सल कंपनी से मिला था। जिसे मैनिया गांव में रिंकू किराना स्टोर के सामने रखवा दिया था। सात सितंबर को उस तार के ड्रम को कस्बा पुवायां के मोहल्ला मस्करा मिशन निवासी आशीष मिश्रा, आजादनगर निवासी आनंद, गांव बिलसडी बुजुर्ग निवासी रोहित व कैहमारा निवासी रामजीत अपने कुछ अन्य साथियों के साथ मिलकर चोरी कर ले गए थे। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने के बाद आरोपियों को पकड़ लिया था।


पुलिस की गिरफ्त में आरोपी और बरामद बिजली का तार। ● अमृत विचार

### तार लगाने का करते थे काम, काफी दिन बंद रहा काम तो मन में आ गया लालच

आरोपियों ने बताया कि वह तार लगाने की मजदूरी करते है। कुछ दिन पूर्व आरोपी आनंद ने पीड़ित अचल ने ही तार का बंडल कंपनी से खरीदकर गांव मैनिया में रिंकू की दुकान के सामने रखवाया था। काफी दिनों तक काम बंद रहा तो मन में लालच आ गया और अपने साथी रोहित, आशीष, रामजीत के साथ मिलकर तार चोरी करने की योजना बनाई। सात सितंबर को करीब एक बजे पिकअप गाड़ी किराए पर करके ले गए और तार को चोरी कर दियूरिया झदिया जंगल में छिपाकर रख दिया था। तार को पांच बंडलों में बना लिया और बेचने की फिराक में थे। लेकिन उसे व उसके साथियों को पुलिस ने पकड़ लिया। शनिवार को पुलिस ने कार्रवाई कर आरोपियों को कोर्ट में पेश किया। जहां से जेल भेज दिया गया है।

## सरकारी कार्य में बाधा डालने की रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** हापुड़ जिले के गांव श्यामपुर निवासी प्रदीप कुमार ने बताया कि वह रोजा क्षेत्र के तहसील सदर में लेखपाल है। उसका क्षेत्र रोजा थाना क्षेत्र सिमरई आदि गांव लगता है। आरोप है कि सिमरई गांव के जसवीर सिंह ने चारागाह की जमीन पर अवैध रूप से कब्जा कर रखा है और धान की फसल बो रखी है।

उप जिलाधिकारी ने आदेश दिया था कि चारागाह की जमीन को फसल को नष्ट करके कब्जा मुक्त किया जाए। वह जमीन को कब्जा मुक्त कराने के लिए 10 सितंबर को गए। ट्रैक्टर से धान की फसल को नष्ट करा रहे थे। आरोपी जसवीर सिंह व पलविंदर सिंह आए और विरोध करते हुए सरकारी कार्य में बाधा डाली। रोजा प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि सरकारी कार्य में बाधा डालने पर दोनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

# घर का ताला तोड़कर नगदी सहित लाखों के जेवर चोरी

- गांव सिल्हुआ में शुक्रवार रात चोरों ने दिया वारदात को अंजाम
- पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने की जांच पड़ताल, रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, खुटार

**अमृत विचार :** गांव सिल्हुआ में शुक्रवार रात को घर का ताला तोड़कर चोरों ने जेवरात, नगदी सहित करीब साढ़े तीन लाख रुपये पर साफ कर दिया। वारदात के बाद पहुंची पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने जांच पड़ताल की है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस टीम चोरों की तलाश में जुटी हुई है।

क्षेत्र के गांव सिल्हुआ निवासी प्रमोद दीक्षित ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसके भाई स्व. मनोज दीक्षित की वर्ष 2018 में मौत हो गई थी। उनका एक पक्का मकान गांव के बाहर बना है और परिवार उसी मकान में रहता था। प्रमोद ने बताया कि उनके भाई के पुत्र शांतनु के बीमार होने के चलते परिवार के सभी सदस्य शुक्रवार शाम को पुराने पैतृक मकान में रहने आ गए थे। जबकि उनकी पत्नी अर्चना देवी मकान में ताला लगाकर घर आ गई थीं। शुक्रवार रात किसी समय चोर मकान के मेन गेट का ताला तोड़कर अंदर दाखिल हो गए और जाली के गेट को ग्रिल मशीन से काट दिया।


चोरी के बाद बिखरा पड़ा सामान। ● अमृत विचार


परिजनों से घटना की जानकारी लेते दरोगा मनोज कुमार।

> पीड़ित की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी। जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।
> – संजय कुमार, थानाध्यक्ष खुटार

कमरे का ताला तोड़कर चोरों ने अलमारी का लॉक तोड़ सोने का एक लॉकेट, 12 चांदी के सिक्के, अंगूठी, एक जोड़ी टप्स, सोने का ओम, तीन चांदी की प्लेट, दो जोड़ी पायल, एक बटुआ, 11 फूल की थाली, 11 बेल फूल, एक जोड़ी कड़ुआ, दो सोने की बाली, सात जोड़ी सोने के जौ, 50 हजार रुपये की नगदी सहित साढ़े तीन लाख का सामान चोरी कर ले गए। शनिवार सुबह भाई के बच्चे घर पहुंचे तो ताले टूटे मिले और सारा सामान बिखरा पड़ा था। थानाध्यक्ष संजय कुमार पुलिस फोर्स के साथ पहुंचे और परिजनों से पूछताछ की। इसके बाद फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए। पीड़ित प्रमोद दीक्षित ने पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### भतीजी की रोक और शादी के लिए एकत्र कर रहे सामान

प्रमोद की भतीजी की रोक अक्टूबर और शादी नवंबर में होनी है। इसके लिए घर में तैयारियां चल रही थी। घर में कुछ कीमती सामान और जेवरात रखे थे लेकिन शुक्रवार रात को घर में किसी के न होने का फायदा उठाकर चोरों ने सारा सामान, नगदी चोरी कर ली है।

### तीन दिन पूर्व ढकना में दिखे थे चोर

पूरनपुर मार्ग पर स्थित गांव ढकना लहिया में करीब तीन दिन पूर्व स्कूल की तरफ चोरों को देखा गया था लेकिन लोगों के शोर मचाने पर भाग गए थे। इसके बाद पुलिस को सूचना दी थी। पुलिस ने लोगों से पूछताछ के बाद गश्त तेज कर दी थी। फिर भी गांव सिल्हुआ में चोरों ने साढ़े तीन लाख की चोरी कर ले गए।

जगी उम्मीद

## कोलाघाट पर पहले दिन चली लोड टेस्टिंग की तैयारी

# एक पिलर पर 24 घंटे के लिए खड़े किए जाएंगे दो लोडेड ट्रक

संवाददाता, मिर्जापुर

**अमृत विचार :** रामगंगा व बहगुल नदी पर बने कोलाघाट पुल के लोड टेस्ट की प्रक्रिया शनिवार से शुरू कर दी गई। पहले दिन लोड टेस्ट की तैयारियां चलती रही। आवागमन बंद रहने से पूरे दिन राहगीर परेशान रहे।

शनिवार सुबह करीब आठ बजे से कोलाघाट पुल से पैदल व दोपहिया वाहनों का आवागमन बंद करा दिया गया। एसकाम बिल्ड कॉम कंपनी के कर्मचारी 10 बजे से पहले ही लोड टेस्ट की तैयारियों में जुट गए। वहीं जलालाबाद की तरफ जाने वाले व उधर से आने वाले राहगीरों की काफी भीड़ लगी रही। दोनों तरफ से पुलिस बैरीकेडिंग लगाकर लोगों को रोकती रही। शनिवार को लोड टेस्ट के लिए जलालाबाद की तरफ से पांच बजरी भरे ट्रकों को पुल की तरफ लाया गया। पुल के अंदर लाने के लिए पुल पर लगी दीवार को हटा दिया गया है। वहीं ट्रकों को अंदर लेने के बाद जलालाबाद की तरफ पुल से पहले सड़क पर अवरोधक रख दिए गए। मौके पर मौजूद कोलाघाट संघर्ष मोर्चा के रामकुमार राठौर ने बताया कि इंजीनियरों द्वारा बताया गया है कि लोड टेस्ट के दौरान एक पिलर पर दो लोडेड ट्रक 24 घंटे के लिए खड़े किए जाएंगे। पुल की लंबाई अधिक होने के कारण इसकी जांच में समय लगेगा। कोलाघाट पुल बंद होने से क्षेत्रवासियों के आवागमन की समस्या को देखते हुए ब्लॉक प्रमुख प्रियांशु रघुवंशी ने एआरएम को पत्र सौंपकर जिला मुख्यालय से कलान तक दो बसें संचालित कराने की मांग की है। प्रियांशु ने बताया कि एआरएम द्वारा बसें संचालित करने का आश्वासन दिया है।


हटाई गई पुल के आगे लगी दीवार। ● अमृत विचार


पुल के पास खड़े बजरी भरे ट्रक। ● अमृत विचार

### राजेपुर फर्रुखाबाद होकर निकले लोग

पुल पर आवागमन बंद हो जाने से मिर्जापुर, कलान, बाराकला, विक्रमपुर, जरियनपुर, परौर, कौमी, ढाई, बानगांव, कीलापुर आदि गांवों के लोगों को परेशानी हो गई है। वहीं पुल से होकर गुजरने वाले लोगों को जिला मुख्यालय जाने के लिए राजेपुर फर्रुखाबाद होते हुए अल्हागंज में रामगंगा पुल पार करके जलालाबाद और फिर शाहजहांपुर आना पड़ा और इसी रास्ते से लौटना पड़ा। इसके लिए 70 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ी। अभी पुल पर आवागमन नौ दिन और बंद रहेगा।

# खेत पर करंट से किसान की मौत

- तार टूटकर फसल को बचाने के लिए लगाए कंटीले तार पर गिरा
- करंट दौड़ रहे तार से छू गया था घास काट रहे कालीचरण का हाथ

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** खेत पर काम कर रहे किसान की करंट से मौत हो गई। उसने खेत पर जानवरों से फसल को बचाने के लिए कंटीले तार लगा रखे थे। तेज हवा के कारण हाईटेंशन लाइन का तार टूटकर कंटीले तार पर गिर गया था, जिससे कटीले तार में करंट आ गया था। अधिकारियों को फोन करके लाइन बंद करवाई गई।

कलान क्षेत्र के गांव गुल्लाह निवासी कालीचरण( 28 ) ने जानवरों से बचाने के लिए खेत पर लोहे के कंटीले तार चारों तरफ लगा रखे थे। शुक्रवार की शाम पांच बजे वह खेत पर घास काटने के लिए गया। उसे नहीं पता था कि बिजली का तार टूटकर कटीले तारों पर गिरा है। घास काटते समय उसका हाथ बिजली के तारों पर पड़ गया और करंट लगने से मौत हो गयी। खेत पर काम कर रहे लोगों ने देखा कि कालीचरण मृत अवस्था में पड़ा है। एक स्थान पर बिजली का तार टूटकर कटीले तार पर पड़ा है। सूचना पर राम विलास परिवार वालों के साथ खेत पर गए और देखा कि उनका बेटा मृत अवस्था में पड़ा था। परिवार वालों ने थाना पर सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस बिजली विभाग के अधिकारियों को फोन करके बिजली की लाइन कटवायी। टूटे पड़े बिजली के तार को अलग किया। परिजनों ने बताया कि शुक्रवार की दोपहर बाद तेज हवा के कारण बिजली का तार टूटकर कंटीले तार पर गिर गया होगा। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक कालीचरण अविवाहित था और दो भाइयों में बड़ा था। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया।


पोस्टमार्टम हाउस पर गुमसुम बैठे मृतक के परिजन। ● अमृत विचार

## गर्रा, खन्नौत और रामगंगा में जलस्तर बढ़ा

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** पहाडों पर हो रही बारिश से मैदानी इलाकों में जनजीवन अस्त व्यस्त होने लगा है। साथ ही जनपद की नदियों का जलस्तर बढ़ने से एक बार फिर से लोगों को बाढ़ का खतरा सताने लगा है। लोग बढ़ रहे जलस्तर की रिपोर्ट पर नजर बनाए हुए हैं। शनिवार को अधिशासी अभियंता शारदा नहर खंड के बाढ़ नियंत्रण कक्ष की ओर से नदियों के बढ़ते हुए जलस्तर की रिपोर्ट जारी की गई है। इसमें रामगंगा चौबारी घाट का जलस्तर प्लस 0 .900 सेंटीमीटर, रामगंगा डबरी घाट जलस्तर प्लस 0 .10 सेमी बढ़ा, गर्रा नदी अजीजगंज पुल का जलस्तर प्लस 1 .50 व खन्नौत नदी लोदीपुर पुल का जलस्तर प्लस 0 .65 सेमी बढ़ा हुआ दर्ज किया गया है। गंगा नदी भैसार तटबंध जलस्तर स्थिर बना हुआ है। गंगा नदी में नरौरा बैराज से 92759 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। रामगंगा नदी में विभिन्न बांधों से 120527 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। दियूनी बांध से गर्रा नदी में 56000 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

चरक पैथलैब
विश्वसनीय परिणाम
FullBody BLOOD TEST PACKAGE
CBC+KFT+LFT+TFT+LIPID+SUGAR
जांचों पर विशेष छूट
1499/- ONLY 799/-
चाट बाजार रोड, 39-बी, एकता नगर, बरेली
मो. 9410200042, 9410200047 समय प्रातः 8 से रात 9 बजे तक
घर से सैम्पल लेने की सुविधा उपलब्ध E-mail: pathlab.charak@gmail.com

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें
60000 से अधिक आँखों के आपरेशन का अनुभव
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा उपलब्ध
आयुष्मान कार्ड द्वारा निःशुल्क सर्जरी की सुविधा उपलब्ध है।
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
आ.सी.टी.मशीन से रेटीना एवं ग्लोकोमा की जाँच उपलब्ध
8077344353
समय प्रातः 10 से 4 बजे तक एवं सायं 6 से 8 बजे तक
डॉ. आदित्य त्यागी
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाई पास, बरेली

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड़, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये निःशुल्क सम्पर्क करें।
आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षो का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

प्राइम हॉस्पिटल एण्ड ट्रामा सेन्टर
नरियावल बाजार के सामने, बिथरीचैनपुर रोड, नरियावल, बरेली
• मेडिसिन विभाग • सर्जरी विभाग • स्त्री एवं प्रसूति विभाग
• मानसिक रोग विभाग • हड्डी रोग विभाग
• न्यूरो विभाग • बाल रोग विभाग
24 घण्टे इमरजेन्सी सुविधा उपलब्ध 7302532226, 9758044442
डॉ. मिनहाज अली खान एम.डी.

डॉ. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड, बरेली।
सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
• प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) • गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) • गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSL) • पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
आयुष्मान योजना अन्तर्गत स्वास्थ्य लाभ मुफ्त
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर
स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री मोतियाबिन्द व नाखूना के ऑपरेशन
TPA कैशलेस की सुविधा,
ECHS द्वारा मोतियाबिन्द की सुविधा
नेत्र सर्जन
डॉ. आफताब आलम
एम.बी.बी.एस., डी.ओ.एम.एस. (ए.एम.यू.)
रोहिलखंड रत्न व अचीवर अवार्ड से सम्मानित
मोतियाबिन्द के ऑपरेशन की शुरूआत मात्र 2000/- रु. से
मिलने का समय-प्रातः 10 से 3 बजे तक, शाम : 6 से 8 बजे तक
डॉ. आफताब आई केयर मो. 9758934778
ताजुश्शरिया हॉस्पिटल के सामने, जगतपुर रोड, निकट बीसलपुर चौराहा, बरेली

# राष्ट्र और समाज के प्रति आजीवन समर्पित रहे राजाराम मिश्र


## पूर्व राज्यपाल कलराज मिश्र और वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने किया ब्राह्मण समाज के संस्थापक की प्रतिमा का अनावरण

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- जनप्रतिनिधियों ने वरिष्ठ अधिवक्ता के व्यक्तित्व और कृतित्व को किया याद
- 51 किलो का फूलों का हार और चांदी का मुकुट पहनाकर किया गया अतिथियों का अभिनंदन

**अमृत विचार :** ब्राह्मण समाज के संस्थापक वरिष्ठ अधिवक्ता पंडित राजाराम मिश्र की प्रतिमा की स्थापना संस्कृत केंद्र परशुराम धाम परिसर में की गई। शनिवार को उनकी प्रतिमा का अनावरण राजस्थान व हिमाचल प्रदेश के पूर्व राज्यपाल कलराज मिश्र और वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने किया गया।

अतिथि द्वय ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच ब्राह्मण समाज के संस्थापक राजाराम मिश्रा की प्रतिमा का अनावरण किया। इससे पहले उन्होंने भगवान परशुराम के दर्शन कर पूजा अर्चना की। इसके बाद मुख्य कार्यक्रम अटल ऑडीटोरियम में किया गया, जहां भाजपा के दोनों दिग्गज नेताओं का स्वागत ब्राह्मण समाज के पदाधिकारियों द्वारा 51 किलो की फूल माला पहनाकर किया गया। ब्राह्मण समाज के संरक्षक केशव चंद्र मिश्र, डॉ. सत्य प्रकाश मिश्र, प्रदेश अध्यक्ष डॉ. विजय पाठक और डॉ. केके शुक्ल ने अतिथियों को अंगवस्त्र ओढ़ाकर और स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि को चांदी का



पंडित राजाराम मिश्र की प्रतिमा का अनावरण करते पूर्व राज्यपाल कलराज मिश्र, साथ में वित्तमंत्री सुरेश कुमार खन्ना व अन्य। • अमृत विचार

मुकुट पहनाकर भी सम्मानित किया गया। सभा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पूर्व राज्यपाल कलराज मिश्र ने पंडित राजाराम मिश्र से उनके पारिवारिक संबध रहे, उनके साथ वह जेल में भी रहे। पंडित जी का चिंतन सामाजिक सद्भाव से पूर्ण तथा राष्ट्रीय भावना से पुष्ट था। उन्होंने जहां एक ओर अधिवक्ता के रूप में जन सामान्य को सुलभ और सुगम न्याय का मार्ग दिया, वहीं समाजसेवा के साथ राजनीति में भी अपनी छाप छोड़ी। कैबिनेट मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि पंडित जी का जीवन, सेवा-समर्पण का पर्याय रहा है। वह उनके आजीवन ऋणी रहेंगे। इस अवसर पर डॉ. सत्य प्रकाश मिश्र, आरएसएस के महानगर संघ चालक रमेश सक्सेना आदि ने भी पंडित राजाराम मिश्र के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालकर श्रद्धासुमन अर्पित किए। उनके अधिवक्ता पुत्र रवि मिश्रा ने आभार व्यक्त किया।



अटल ऑडीटोरिम में श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते पूर्व राज्यपाल कलराज मिश्र। मंच पर कैबिनेट मंत्री के साथ अन्य विशिष्टजन।

### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

कवि डॉ. इंदु अजनबी के संचालन में चले कार्यक्रम में मुख्य रूप से ब्राह्मण समाज के जिला अध्यक्ष डॉ. संजय पाठक, राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार, महापौर अर्चना वर्मा, तिलहर विधायक सलोना कुशवाहा, ददरौल विधायक अरविंद सिंह, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष डीपीएस राठौर, सुरेंद्र वाल्मीकि, राजेश वर्मा, पूर्व बार अध्यक्ष बांके बिहारी मिश्र, जसविंदर सिंह बजाज और संजीव अग्निहोत्री, विभाग कार्यवाह अनिल सिंह, प्रमोद प्रमिल, राम कुमार, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष वीरेंद्र पाल यादव, विनोद अग्रवाल, अरुण खंडेलवाल, श्रीदत्त शुक्ल, विनोद अवस्थी, रजनीश दीक्षित, राकेश कुमार पांडेय, सुमित चतुर्वेदी, ज्ञानेश बाजपेई, राज कमल बाजपेई, अभिनव तिवारी, मंजीत, अशोक मिश्र, नवनीत त्रिपाठी, डॉ. सोम शेखर दीक्षित, पीएन अवस्थी, अवधेश दीक्षित, विजय गौड़, हरीशरण बाजपेई, आलोक मिश्र, आरेंद्र मिश्र, उमेश पांडेय, डॉ. संजय अवस्थी, पूर्व बार अध्यक्ष संजीव अग्निहोत्री, डॉ. प्रभात शुक्ल, नमित दीक्षित, प्रदीप पांडेय समेत पंडित राजाराम मिश्र के परिजन और बड़ी संख्या में विशिष्टजन मौजूद रहे।

# हवन-पूजन व भंडारे के साथ गणपति उत्सव का समापन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** महाराष्ट्र मराठा मंडल के तत्वावधान में मनाए जा रहे श्री गणेश महोत्सव शनिवार को सुबह हवन पूजन किया गया। इसके बाद कन्या भोज के साथ हुए भंडारे में सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

लाला रामचरन लाल धर्मशाला में मनाए जा रहे शाहजहांपुर के महाराजा के नौ दिवसीय गणेश महोत्सव के समापन पर महाराष्ट्र मराठा मंडल के सदस्यों के साथ स्थानीय लोगों और व्यवस्थापकों ने हवन किया और भगवान श्री गणेश के जयकारों के साथ आरती की। इसके उपरांत कन्याओं को भोजन ग्रहण कराया गया। भंडारा में बड़ी संख्या में महिलाओं, पुरुषों और बच्चों ने प्रसाद ग्रहण किया। संयोजक नीरज वाजपेयी ने बताया कि भगवान श्री गणेश की विसर्जन शोभा यात्रा रविवार को शाम चार बजे निकाली जाएगी। शोभायात्रा राम चरन लाल धर्मशाला से प्रारंभ होकर सदर बाजार, बहादुरगंज, घंटाघर, चौक कोतवाली, चारखंभा होते हुए गर्रा घाट पहुंचेगी, जहां महाआरती के बाद विधि-विधान से गणपति बप्पा का विसर्जन किया जाएगा। हवन पूजन और भंडारा में अर्जुन सूर्यवंशी, सुदामा शिंदे, अनिल कदम, नंदा सूर्यवंशी, वंदना कदम, हर्षित गुप्ता, आकांक्षा गुप्ता, आशीष, अक्षय कदम, योगेश कदम, रजत, सुदामा शिंदे, सुनैना, साधना आदि का सहयोग रहा।



भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते बड़ी संख्या में लोग। • अमृत विचार

### हरदेव राजा की हुई पूजा अर्चना

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** नदी से जल भरकर मोहल्ला मक्कू बजरिया में दुर्गा मंदिर पर चढ़ाकर भक्तों ने नौ दिन तक हरदेव राजा की पूजा कार्यक्रम का आनंद लिया। लगभग तीन किलोमीटर की दूरी तय करके नंगे पांव सभी भक्तों ने लौटा में जल लाकर देवी मां के स्थान पर चढ़ा अभिषेक किया। शुक्रवार शाम को हरदेव राजा के पूजन का कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस दौरान सदर बाजार पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था चौकस रही।

### कामेश्वर नाथ धाम मंदिर में मनाया गया गणेश उत्सव

**पुवायां।** सराफा मार्केट चौराहा बाजार स्थित कामेश्वर नाथ धाम मंदिर प्रांगण में भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित की गई, जिसका विधि विधान से पंडित मुरारी लाल ने पूजन किया और गणपति बप्पा मोरया व भगवान गणेश के जयकारों के बीच सुबह और शाम आरती उतारी गई। मनमोहक झांकियों के बाद भजन कीर्तन व सुंदरकांड का पाठ भी किया गया। शनिवार की सुबह भगवान गणेश की प्रतिमा विसर्जन की शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा बैंड-बाजा और ढोल नगाड़ों के साथ देवस्थान मंदिर, मोहल्ला गढ़ी, छावनी होते हुए पन्नघाट तक पहुंची। विसर्जन के पश्चात वहां भंडारे का आयोजन किया गया। जहां सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भोजन भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर गणेश सेवा समिति के तमाम पदाधिकारी एवं भक्त मौजूद रहे।

### धूमधाम से निकाली गई गणपति विसर्जन यात्रा

**जलालाबाद, अमृत विचार :** तहसील रोड पर बैंक ऑफ बड़ौदा के सामने गली में और खंडहर रोड दक्ष कंप्यूटर वाली गली, याकूबपुर तिराहे पर स्थित श्री कृष्ण हॉस्पिटल में विराजे गजानन का सातवें दिन विसर्जन, शोभायात्रा निकाल कर धूमधाम से किया गया। शुक्रवार रात राधा कृष्ण की झांकी ने भक्तों का मन मोह लिया। पूरा पंडाल गणपति बप्पा मोरिया के जयकारों से गुंजायमान रहा। शनिवार को आरती के बाद विसर्जन के लिए शोभा यात्रा निकाली गई। जिसमें नगर के तमाम लोगों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। तत्पश्चात गंगा तट पर गणेश मूर्ति का विसर्जन कर दिया गया। कार्यक्रम में शानू गुप्ता, किशन गोस्वामी, अंकित गुप्ता, पारस गुप्ता एड अर्पित भामाशाह, डॉ. आलोक चौहान, सौरभ कठेरिया, विकास शर्मा, सुशील शर्मा, राष्ट्रीय बजरंग दल जिला अध्यक्ष सुमित गुप्ता, प्रशांत राजपूत, प्रभात गुप्ता, रामजी गुप्ता आदि के साथ सैकड़ों भक्त गंगा तट पर विसर्जन तक मौजूद रहे।



# भारोत्तोलन में कौशल्या होली और प्रियांशी विजेता

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** माध्यमिक विद्यालयों की जिला स्तरीय भारोत्तोलन प्रतियोगिता का आयोजन शनिवार को किया गया। परमवीर चक्र नायक जदुनाथ सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम में हुए खेल में अंडर-17 और अंडर-19 वर्ग के छात्र खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया।

ग्लेरिंग पब्लिक स्कूल के संयोजन में हुई प्रतियोगिता में मेजबान कॉलेज के अतिरिक्त राजकीय इंटर कॉलेज, संजय सरस्वती विद्या मंदिर, जीपी इंटर कॉलेज कौसर कोठी के छात्र-छात्राएं शामिल हुए। अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी अजय पाल के मार्गदर्शन में चली बालिका वर्ग की प्रतियोगिता के विभिन्न भार वर्ग में कौशल्या देवी, होली वर्मा और प्रियांशी देवी ने प्रथम, नेहा देवी और अंशिका वर्मा ने द्वितीय स्थान पाया। बालक वर्ग में अवनीश कुमार को 49 किलोग्राम भार वर्ग व सुनील कुमार को 61 किलोग्राम भार वर्ग में विजेता घोषित किया गया। विजेता 18 सितंबर को पीलीभीत में होने वाली मंडलीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। कोच दीपक, अतुल सिंह, चंद्र प्रकाश शुक्ला, आलोक गौतम, राजेंद्र राठौर आदि का सहयोग रहा



भारोत्तोलन प्रतियोगिता में वजन उठातीं छात्रा।

- माध्यमिक स्कूलों की जिला स्तरीय प्रतियोगिता में अवनीश और सुनील विजेता घोषित
- 18 सितंबर को पीलीभीत में होने वाली मंडलीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे प्रतिभागी

### पुष्पेंद्र गुर्जर बने प्रमुख सलाहकार



**गढ़िया रंगीन, अमृत विचार :** करणी सेना युवा शक्ति के जिलाध्यक्ष राजेश शालू पाठक ने गढ़िया रंगीन निवासी पुष्पेंद्र गुर्जर को प्रमुख सलाहकार व अंशु गुप्ता को जिला कोषाध्यक्ष युवा शक्ति नियुक्त किया है। अंशु व पुष्पेंद्र ने बताया कि वह संगठन के प्रति पूरी निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करेंगे। उनके मनोनयन पर शालू पाठक, दीपक गुप्ता, सुमित गुप्ता, संजय गुर्जर, ओमवीर गुर्जर, रामशंकर गुर्जर, दुर्वेश कश्यप, मनोज गुप्ता आदि ने हर्ष व्यक्त कर बधाई दी है।

# श्री शंकर मुमुक्षु विद्यापीठ में छात्र परिषद का गठन



पद एवं गोपनीयता की शपथ लेते छात्र परिषद के पदाधिकारी। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- रोहन हेड बॉय और जाह्नवी बनी हेड गर्ल

**अमृत विचार :** श्री शंकर मुमुक्षु विद्यापीठ सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शनिवार को छात्र परिषद का गठन किया गया। इस दौरान रोहन सिंह को हेड बॉय, जाह्नवी सैनी को हेड गर्ल, श्लोक खन्ना को डिप्टी हेड बॉय और तीक्षिता श्रीवास्तव को डिप्टी हेड गर्ल चुना गया।

प्रधानाचार्या डॉ.. मेघना मेहंदीरत्ता के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में इनके अलावा समर सक्सेना को स्पोर्ट्स मिनिस्टर, यथार्थ मोहन को डिप्टी स्पोर्ट्स मिनिस्टर, नवदीप गुप्ता को डिसिप्लिन मिनिस्टर, मृदुल राज को डिप्टी डिसिप्लिन मिनिस्टर, तृषा गुप्ता को हेल्थ एंड हाइजीन मिनिस्टर, कृष्णा गंगवार को डिप्टी हेल्थ एंड हाइजीन मिनिस्टर, वर्णिका अग्रवाल को कल्चरल मिनिस्टर, यशी वाजपेई को डिप्टी कल्चरल मिनिस्टर, शोभित अरोड़ा को बिजनेस एंटरप्रेन्योरशिप मिनिस्टर और सिद्धि बाजपेई को डिप्टी बिजनेस एंटरप्रेन्योरशिप मिनिस्टर चुना गया। कार्यक्रम में कक्षा 12 व 11 के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। शिक्षक शिक्षिकाओं ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बैज प्रदान कर पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। प्रधानाचार्या ने छात्र परिषद के गठन का महत्व और उनकी जिम्मेदारियों से अवगत कराया। कार्यक्रम में विद्यालय स्टाफ का योगदान रहा।

## माफ़ी मांगने को बेइज्जती समझने लगा था दूसरा पक्ष, रंजिश में मारपीट

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** दबंगों ने पहले घर में घुसकर एक युवक पर हमला किया। जब युवक थाने में शिकायत करने आया तो मारपीट करने लगे। पुलिस ने दबंगों के चंगुल से युवक को छुड़ाया। पुलिस ने घायल युवक का मेडिकल कॉलेज में चिकित्सीय परीक्षण कराया। चौक कोतवाली के मोहल्ला मतानी निवासी ज्योति द्विवेदी ने बताया कि 9 सितंबर को मोहल्ले के दबंगों ने उसके बेटे के साथ मारपीट की थी। दूसरे पक्ष ने मांफी मांग समझौता कर लिया था। माफ़ी मांगने पर दूसरा पक्ष अपनी बेइज्जती समझने लगा और रंजिश मानने लगा था। शुक्रवार की रात नौ बजे दूसरे पक्ष के लोग लाठी-डंडे लेकर ज्योति के घर के दरवाजे पर पहुंच गए और गाली देने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने ज्योति को पीटकर घायल कर दिया। शोर सुनकर उसका पति अवनीश बचाने के लिए आया तो आरोपियों ने उसे भी पीटकर घायल कर दिया। पीड़ित परिवार के साथ रात में चौक कोतवाली पहुंची। दूसरे पक्ष के लोग भी थाने पर आ गए। आरोपी पीड़िता और उसके पति से मारपीट पर आमादा हो गए। इस बीच पुलिस ने बीच बचाव कराके दो आरोपियों को पकड़ लिया। प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर ने बताया तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।


# बारह रवीउल अव्वल नेमतों वाला दिन

संवाददाता, कांट

- पेश इमाम बोले- मनाएं खुशियां घरों में कराएं महफिले मिलाद
- जामा मस्जिद से सुबह आठ बजे रवाना होगा जुलूस-ए-मोहम्मदी

**अमृत विचार:** जामा मस्जिद कमेटी की ओर से जुलूस-ए-मोहम्मदी को लेकर जामा मस्जिद में शनिवार को बैठक की गई। जिसमें जामा मस्जिद के शाही इमाम मौलाना मोहम्मद रिजवान रजा ने बताया कि हर साल की तरह इस बार भी जुलूस-ए-मोहम्मदी 16 सितंबर को सुबह आठ बजे जामा मस्जिद से रवाना होगा।

पेश इमाम रिजवान रजा ने बताया कि बारह रवीउल अव्वल का दिन मुसलमानों के लिए नेमतों वाला दिन है। इस दिन खुशियां मना नए कपड़े पहने, नजरों न्याज करवाएं, घरों में महफिले मिलाद कराएं, दुकानों और घरों पर सब्ज सब्ज परचम लगाए और जुलूस में अपने साथ सब्ज परचम भी लाए। उन्होंने आगे बताया कि जुलूस-ए-मोहम्मदी अपने तयशुदा रास्तों से होता हुआ मोहल्ला सैय्यबाड़ा वाली मस्जिद में इज्तेमाई दुआ के साथ संपन्न होगा। जुलूस में डीजे न लाएं और ढोल धमाके वाली नाते न बजाएं। उन्होंने गुजारिश की कि लंगर को लोगों के हाथों में ही तकसीम करें। इस मौके पर जामा मस्जिद के मुताबल्ली शहजाद अहमद खां, मौलाना सुहेल, मौलाना बशीरुद्दीन, मौलाना नूर शाहिद रजा, हाफिज़ सरताज, हाफिज़ उबैस, हाफिज़ रेहान, इमरान खां, मौलाना इकबाल, हाफिज कामरान, हाफिज अलीनूर, हाफिज जमालुद्दीन, अब्दुल रशीद आदि लोग मौजूद रहे।



बैठक में मौजूद मुस्लिम समाज के लोग। • अमृत विचार

### जुलूस-ए-मोहम्मदी की तैयारियों को लेकर हुई बैठक

**तिलहर, अमृत विचार :** पैगम्बर इस्लाम मोहम्मद के जन्मदिन पर निकाले जाने वाले जुलूस-ए-मोहम्मदी की तैयारियों के सिलसिले में सज्जादानशीन के आवास पर शनिवार को रजाकारों की बैठक इकबाल हुसैन उर्फ फूल मियां की अध्यक्षता में हुई। शहर इमाम हाजी मोहम्मद स्वालेह उर्फ शददन मियां ने अपील करते हुए कहा कि जुलूस में डीजे का इस्तेमाल न करें। शहर काजी मोहम्मद अकरम सलीम ने कहा कि जुलूस-ए-मोहम्मदी में अदब का एहतराम करें और दरुद व सलाम पढ़ते रहें। जुलूस 16 को सुबह 8 बजे पारंपरिक तरीके से मोहल्ला कच्चा कटरा स्थित मदरसा शमशिया फैजान हातिम बड़ी मस्जिद के पीछे से शुरू होगा और मौजमपुर, मीरगंज, पक्का कटरा से चैहटियां बाजार कांकर, हिंदू पट्टी, जेरबरगद, भक्सी तेराहा होते हुए मदरसे पर समापन होगा। जिसके बाद सामूहिक दुआ होगी। बैठक में हाफिज गुलाम अहमद रजा, हाफिज उबैद रजा, हाफिज अकील, हाफिज जाहिद, हाफिज फहीम, हाफिज साजिद, हाफिज नसीम, हाफिज सोहेल, अमजदी, सैयद इफ्तिखार अली, रईस कुरैशी, शरीफ कुरैशी आदि मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 59624 वाद निस्तारित

## मामलों में वसूला गया 45031984 रुपये का जुर्माना

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में शनिवार को दीवानी न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत लगाई गई, जिसमें विभिन्न प्रकृति के कुल 59624 वादों का निस्तारण किया गया। साथ ही 45031984 रुपए का जुर्माना भी वसूल किया गया।

राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जनपद न्यायाधीश भानु देव शर्मा की अध्यक्षता में किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव पीयूष तिवारी ने बताया कि लोक अदालत में विभिन्न प्रकृति के कुल 59624 वादों का निस्तारण हुआ, जिसमें विभिन्न न्यायालयों में विचाराधीन कुल 33653 वादों व राजस्व न्यायालय द्वारा 22056 वादों का निस्तारण भी किया गया। ऑनलाइन चालान के 3140 मामलों भी निस्तारित किए गए। इनसे 1417500 रुपये शमन शुल्क वसूल किया गया। इसके अतिरिक्त विभिन्न बैकों के लोन रिकवरी के 770 प्री-लिटिगेशन वादों का निस्तारण कराते हुए कुल 64291000 धनराशि के ऋण खातों का समझौता कराया गया। बताया: लोक अदालत में 20 वर्ष से अधिक पुराने तीन और 30 वर्ष की अवधि से पुराना एक वाद का निस्तारण किया गया।



राष्ट्रीय लोक अदालत का फीता काटकर उद्घाटन करते जिला जज भानुदेव शर्मा।

- **मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने सर्वाधिक 17197 वादों का किया निस्तारण**

इस दौरान जनपद एवं सत्र न्यायाधीश भानु देव शर्मा ने एक, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के पीठासीन अधिकारी रूपेश रंजन ने 80 वादों का निस्तारण कर 361,58,000 की धनराशि प्रतिकर के रूप में दिलाए जाने का आदेश पारित किया। सुनील कुमार श्रीवास्तव ने 50 वैवाहिक वाद, नेहा आनंद ने बिजली के 215, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ज्योति अग्रवाल ने सर्वाधिक 17197 आपराधिक वादों का निस्तारण करते हुए 171400 की धनराशि बतौर जुर्माना वसूल किया। इसी तरह अन्य न्यायिक अधिकारियों ने सैकड़ों वादों का निस्तारण कर जुर्माना वसूला। इस अवसर पर चीफ एलएडीसीएस दिनेश कुमार मिश्रा ने उद्घाटन अवसर पर हिंदी भाषा की महत्ता पर काव्य पाठ किया। स्वामी शुकदेवानंद विधि महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने प्रवक्ता अनिल शाह के नेतृत्व में राष्ट्रीय लोक अदालत का भ्रमण कर अदालत की कार्य प्रणाली को जाना-समझा।



राष्ट्रीय लोक अदालत में लगे स्टॉलों में उत्पाद देखते न्यायिक अधिकारी।

### उत्पादों की प्रदर्शनी लगी

राष्ट्रीय लोक अदालत में जिला कारागार बंदीगणों, राजकीय बालगृह (बालक), राजकीय संप्रेक्षण गृह किशोर में निवासरित बालकों द्वारा तैयार विभिन्न उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। जेल अधीक्षक मिजाजी लाल, बाल गृह प्रभारी अधीक्षक राम विनय, राजकीय संप्रेक्षण गृह के अधीक्षक सुधीर ने अतिथियों का स्वागत किया। प्रदर्शनी कारागार बंदियों द्वारा तैयार कपड़े के बैग, पेंटिंग, बेकरी उत्पाद, पूजा उत्पाद व गमले प्रदर्शित किए गए। राजकीय बालगृह बालक के बच्चों ने गुलदस्ता, गणेश जी मूर्ति, चिड़िया आदि उत्पादों का स्टॉल लगाया। वहीं, राजकीय संप्रेक्षण गृह के किशोरों ने मॉडल और सजावटी सामान प्रदर्शित किया।

## लाठी से पीटकर युवक को किया घायल

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** मदनापुर क्षेत्र के गांव गौटिया निवासी सतीश पाल ने बताया कि 26 अगस्त की दोपहर ढाई बजे अपने जानवर खेत पर चरा रहा था। गांव के आलोक, पवनेश, अनुज के जानवर उसके खेत में घुस गए और बाजरे की फसल को खाने लगे। उन्होंने आरोपियों से जानवर निकालने के लिए कहा गया। इस बात से आरोपी नाराज हो गए। आरोपी उसे गाली देने लगे। विरोध करने पर उसे पीटकर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

## आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**कांट, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव हट्टीपुर कुर्रिया निवासी वेद प्रकाश ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि शुक्रवार की शाम वह स्कूटी से अपने गांव जा रहे थे। रास्ते में बाइक पर सवार दो लोगों ने उसे गोली मारकर घायल कर दिया था। गोली कोहनी में लगी थी। उन्होंने आरोप लगाया है कि अभायन विमलेश कुमार और एक अन्य अज्ञात व्यक्ति ने गोली मारी थी। विमलेश ने 15 हजार रुपये उससे उधार लिए थे। विमलेश ने कहा था कि उसके पिता से मत कहना। उसने उसके पिता को बता दिया था। प्रभारी निरीक्षक अश्वनी कुमार ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# हादसे के बाद खड़े ट्रक को लेने आई क्रेन से लगा जाम



स्टेट हाईवे पर लगे जाम में फंसे लोग। • अमृत विचार

संवाददाता, कलान

- **बदायूं फर्रुखाबाद मार्ग पर आए दिन जाम के झाम में फंसते हैं लोग**
- **सड़क के दोनों तरफ पटरियों पर लगती हैं दुकानें**

**अमृत विचार :** नगर पंचायत में स्टेट हाईवे बदायूं फर्रुखाबाद मार्ग पर आए दिन जाम की समस्या से लोग जूझते रहते हैं लेकिन पुलिस इस तरफ ध्यान नहीं दे रही है।

सड़क के दोनों तरफ बनी पटरी पर लोगों ने फल, चाट- पकौड़ी आदि के ठेले लगा रखे हैं। ई-रिक्शा भी आड़े तिरछे हाईवे पर खड़े हो जाते हैं और सवारियां भरते हैं। जिस कारण भारी वाहन निकल नहीं पाते हैं और आए दिन जाम की समस्या बनी रहती है। शनिवार को थाने से एक ट्रक का चेचिस जो सड़क दुर्घटना के कारण खड़ा था। उसे ले जाने के लिए एक क्रेन थाने से आई तो हाईवे पर जाम लग गया। पीआरडी, होमगार्ड के जवान जाम खुलवाने में लग रहे लेकिन जाम घंटों बाद खुल सका, तब कहीं आवागमन करने वालों ने राहत की सांस ली। उसी दौरान थाना समाधान दिवस में नवागत एसडीम चित्रा निर्वाल लोगों की समस्याएं सुन रही थीं।

## दिव्यांग बेटे और मां को पीटा, पुलिस ने मेडिकल कराया

**खुटार।** क्षेत्र के गांव मोहनपुर निवासी गिरधारी लाल ने पुलिस को बताया कि वह दिव्यांग है। शुक्रवार शाम करीब छह बजे वह अपने भाई सौरभ के साथ बाजार से सब्जी लेकर बाइक से वापस घर आ रहा था। आरोप है कि गांव के बाहर हाईवे मार्ग पर गांव के ही एक व्यक्ति ने उस पर और उसके भाई सौरभ पर बाइक चढ़ाने का प्रयास किया। लेकिन किसी तरह बच गए। इसके बाद घर पहुंचे और गिरधारी ने पूरी घटना अपनी मां को बताई। फिर वह अपनी मां के साथ आरोपी के घर शिकायत करने गया।शिकायत करने उक्त नाराज हो गए। उक्त ने घर के दो सदस्यों को बुलाकर गाली गलौज करने लगे और लाठी डंडों से पिटाई। विवाद के बाद गिरधारी लाल अपनी मां के साथ थाने पहुंचे। जहां पुलिस ने घायलों का मेडिकल कराया है। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने , पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

# 16 को रोडवेज बस अड्डे से तीन बजे तक बंद रहेगा संचालन

संवाददाता, शाहजहांपुर

- **बारावफात जुलूस पर सुबह 6 से 3 बजे तक रहेगा डायवर्जन**

**अमृत विचार :** सीओ ट्रैफिक ज्योति यादव ने बताया कि 16 सितंबर को बारावफात जुलूस के अवसर पर शहर में सुबह छह बजे से दोपहर तीन बजे तक डायवर्जन व्यवस्था रहेगी।

16 सितंबर को सुबह छह बजे से रेलवे स्टेशन से नूरी मस्जिद से प्रारंभ होकर अशफाक नगर चौराहा से निगोही रोड, दिलाजाक, पुवायां रोड पेट्रोल पंप से होकर होते हुए पुः अशफाक नगर चौराहा से रोडवेज बस अड्डे, दुर्गा होटल तिराहा, कवि मूर्ति तिराहा, लाल इमली चौराहा, घंटाघर, अनजान चौकी चौराहा से होकर खलील शर्की में स्थित कटहल वाली मस्जिद पर समाप्त होगा। जुलूस के समय निगोही और पुवायां रोड पर जाने व आने वाले वाहन डिपो तिराहा होकर अपने गंतव्य स्थान पर जा सकेंगे। बरेली मोड़ की तरफ आने-जाने वाल वाहन मालगोदाम रोड से आवास विकास तिराहे से ईदगाह होकर अपने गंतव्य स्थान पर जा सकेंगे। रोडवेज बसों का संचालन सुबह पांच बजे से तीन बजे तक बस अड्डे से बंद रहेगा। लखीमपुर, सीतापुर जाने वाली बसों का संचालन हथौड़ा चौराहा, हरदोई की ओर जाने वाली बसों का संचालन हरदोई बाईपास चौराहे, पुवायां की ओर जाने वाली बसों का संचालन पुवायां रोड पर मछली मार्केट ओर जलालाबाद, बरेली की जाने वाली बसों का संचालन बरेली मोड़ से होगा। इसी प्रकार इलेक्ट्रिक बसों का संचालन भी सुबह छह बजे से तीन बजे तक रहेगा।

## शिक्षकों पर छात्र को पीटने का आरोप पीड़ित ने दी तहरीर

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** रोजा क्षेत्र के मोहल्ला आदर्शनगर कॉलोनी निवासी नसीम अली ने बताया कि उसका बेटा उवैश अली (13) एक स्कूल में कक्षा आठ का छात्र है। शनिवार को वह स्कूल गया था। दो अध्यापक बच्चों को खेल खिला रहे थे। उसके बेटे ने कहा कि उसके हाथ में दर्द हो रहा है वह खेल नहीं खेलेगा। इस बात से दोनों अध्यापक नाराज हो गए। उनका आरोप है कि दोनों अध्यापकों ने उसके बेटे को मारा पीटा, जिससे गुम चोटें आई है। नसीम अली का भाई फहीम शिकायत करने के लिए गया तो दोनों अध्यापकों ने अभद्र व्यवहार किया और स्कूल से भगा दिया है। प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी और जांच की जा रही है।

# तेंदुए ने कुत्ते को बनाया निवाला, दहशत


संवाददाता, खुटार

**अमृत विचार:** गांव मैनिया के चकताह फार्म हाउस पर शुक्रवार रात पहुंचे तेंदुए ने पालतू कुत्ते को निवाला बना लिया। घटना के बाद से फार्म हाउस में रहने वालों व आसपास गांव के लोगों में दहशत है। वनकर्मियों ने पगचिन्हों को ट्रेस कर सतर्कता बरतने की अपील की है।

गांव मैनिया के चकताह के रहने वाले सुरेंद्र सिंह का फार्म हाउस है। जहां वह अपने परिवार के साथ रहता है। उन्होंने बताया कि मकान के बाहर एक कमरा बना हुआ है। जहां नौकर रामपाल रहता है। शुक्रवार रात करीब नौ बजे नौकर रामपाल ने कुत्ते को खोल दिया था। रात किसी समय आया तेंदुआ कुत्ते को आम के बाग में ले गया। जहां गर्दन, पेट, टांगे आदि अवशेषों को खा लिया और अवशेष छोड़कर चला। शनिवार सुबह परिवार के सदस्यों को कुत्ता दिखाई नहीं दिया, तो नौकर से पूछा। तलाश करने पर फार्म हाउस के बाहर घसीटने के निशान दिखाई दिए। आगे पहुंचे तो देखा कि कुत्ते का अधखाया शव पड़ा था। तेंदुए की मौजूदगी से लोगों में दहशत फैल गई। खुटार के वनकर्मियों को सूचना दी। उन्होंने पगचिन्हों को ट्रेस कर शव दफनवा दिया। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि खेतों की तरफ समूह बनाकर जाए। साथ ही शोर मचाते जाए।



घटना की जानकारी देते सिख फार्मर। • अमृत विचार



खेत में तेंदुए के पगचिन्ह।

### कहीं खेतों में तो नहीं छिपा है तेंदुआ

ग्रामीणों ने बताया कि तेंदुए ने आसपास खेतों में अपना डेरा डाल रखा है। जिससे किसी भी समय हमला कर सकता है। लेकिन वनकर्मी ध्यान नहीं दे रहे है। किसान खेतों की ओर जाने से कतरा रहे है। ग्रामीणों ने तेंदुए को जंगल में खदेड़ने की मांग की है।

### बकरी और कुत्ते का कर चुका है शिकार

इस घटना से पूर्व तेंदुआ ने बकरी और कुत्ते का शिकार कर चुका है। तेंदुए की गांव दियूरिया झदिया, बनकटा आदि कई गांव में चहलकदमी देखी गई है।

सूचना पर वनकर्मियों को भेजा गया था। पगचिन्ह ट्रेस कराएं गए है। ग्रामीणों से सतर्कता बरतने की अपील की गई है। जल्द ही तेंदुए को जंगल की तरफ खदेड़ा जाएगा।

**– मनोज श्रीवास्तव, रेंजर खुटार**



प्रवेश प्रारंभ
VAMRCH
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
कैम्पस : वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एण्ड रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
एन.एच.-24, बन्थरा, शाहजहाँपुर, उत्तर प्रदेश-242307

| कोर्स | अवधि | योग्यता |
|---|---|---|
| एम.एस.सी. मेडिकल एनाटॉमी | 3 वर्ष | अभ्यर्थी को तीन वर्ष का स्नातक कार्यक्रम बीएससी उत्तीर्ण होना चाहिए, जिसमें 50% अंक प्राप्त हों (एससी/एसटी के लिए 45%) और जैविक विज्ञान एक विषय के रूप में हो या एमबीबीएस, बीडीएस, बीएएमएस, बीएचएमएस, बीपीटी, बी.फार्मा, बीएमएलटी, बीएमआरआईटी, बीएससी नर्सिंग में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण होना चाहिए। |
| एम.एस.सी. मेडिकल बायोकेमिस्ट्री | 3 वर्ष | |
| एम.एस.सी. फिजियोलॉजी | 3 वर्ष | |
| एम.एस.सी. मेडिकल माइक्रोबायोलॉजी | 3 वर्ष | |
| एम.एस.सी. फार्माकोलॉजी | 3 वर्ष | |
| बी.एस.सी. फोरेन्सीक साइंस | 3 वर्ष | पात्रता: 10+2 (पी.सी.एम./पी.सी.बी0) |

फैकल्टी ऑफ कॉमर्स एण्ड मैनेजमेंट

| कोर्स | अवधि | योग्यता |
|---|---|---|
| एम.एच.ए. (मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन) | 2 वर्ष | किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम 50% अंकों के साथ स्नातक की डिग्री पूरी की हो, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों के लिए 45% अंक प्राप्त किए हों। |
| एम.पी.एच. (मास्टर इन पब्लिक हेल्थ) | 2 वर्ष | |

For Online Registration : www.vau.in, Contact No. 05842297879
E-mail : admission @vau.edu.in, info@vau.edu.in.
प्रवेश हेतु संपर्क करें
डॉ. अनिल पाल (डिप्टी रजिस्ट्रार) मो. 9956248504
डॉ. अमित सिंह (डिप्टी मेडिकल सपरिटेंन्डेन्ट) मो. 7521001987

# झांसा दे संबंध बनाए फिर शादी कर छोड़ा

संवाददाता, पुवायां

- **पीलीभीत की युवती ने पुवायां के युवक पर दर्ज करवाई रिपोर्ट**

**अमृत विचार :** झांसा देकर संबंध बनाने और बाद में हरिद्वार ले जाकर शादी कर छोड़ देने के आरोप में पीलीभीत की युवती ने पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पीलीभीत के एक गांव निवासी युवती ने बताया कि कस्बे के मोहल्ला शास्त्री नगर निवासी प्रियांशु ने उसे शादी का झांसा दिया। वह अपने घर के अलावा कई अन्य स्थानों पर ले जाकर शारीरिक संबंध बनाता रहा। दो जुलाई को प्रियांशु व उसके पिता वीरेंद्र मिश्रा, मां विद्यावती, भाई हिमांशु, भाभी नेहा ने उसे घर बुलाया लेकिन उसने मना कर दिया। इसके बाद वह कॉलेज जा रही थी, तभी प्रियांशु और हिमांशु उसे हरिद्वार ले जाने की बात कहकर आने साथ ले गए। हरिद्वार ले जाकर प्रियांशु ने एक मंदिर में उससे शादी कर ली और 19 अगस्त तक संबंध बनाता रहा। 20 अगस्त को प्रियांशु उसे हरिद्वार में ही छोड़कर भाग निकला। इसके बाद आरोपी और उसकी मां ने फोन कर उनसे पांच लाख रुपये, एक प्लॉट और एक बाइक की मांग की। मांग पूरी न होने पर जान से मारने की धमकी दी। लोकलाज के कारण वह चुप रही और थाने नहीं आईं। अब वह रिपोर्ट दर्ज कराना चाहती है। थाना प्रभारी हरिपाल सिंह बालियान ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### घर में घुसकर महिला से छेड़छाड़

**शाहजहांपुर।** जलालाबाद क्षेत्र के एक गांव की महिला ने बताया कि उसके पति को आंखों से कम दिखता है। 9 सितंबर की रात आठ बजे वह और उसके पति घर पर थे। गांव के लालू व जुबैर उसके मकान में घुस आए। आरोप है कि उससे छेड़छाड़ करने लगे। शोर मचाया तो पति आ गए। आरोपियों ने उन्हें मारा पीटा और जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पुलिस ने दोनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## बुलेट की मांग पूरी न होने पर घर से निकाल दी बहू

**शाहजहांपुर।** सिंधौली क्षेत्र के गांव जमुनिया निवासी तौफीक ने बताया कि उसने अपनी बहन रेशमा की शादी दो साल पहले खालिद निवासी खिरिया पाठक थाना पुवायां के साथ की थी। उसने सामर्थ्य के अनुसार दहेज दिया था, लेकिन उससे ससुराल वाले संतुष्ट नहीं थे। ससुरालियों ने बहन से कहा कि मायके से बुलेट मंगाकर दो। उसकी बहन ने ससुराल वालों से कहा कि मायके वाले नहीं दे पाएंगे। आरोप है कि ससुराल वालों ने उसकी बहन को कमरे में बंद करके मारा पीटा। 30 अगस्त को वह अपनी बहन की ससुराल गया और तलाक की बात करने लगे। वह अपनी बहन को लेकर आ गया। पुलिस ने पति समेत चार लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## कम दहेज को लेकर प्रताड़ित करते थे ससुराली, रिपोर्ट

**शाहजहांपुर।** चौक कोतवाली के मोहल्ला बिजलीपुरा निवासी नूर बी ने बताया कि उसका निकाह पांच साल पहले निजाकत उर्फ शाकाल निवासी गौसनगर थाना जलालाबाद के साथ हुआ था। उसके भाई ने सामर्थ्य के अनुसार दहेज दिया था। दहेज से ससुराल वाले संतुष्ट नहीं थे। कम दहेज को लेकर ससुराल वाले उसे प्रताड़ित करने लगे। आरोप है कि 01 अगस्त को ससुराल वालों ने अंटा चौराहे पर उसे उतार दिया। वह मायके में रह रही है। प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर ने बताया पति समेत चार लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

## बच्चों के विवाद में पिता को किया घायल

**शाहजहांपुर।** जलालाबाद क्षेत्र के गांव गुनारा निवासी झब्बू ने बताया कि 9 सितंबर की शाम सात बजे उसके बच्चे घर के बाहर खेल रहे थे। पड़ोसी कलेक्टर के बच्चे भी आकर खेलने लगे। बच्चों में विवाद हो गया। इस दौरान कलेक्टर, लबलू, आमिर धारदार हथियार और डंडे लेकर उसके दरवाजे पर आए और गाली देने लगे। विरोध करने पर उसे पीटकर घायल कर दिया। आरोपी जान से मारने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार राय ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

## बाइकों की भिड़ंत में जीजा-साले घायल

**खुटार, अमृत विचार:** क्षेत्र के गांव रूजहां कलां निवासी सतीश कुमार (19) शनिवार को अपने बहनोई चमरबोझी निवासी गजोधर (22) के साथ लखीमपुर खीरी के मोहम्मदी के गांव मस्तीपुर में अपनी दूसरी बहन के घर बाइक से जा रहा था।

वह जैसे ही पड़सर से सुंदरपुर इटौआ रोड पर जटहा बाबा के पास पहुंचा, तभी सामने से आ रहे बाइक सवार ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे सतीश कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया और उसके बहनोई गजोधर के मामूली चोटें आई।

सूचना पर पहुंचे रिश्तेदारों ने सतीश कुमार को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां हालत गंभीर होने पर उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। दूसरा बाइक सवार मौका पाकर फरार हो गया।

## सार-संक्षेप

### दंगल में पहलवानों ने दिखाया दम



**खुदागंज, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव अकबरपुर में प्रतिवर्ष की भांति इस बार भी दंगल कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें दूर–दूर से पहलवान पहुंचे और अपना दमखम दिखाया। इस दौरान बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद रहे। शनिवार को पूर्व जिला पंचायत सदस्य जिवेंद्र गंगवार ने फीता काटकर दंगल का आरंभ किया। कार्यक्रम में चटिया के मनोज पहलवान ने कासगंज के बाला पहलवान को हराया। कटरा के तैयब पहलवान ने कासगंज के सुल्तान को हराया। गढ़िया रंगीन के सुरेंद्र पहलवान ने पप्पू और कमलापुर के दलबीर ने अमखेरा के प्रेमपाल को पटखनी दी। जीते हुए सभी पहलवानों को कमेटी द्वारा पुरस्कार दिए गए।

### एसडीएम की अध्यक्षता में हुआ समाधान दिवस

**पुवायां, अमृत विचार :** पुवायां में एसडीएम की अध्यक्षता में हुए समाधान दिवस में नौ शिकायतें आईं। पुवायां कोतवाली में एसडीएम संजय कुमार पांडे और क्षेत्राधिकारी पंकज पंत ने समाधान दिवस में जन शिकायते सुनी। एक शिकायत का भी निस्तारण नहीं हो पाया। सभी शिकायतें जमीन संबंधी थी, जिनमें टीम में बनाकर निस्तारण के निर्देश दिए गए हैं।

### सिंधौली में नायब तहसीलदार ने सुनी शिकायतें

**सिंधौली, अमृत विचार :** सिंधौली कोतवाली में आयोजित समाधान दिवस में नायब तहसीलदार सगीर अहमद और कोतवाल धर्मेंद्र गुप्ता ने जन शिकायतें सुनीं। इस दौरान सात शिकायतें आई और चार का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। वहीं बची हुई शिकायतों के निस्तारण के लिए टीम बनाकर निस्तारण के निर्देश दिए गए।

### शिकायत निस्तारण को गठित की टीम

**कलान, अमृत विचार :** नवागत एसडीएम चित्रा निर्वाल की अध्यक्षता में शनिवार को थाना समाधान दिवस आयोजित किया गया। जिसमें तीन शिकायतें आईं। एसडीएम ने दो शिकायतों का निस्तारण करा दिया। वहीं एक शिकायत के लिए राजस्व विभाग, पुलिस की टीम बनाकर निस्तारण कराए जाने के निर्देश दिए। इस दौरान थाना प्रभारी प्रभाष चंद्र भी मौजूद रहे।

### राकेश टिकैत ने की पदाधिकारियों के साथ बैठक

**मकसूदापुर, अमृत विचार :** राकेश टिकैत का शनिवार को लखनऊ से अमरोहा पंचायत में जाते समय बंडा में किसानों ने जोरदार स्वागत किया। टिकैत ने पदाधिकारियों से किसानों की हर संभव मदद करने को कहा। बारिश आंधी से बर्बाद फसलों का प्रशासन से सर्वे कराकर मुआवजा दिलाने और बजाज शुगर मिल मकसूदापुर से गन्ने का बकाया भुगतान दिलाने जैसे अनेक प्रयासों के लिए हमेशा तैयार रहने को कहा। अनिल सिंह, गगनदीप सिंह, परमजीत सिंह, निशान सिंह आदि मौजूद रहे।

# हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर बुजुर्ग की मौत

## खेत से घास काटकर ला रहे थे, रास्ते में नीचे लटक रहे बिजली के तार से सिर पर रखी गीली घास छू गई

संवाददाता, इस्लामनगर

**अमृत विचार :** एक दिन पहले ही डीएम ने अफसरों के साथ मीटिंग कर नसीहत दी थी कि अप्रिय घटना होने पर अफसर मौके पर पहुंचकर परिवार को सांत्वना दे लेकिन डीएम की यह नसीहत बिजली अफसर अपने ऊपर लागू होना नहीं मानते हैं। बिजली पोल झुकने की शिकायत कई दिन पहले करने के बाद भी बिजली अफसरों ने ध्यान नहीं दिया शनिवार को उसी पोल पर जा रही हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर एक बुजुर्ग बुरी तरह झुलस गया और उनकी मोके पर ही मौत हो गई। बुजुर्ग को बचाने पहुंचा युवक भी करंट से बुरी तरह झुलस गया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस के सामने गांव वालों ने बिजली अफसरों की लापरवाही पर आक्रोश जताया है। शाम तक कोई बिजली अफसर पीडि़त परिवार को सांत्वना देने नहीं पहुंचा।


मृतक भूरे।


बुजुर्ग की मौत के बाद विलाप करती परिजन। ● अमृत विचार

● **ग्रामीणों के सूचना देने के बाद भी मौके पर नहीं पहुंचे बिजली विभाग के अधिकारी या कर्मचारी**

इस्लामनगर थाना क्षेत्र के गांव अलीनगर निवासी भूरे (65) पुत्र बहोली लाल खेती और पशु पालन करके परिवार का पालन पोषण करते थे। शनिवार सुबह वह अपने पशुओं के लिए घास काटने के बाद दोपहर को घर लौट रहे थे। सिर पर घास रखकर वह आ रहे थे। रास्ते में एक खेत पर हाईटेंशन लाइन के तार काफी नीचे लटक रहे थे। पिछले दिनों आई तेज हवा और बारिश में खंभा झुका और तार लगभग चार-पांच फिट नीचे तक आ गए थे। भूरे तारों के नीचे से निकलने की कोशिश कर रहे थे। इसी दौरान उनके सिर पर रखी भींगी हुई घास तारों से छू गई। भूरे को करंट लग गया। वह झुलस गए और खेत में गिर गए। पास में ही खेत पर काम कर रहे गुड्डू पुत्र नेम सिंह ने हादसा देखा तो वह दौड़कर पहुंचे और भूरे को बचाने का प्रयास किया तो गुड्डू को भी करंट लगा और वह बेहोश हो गए। ग्रामीणों की सूचना पर दोनों के परिजन मौके पर पहुंचे। दोनों चिकित्सक के पास ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने भूरे को मृत घोषित कर दिया जबकि गुड्डू का इलाज चल रहा है। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस पहुंची। ग्रामीणों ने बिजली विभाग के जिम्मेदारों पर लापरवाही का आरोप लगाया। कहा कि हादसे की सूचना पर बिजली विभाग का कोई भी अधिकारी या कर्मचारी मौके पर नहीं आया। कई दिन पहले आई आंधी के बाद भी बिजली विभाग ने न तो झुके हुए खंभे सीधे कराए और न ही दूसरे लगवाए। जिसकी वजह से यह हादसा हुआ है। पुलिस ने ग्रामीणों को समझाकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र सिंह ने बताया कि परिजनों की ओर से तहरीर आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## पंचायत घरों से बैट्री, कंप्यूटर समेत हजारों का सामान चोरी

**विजय नगला,अमृत विचार :** शुक्रवार रात चोरों ने थाना बिनावर और मूसाझाग क्षेत्र के दो गांवों के पंचायत घरों को निशाना बनाया। कंप्यूटर, बैट्री आदि हजारों के सामान की चोरी कर ली। प्रधान और सचिव ने पुलिस को तहरीर देकर खुलासे की मांग की है।

बिनावर थाना क्षेत्र के गांव कुंडरा के प्रधान महावीर सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि सरकार ने ब्लॉक स्तरीय सुविधाएं देने के लिए पंचायत घर बनवाए हैं। जहां कंप्यूटर, बैट्री, इनवर्टर, सोलर पैनल आदि से आय, जाति, जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने की सुविधा मुहैया कराई जाती है। रात में चोरों ने पंचायत घर पर लगा कंप्यूटर, इंवर्टर, बैट्री आदि चोरी कर लिए। ग्राम पंचायत सचिव धर्मेंद्र ने बताया कि पुलिस को तहरीर दी गई है। थाना बिनावर के प्रभारी निरीक्षक प्रवेज कुमार ने बताया कि मामले की जानकारी मिली है। जांच की जा रही है। जिसके बाद आगे की कार्रवाई होगी। वहीं थाना मूसाझाग क्षेत्र की ग्राम पंचायत नवलपुर महमूदपुर की पंचायत सहायक रुचि ने भी तहरीर दी। उन्होंने बताया कि चोरों ने गांव के पंचायत घर से कंप्यूटर, बैट्री, इंवर्टर, डीबीआर चोरी कर लिया।

## कूलर में आए करंट से चार बंदरों की मौत, दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट

**बदायूं,अमृत विचार :** निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेस वे पर काम करने वाले लोगों के लिए बनाए गए अस्थाई कमरे के बाहर लगे कूलर में करंट आने से चार बंदरों की मौत हो गई। मौजूद लोगों ने मामले को दबाते हुए बंदरों के शव को जमीन में दबा दिये। सूचना मिलने पर पहुंची वन विभाग की टीम ने शव को जमीन से निकलवाकर पोस्टमार्टम कराया। पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। दातागंज में गंगा एक्सप्रेस वे का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। यहां गांव पापड़ हमजापुर के निर्माण व अन्य कार्य करने वाले श्रमिकों के लिए अस्थाई कमरे बनाए गए हैं। श्रमिक इन्हीं कमरों में रुकते हैं। उनकी सुविधा के लिए खिड़की के बाहर कूलर लगाया गया। शुक्रवार सुबह बारिश के दौरान कुछ श्रमिक कमरे में थे। बाहर कूलर चल रहा था। इसी दौरान कुछ बंदर कूलर के पास पहुंच गए। कूलर के संपर्क में आते ही चारों बंदरों को करंट लग गया और उनकी मौके पर मौत हो गई। श्रमिकों ने बिना किसी को सूचना दिए बंदरों के शव पास में ही गड्ढा खोदकर दफन कर दिए। किसी ने वन विभाग को सूचना दे दी। दातागंज के डिप्टी रेंजर अमित सोलंकी ने टीम को मौके पर भेजा। बंदरों को जमीन से बाहर निकलवाया। चारों का पोस्टमार्टम करवा कर मौजूद श्रमिकों से बात की। वन विभाग के कर्मचारी की ओर से तहरीर देकर लापरवाही करने वाले गंगा एक्सप्रेस वे के श्रमिक मेरठ निवासी सत्यवीर और रायबरेली के लखन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। डिप्टी रेंजर ने बताया कि करंट लगने से चार बंदरों की मौत हुई थी। चारों का पोस्टमार्टम कराया गया है। लापरवाही करने वाले दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।





## ताला डालकर गया परिवार, चोरों ने कर ली एक लाख की चोरी

**बदायूं,अमृत विचार :** चोरों ने कोतवाली उझानी क्षेत्र के मोहल्ला बहादुरगंज के कांशीराम आवास कॉलोनी में दिन दहाड़े चोरी की घटना को अंजाम दिया। घर में रखी नगदी, जेवर समेत लगभग एक लाख रुपये का सामान चोरी करके ले गए। घर के मालिक ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने जांच करके जल्द खुलासे का आश्वासन दिया है।

कॉलोनी निवासी मंजीत सक्सेना चालक हैं। वह अक्सर ही घर के बाहर रहते हैं। उनके परिजन काम के लिए बाहर चले जाते थे। शुक्रवार को उनकी पत्नी और मां किसी काम से घर से बाहर चली गई थीं। मकान में ताला लगाकर चाबी पड़ोसी को दी। शाम के समय मंजीत घर पहुंचे तो मकान के ताले टूटे और दरवाजा खुला मिला। भीतर सामान फैला पड़ा था। अलमारी में रखे 15 हजार रुपये, सोने की एक चेन व ओम का लॉकेट व दो अंगूठी, एक जोड़ी कुंडल, पांच जोड़ी पाजेब आदि गायब थे। वह चिल्लाए तो पड़ोसी एकत्र हो गए। कुछ ही देर के बाद उनकी पत्नी भी आ गईं। पत्नी ने बताया कि वह शुक्रवार दोपहर ताला लगाकर गए थे। जिसके बाद चोर उनके घर में घुसे होंगे। पुलिस ने जांच करके जल्द खुलासा करने की बात कही है।

## सिटी मजिस्ट्रेट को मिली पदोन्नति, बने एडीएम प्रशासन

**बदायूं,अमृत विचार :** शासन ने सिटी मजिस्ट्रेट को पदोन्नत करते हुए बदायूं में ही एडीएम प्रशासन बनाया गया है। जिले में नए नगर मजिस्ट्रेट को भेजा गया है। बुलंदशहर से डिप्टी कलेक्टर देवेंद्र पाल सिंह को भेजा है। इनके साथ ही सदर एसडीएम सुखलाल प्रसाद वर्मा का तबादला कौशांबी कर दिया है। इधर डीएम ने भी एसडीएम के कार्यक्षेत्र में परिवर्तन किया है। जिला राजस्व अधिकारी मोहित कुमार को एसडीएम सदर बनाया गया है। वहीं बिसौली में एसडीएम न्यायिक प्रियंका को राजस्व अधिकारी बनाया गया है। बिल्सी एसडीएम प्रवर्धन शर्मा को एसडीएम न्यायिक बिसौली बनाया है। बिसौली में तैनात एसडीएम कल्पना जायसवाल को अतिरिक्त प्रभार परियोजना अधिकारी डूडा का चार्ज सौंपा है। वहीं उप जिला अधिकारी न्यायिक बिल्सी राशि कृष्णा को एसडीएम बिसौली बनाया गया है। सभी अधिकारियों ने अपने अपने क्षेत्र में पदभार ग्रहण करने के बाद कार्य शुरू कर दिया है।

## महिला की मौत के पांच दिन बाद रिपोर्ट दर्ज

**मुजरिया,अमृत विचार :** पांच दिन पहले महिला की मौत मामले में मायका पक्ष ससुरालीजनों पर अतिरिक्त दहेज के लिए हत्या करने का आरोप लगाया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

थाना मुजरिया क्षेत्र के गांव जाहिदपुर घांसुलिया में 8 सितंबर को नीतू पत्नी विनोद की बिल्सी के एक अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई थी। महिला की मां गांव तिगोड़ा निवासी राजकुमारी पत्नी रमेश चंद्र ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। आरोप था कि नीतू के पति विनोद, सास-ससुर, ननद समेत पांच लोगों ने अतिरिक्त दहेज के लिए मारपीट करते थे। बात-बात पर प्रताड़ित करते थे। आरोप है कि उन्होंने 8 सितंबर को नीतू को जबरन नशे की गोलियां खिलाईं और मारपीट की। हालत बिगड़ने पर इलाज के लिए ले गए थे। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम कराया गया था। जिसमें विसरा प्रिजर्व किया गया है। तहरीर प्राप्त होने के बाद रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# 1981 से 2020 तक नियुक्ति पाने वाले शिक्षकों का ब्यौरा तलब

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** वित्त पोषित स्कूलों में अब से 44 साल पूर्व तक होने वाली नियुक्तियों का ब्योरा तलब किया है। शासन की ओर से जिला विद्यालय निरीक्षक से बीस सितंबर तक 1981 से 2020 तक नियुक्ति पाने वाले शिक्षक, कर्मचारियों ब्योरा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। जिस पर डीआईओएस ने स्कूलों के प्रधानाचार्य और प्रबंधक से ब्योरा विभाग में उपलब्ध कराने को पत्र जारी किया है। साथ ही चेतावनी कि ब्योरा न देने वाले प्रधानाचार्य का वेतन रोक दिया जाएगा।

● **जिला विद्यालय निरीक्षक ने प्रधानाचार्य को शिक्षकों का ब्योरा देने के दिए निर्देश**


जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ प्रवेश कुमार ने बताया कि वित्तपोषित स्कूलों में नियुक्तियां पाने वाले शिक्षक और कर्मचारियों की जांच शासन स्तर से की जा रही है। 1981 से 2020 तक स्कूलों में नियुक्ति पाने वाले शिक्षकों और कर्मचारियों का ब्योरा मांगा है। बताया कि शासन के निर्देश मिलने पर सभी स्कूलों के प्रबंधक व प्रधानाचार्य को पत्र भेजा है। प्रबंधक एवं प्रधानाचार्यों को शासन से मिले निर्देशों का हवाला देते हुए कहा है कि 1981 से वर्ष 2020 तक के मध्य माध्यमिक शिक्षा विभाग के नियंत्रणाधीन स्कूलों में नियुक्त शिक्षकों एवं कर्मचारियों की नियुक्ति संबंधी मूल पत्रावली 20 सितंबर तक हर हाल में विभाग को उपलब्ध करा दें। डीआईओएस ने बताया कि स्कूल प्रबंधक और प्रधानाचार्य से दो-दो प्रति में पत्रावलियों के साथ में मांगी हैं। पत्रावली के साथ एक्सल शीट पर भी सूचना उपलब्ध कराने को कहा है। जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि जिस शिक्षक की मूल पत्रावली उपलब्ध नहीं कराई जाएगी, उसका वेतन रोक दिया जाएगा। इसकी जिम्मेदारी शिक्षक और वहां के एवं प्रधानाचार्य की होगी। विदित रहे कि जिले में 45 वित्त पोषित माध्यमिक विद्यालय संचालित हैं। इनमें 44 वर्ष पूर्व से नियुक्ति पाने वाले शिक्षक और कर्मचारियों का ब्योरा मांगा गया है।

## आधा दर्जन नलकूपों में फिर हुई चोरी

**कुंवर गांवअमृत विचार :** थाना सिविल लाइन की नवादा चौकी क्षेत्र में चोरी की घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही हैं। टयूवबैलों में लगातार चोरियां होने से किसान परेशान हैं। पुलिस हाथ पर हाथ रखे बैठी है। शुक्रवार की रात अज्ञात चोरों ने सिविल लाइन थाना क्षेत्र के गांव भगवतीपुर के आधा दर्जन किसानों के टयूबवैलों को निशाना बना लिया, किसान ओमपाल, मनोज कुमार, बंगाली सिंह, अवधेश कुमार, सुभाष सिंह के टयूवबैलों में नकब लगाकर केबल, स्टार्टर, हेल्पर, सहित हजारों का इलेक्ट्रॉनिक सामान चोरी कर ले गए। किसान का कहना है कि पंद्रह दिन पहले भी किसानों के टयूबवैलों में चोरी हो गई थी। लेकिन पुलिस द्वारा घटनाओं पर संज्ञान नहीं लिया जाता है। कोई कार्यवाही नहीं की जाती है। इसलिए चोरो के हौसले बुलंद हैं।

## गबन के आरोप में सचिव दोषी, निलंबित

**कुंवर गांव ,अमृत विचार:** सालारपुर ब्लाक क्षेत्र की ग्राम पंचायत निजामपुर पस्तोर में हुए लाखों रुपए के गबन में प्रथम दोषी सचिव को मानते हुए निलंबित कर दिया गया है। प्रधान और पंचायत सहायक के खिलाफ विभागीय कार्रवाई होगी। कुछ दिन पहले निजामपुर पस्तोर के प्रधान फहीम ने डीएम को शिकायती पत्र सौंपा था। जिसमें पंचायत सहायक के खिलाफ लाखों रुपए के गबन का आरोप लगाया था । डीपीआरओ द्वारा जांच में सचिव और रोजगार सेवक दोषी पाए गए। इन लोगों के द्वारा मनरेगा योजना को मिली धनराशि में गड़बड़ की है। सचिव द्वारा गांव में हैंडपंप रिबोर और मरम्मत के नाम पर धनराशि का गबन कर लिया। बीडीओ नितिन कुमार ने बताया कि सचिव को निलंबित कर दिया गया है। प्रधान और पंचायत सहायक के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।







# भगवा हटाकर लगाया इस्लामिक झंडा विरोध होने पर दोबारा लगाया भगवा

संवाददाता, ओरछी

**अमृत विचार :** थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र में असामाजिक तत्वों ने बीएसएनएल के टॉवर पर भगवा झंडा हटाकर इस्लामिक झंडा लगाकर माहौल बिगाड़ने की कोशिश की। हिंदू संगठनों ने विरोध करते हुए नारेबाजी की। एक सिपाही को टॉवर पर भेजकर इस्लामिक झंडा उतरवाया। सूचना मिलने पर एसडीएम भी पहुंचीं। भगवा झंडा दोबारा लगाया गया। विहिप ने 10 आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

● **विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारियों की ओर से दी गई तहरीर, पुलिस ने शुरू की जांच**

मामला थाना फैजगंज बेहटा की नगर पंचायत मुड़िया धुरेकी का है। नगर में स्वास्थ्य केंद्र के पास बीएसएनएल टॉवर पर पिछले दिनों हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर टॉवर के ऊपर भगवा झंडा लगा दिया गया था। शुक्रवार रात असामाजिक तत्वों ने टॉवर पर भगवा झंडा उतारकर नीचे लगाकर ऊपर इस्लामिक झंडा लगा दिया। शनिवार सुबह किसी ने इस्लामिक झंडा देखा तो मौके पर भीड़ जमा हो गई। विहिप के स्थानीय पदाधिकारी नारेबाजी करने लगे। फैजगंज बेहटा के प्रभारी निरीक्षक जवाहरलाल वर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। बिसौली एसडीएम राशि कृष्णा और बिसौली कोतवाल बृजेश सिंह भी आ गए। विरोध कर रहे लोगों को समझाया लेकिन वह मानने को तैयार नहीं थे। चेयरमैन पति वैभव मिश्रा ने लोगों को समझाया । इसके बाद इस्लामिक और भगवा झंडा नीचे उतरवा दिए। पहले से लगा भगवा झंडा उतरते ही संगठन के लोग विरोध में आ गए। तब पुलिस ने भगवा झंडा दोबारा लगवा दिया। विहिप ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। प्रभारी निरीक्षक जवाहरलाल वर्मा ने बताया कि तहरीर मिली है। रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।


हंगामे की सूचना पर मौके पर पहुंचीं बिसौली एसडीएम राशि कृष्णा। ● अमृत विचार



इस्लामिक झंडा लगाने पर नारेबाजी करते विहिप के पदाधिकारी व अन्य।

### कई दिनों से चल रही है माहौल बिगाड़ने की कोशिश

क्षेत्र के शांतिपूर्ण माहौल को बिगाड़ने की कोशिश लगातार जारी है। कुछ दिन पहले गांव पिपरिया क्षेत्र के युवकों का वीडियो वायरल हुआ था। जिसमें कुछ लोग हिंदुस्तान मुर्दाबाद और अन्य देश विरोधी नारे लगा रहे थे। पुलिस ने अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज की। जिसके बाद मामला शांत हो गया था।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

Shop For Sale
at 1st Floor
146, Civil Lines, Bhagwati Complex, Near Cake 24 Circuit House Crossing, Bareilly (U.P.)
9409286896
7417536517

आवश्यकता
ट्रेंड/अनट्रेंड टीचर्स
जो इंग्लिश/सोशल स्टडी/साइंस प्राइमरी,जूनियर में पढ़ा सके
18 सितम्बर तक संपर्क करें
Hena Public School
Nadosi, C.B.Ganj, Bareilly
Mob. 8938912505, 9760936161

बिकाऊ
147 वर्गगज BDA Approved प्लाट (54'x25')
40000/- प्रति वर्गगज में
100 फुटा से नहर रोड, हरिशंकर यादव वाला रोड, बरेली।
Mob.: 9319325982

आवश्यकता है
रेस्टोरेंट में कार्य करने वाले कुशल कुक, हेल्पर, वेटर आदि समस्त स्टाफ की
सत्कार रेस्टोरेंट
जनकपुरी गुरुद्वारा के सामने, राजेंद्र नगर, बरेली।
मो. 9761740132, 9258547098

जमीन की आवश्यकता है
आकांक्षा एन्क्लेव में 400 वर्ग मीटर जमीन चाहिए।
मुंशीनगर के पास, सीएआरआई गेट के सामने, बरेली
9927548888

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## एक नजर

### एसडीएम रिपुदमन सिंह ने संभाला बिल्सी का चार्ज



बिल्सी ,अमृत विचार : शुक्रवार की रात डीएम निधि श्रीवास्तव ने जिले के अंदर एसडीएम स्तर के अधिकारियों का तबादला कर दिए। जिसमें सदर तहसील में एसडीएम न्यायिक के पद पर तैनात रिपुदमन सिंह को बिल्सी के एसडीएम की जिम्मेदारी सौंपी है। यहां तैनात रहे एसडीएम प्रवर्धन शर्मा को एसडीएम न्यायिक के पद पर बिसौली भेजा है। श्री सिंह ने शनिवार की दोपहर तहसील कार्यालय पहुंच कर अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया।

### वक्फ बोर्ड में बदलाव के विरोध में गोष्ठी

ककराला,अमृत विचार : कस्बे में शनिवार को सरकार द्वारा वक्फ बोर्ड में बदलाव हेतु लाए गए अमेंडमेंट बिल के विरोध में कस्बे के मैरिज लॉन में कांग्रेस की ओर से गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में कहा गया कि सरकार द्वारा जो बिल लाया गया है वह स्वीकार्य नही है। कांग्रेस के प्रदेश सचिव अजीत सिंह यादव ने कहा कि सत्ता में काबिज भाजपा सरकार निरंकुश और तानाशाह हो गई है। बैठक में हाजी नुसरत अली, बफाती मियां ब्रजभूषण गुर्जर मास्टरसोहराब खां सहित सैकड़ों कस्बेवासी मौजूद रहे। मंच का संचालन वसीम खान ने किया।

### मछली पकड़ते समय डूबे युवक की मौत

कछला, अमृत विचार : कोतवाली उझानी क्षेत्र के कस्बा कछला के वार्ड 6 निवासी लाखननाथ (40) पुत्र नारायन नाथ शनिवार देर शाम मछली पकड़ने के लिए कस्बा के तालाब पर गए थे। मछली पकड़ते समय उनका पैर फिसल गया और डूबने से उनकी मौत हो गई। उन्हें डूबता देखकर लोग तालाब में घुसे। काफी देर के बाद बाहर निकाला लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी।

### पत्नी व ससुर पर रुपये ले जाने का आरोप

मुजरिया, अमृत विचार : जमीन बेचकर घर में रखे ढाई लाख रुपए पत्नी और ससुर द्वारा धोखाधड़ी करके ले जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। गांव बिहारीपुर निवासी बुधराम शाक्य ने बताया कि अपनी डेढ़ बीघा जमीन ढाई लाख रुपये में बेची थी। वह रुपये घर में रखे थे। ससुर और पत्नी वह लेकर भाग गए।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से सांड घायल

उझानी,अमृत विचार : बदायूं कछला हाईवे पर एक छुट्टा सांड को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे सांड घायल हो गया। घायल सांड कई घंटे तक सड़क पर पड़ा रहा।

शनिवार की शाम को बदायूं कछला मार्ग पर एक छुट्टा सांड किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आने से घायल हो गया। घायल सांड सड़क पर ही गिर गया। जिससे वहां पर लोगों की भीड़ जुट गयी मगर किसी ने उसे सड़क से उठा कर पशु चिकित्सालय तक नहीं पहुंचाया। सांड के घायल होने की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गयी। सूचना के बादभी पालिका कर्मचारी नहीं आए। बजरंग सेना के जिलाध्यक्ष ने बताया कि घायल सांड दो घंटे से सड़क पर पड़ा है। मगर कोई नहीं आया।

### इस्लामनगर निवासी किसान वीरेंद्र राघव ने की थी आर्गेनिक घुइयां , पहली बार में हुआ मुनाफा अब दस बीघा में लगाई घुइयां

# वर्मी कंपोस्ट से पाई उन्नति, एक बीघा में एक लाख की पैदावार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- वार्मिंग कंपोस्ट का प्रयोग करके मिली अच्छी पैदावार, स्वाद अच्छा होने बढ़ी मांग

अमृत विचार: खेती किसानी आम तौर पर देसी खाद या फिर यूरिया डीएपी खाद से की जाती है। लेकिन एक किसान ऐसा भी है जिसने इन खादों को छोड़ कर वर्मी कम्पोस्ट खाद तैयार कर ऑर्गेनिक घुइया तैयार की है।



वर्मी कम्पोस्ट खाद से घुइया तैयार करने वाले किसान वीरेंद्र राघव

किसान ने पहले साल एक बीघा खेत में ऑर्गेनिक घुइया से एक लाख की कमाई की, उसके बाद इस साल दस बीघा घुइया लगाई है। यह घुइया खाने में बेहद स्वादिष्ट होने के कारण महंगे दामों पर बिक रही है।



वर्मी कम्पोस्ट खाद से तैयार की गयी घुइया। ● अमृत विचार

इस्लामनगर निवासी वीरेन्द्र राघव ने पिछले साल अपने खेत में वर्मी कम्पोस्ट खाद तैयार की। वर्मी कम्पोस्ट खाद खेत में डालने के बाद उन्होंने एक बीघा खेत में ऑर्गेनिक घुइया लगाई। खेत में लगी घुईंया तीन माह में बेचकर किसान ने एक लाख रुपये कमाए और अपने घर पर बीज भी रख लिया। ऑर्गेनिक घुइया आम घुइया से बिल्कुल अलग है। खाने में बेहद स्वादिष्ट है। घुइया का आकार दो गुना से भी अधिक है। इस घुइयां की विशेषता यह है कि एक एक घुइया गल जाती है। पूरे खेत में एक समान घुइया तैयार हुई जो खेत से ही व्यापारी दो गुने दामों पर खरीद कर ले गए। आर्गेनिक घुइया पचास से साठ रूपए किलो आम तौर पर व्यापारी खरीदते हैं जो बाजारों में 80 से 90 रुपए किलो तक बिकती है। जबकि सामान्य घुइया 30 से 40 रुपए किलो अधिकतम बिकती है। इसलिए एक बीघा खेत में वीरेंद्र ने एक लाख की घुइया बेचने के बाद इस साल दस बीघा खेत में घुइया तैयार की है।

किसान वीरेन्द्र का कहना है कि ऑर्गेनिक घुइया के लिए खेत में वर्मी कम्पोस्ट खाद जरूरी है। यह खाद तैयार करने में करीब छह महीने का समय लगता है। इस खाद की ताकत दो साल बाद खेत में और बढ़ जाती है।

### अन्य किसान भी वर्मी कंपोस्ट बनाने में जुटे

किसान वीरेन्द्र की घुइया को देख कर इस साल कई अन्य किसानों ने अपने खेतों में वर्मी कम्पोस्ट खाद तैयार करने को गोल गड्ढा बनाया है। उसमें गोबर की खाद डाली जा रही है। वह किसान अब अन्य फसलें भी वर्मी कम्पोस्ट खाद से उगाएंगे। किसानों का कहना है कि इस खाद से खेत में पोषक तत्व बढ़ते हैं और मिट्टी उपजाऊ बनती है।

ऑर्गेनिक घुइया या फिर अन्य सब्जी किसान यूरिया खाद और दवाओं के बल पर तैयार करते हैं। लेकिन वर्मी कम्पोस्ट खाद तैयार करना कठिन कार्य है। कुछ किसानों ने इसके लिए गड्ढे तैयार कराए थे लेकिन बाद में वह सफल नही हुए। इसलिए किसान अधिकांश नैनो यूरिया या फिर अपने घर की देसी खाद से फसलें तैयार करते हैं। इस्लामनगर के किसान वीरेन्द्र ने ऑर्गेनिक घुइया वर्मी कम्पोस्ट खाद से तैयार की इसलिए उसकी उपज अन्य फसलों से कहीं बेहतर है। किसानों को वर्मी कम्पोस्ट खाद अपने खेतों में तैयार करनी चाहिए। जिससे खेत की मिट्टी को उपजाऊ बने और दोहरा लाभ मिले।

–सुनील कुमार, जिला उद्यान अधिकारी

# हिंदी है हमारा मान, सम्मान और अभिमान

## हिंदी दिवस के अवसर पर जिले भर के स्कूल-कॉलेजों में आयोजित किए कार्यक्रम

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार: शिक्षण संस्थानों में शनिवार को हिन्दी दिवस मनाया गया। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। साथ ही विभिन्न प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं। जिसमें विजेता रहे विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

हिन्दी दिवस पर गिन्दो देवी महिला महाविद्यालय में विचार एवं काव्य गोष्ठी के साथ पोस्टर प्रतियोगिता में प्राचार्या डॉ.इन्दु शर्मा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हिंदी संस्कृत की लाड़ली बेटी है। हिन्दी हमारी राष्ट्रीय अस्मिता एवं संस्कृति की पहचान है। मुख्य वक्ता डॉ. शिखा पाण्डेय ने कहा कि हिन्दी के प्रति भाषागत स्वाभिमान हमारे अंदर होना ही चाहिए। इस दौरान कॉलेज की छात्राएं अनामिका, आरती,सविता पटेल,पल्लवी, राजवती , वेदांशी आदि हिंदी कविताएं प्रस्तुत की। पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें प्रथम सेमेस्टर की छात्रा वेदांशी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।



ऐस कॉलेज में हिन्दी के महत्व पर प्रकाश डालते कॉलेज डायरेक्टर रचित गोयल।



मदर्स पब्लिक स्कूल में प्रार्थना करतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

- हिंदी की प्रतियोगिताएं कराकर विजेता छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित
- मुंशी प्रेमचंद का जीवन परिचय हिन्दी के प्रसार पर चर्चा की





हिन्दी दिवस की उपयोगिता का वर्णन करतीं गिन्दो देवी कॉलेज की प्रवक्ता। ● अमृत विचार



लार्ड कृष्णा स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे ।

लॉर्ड कृष्णा इंटरनेशनल स्कूल में निदेशक देवव्रत त्रिवेदी तथा विद्यालय की प्रधानाचार्या पायल दुबे ने कार्यक्रम का शुभारंभ कराया। इस दौरान बच्चों ने विभिन्न रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। उनके द्वारा कविता पाठ, हास्य कविता पाठ, भाषण, नृत्य-संगीत तथा मुंशी प्रेमचंद का सम्पूर्ण जीवन परिचय, हिंदी का इतिहास, हिंदी का प्रसार आदि पर चर्चा-परिचर्चा भी की गई।

मदर्स पब्लिक स्कूल में हिंदी दिवस पर हिंदी की शिक्षिका सरिता यादव ने विद्यार्थियों को हिंदी भाषा का महत्व बताया। प्रधानाचार्या शीबा खान ने कहा कि भारतीय संस्कृति और भाषा के समृद्ध इतिहास को बनाए रखने के लिए हर साल 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाया जाता है। हिंदी न केवल भारत के विभिन्न हिस्सों में बोली जाती है, बल्कि इसे विश्व के अनेक देशों में भी अपनाया गया है।उझानी स्थित ऐस कॉलेज में हिन्दी दिवस पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इससे पूर्व महाविद्यालय के डायरेक्टर इंजीनियर रचित गोयल अपने विचार प्रकट करते हुए कहा कि हिंदी भारत की मातृभाषा है, और यही हमारी संस्कृति है। हिंदी का स्थान संपूर्ण विश्व में सर्वोपरि है। इस मौके पर कॉलेज के चीफ प्राक्टर नवनीत यादव, शरद पटेल, डॉ सोमेश कुमार आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### डीएम ने अधिकारियों संग किया कटान कार्यों निरीक्षण

बदायूं,अमृत विचार : तीन दिन तक हुई बारिश से गंगा तट के आस पास बसे गांवों को कटान का खतरा बढ़ गया है। जिलाधिकारी ने शनिवार को दातागंज तहसील के ग्राम नगरिया खनु पुल व कटान कार्यो का निरीक्षण किया। लालपुर खादर गांव के तट पर पानी आने पर उन्होंने प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने बाढ़ खंड व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ दातागंज तहसील के नगरिया खानु पुल का निरीक्षण कर हाल ही में हुई वर्षा के कारण बढ़े जलस्तर का आंकलन किया। लोक निर्माण विभाग द्वारा कटान होने पर कराए जा रहे कार्यों का निरीक्षण कर निर्माण कार्य को जल्द पूरा करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने लालपुर खादर गांव के तट पर जलस्तर बढ़ने पर ग्रामवासियों को किसी प्रकार की समस्या नहीं होने देने के निर्देश अफसरों को दिये साथ ही गांव में स्वास्थ्य कैंप, पशुओं का टीकाकरण, खाद्यान्न की आपूर्ति, साफ सफाई व छिड़काव आदि की व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिये। निरीक्षण के दौरान डीएम ने ग्रामीणों से वार्ता भी की और उन्हें आश्वस्त किया कि उनकी हर समस्या के समाधान के लिए प्रशासन उनके साथ है।



### कब्रिस्तान पर कब्जे को लेकर डीएम से की शिकायत

बिसौली ,अमृत विचार : नगर के मुस्लिम समुदाय के कब्रिस्तान की जमीन पर भू–माफिया द्वारा कब्जा कर घर बना लिया है। अब बुजुर्गों की कब्रों के ऊपर से मकान का गेट भी निकाला जा रहा है। लोगों के मना करने पर दबंगों द्वारा उनके साथ मारपीट की जा रही है। जिसकी शिकायत उप जिलाधिकारी और डीएम निधि श्रीवास्तव से की है। ईदगाह रोड पर सुन्नी मुस्लिम समुदाय के छोटे कब्रिस्तान हैं। जिसमें मुस्लिम समाज के बुजुर्गों की कब्रें हैं। मोहल्ला कौआ टोला के मच्छन पुत्र मुत्तन का आरोप है कि यह सैंकड़ों साल पुराना कब्रिस्तान है। जिस पर आतिफ पुत्र उस्मान, फिरासत पुत्र छोटे, रियाज़ उद्दीन पुत्र कल्लू निवासी कौआ टोला कब्रें तोड़ कर मकान बना रहे हैं। जिसका विरोध करने पर उनके साथ मारपीट की जा रही है। पीड़ित मच्छन का कहना है कि उसके दादा पिता व बुआ को भी इसी कब्रिस्तान में दफन किया गया है। दबंगों द्वारा उस पर पालतू जानवर बाधे जा रहे हैं। पशुओं से होने वाली गंदगी कब्रों पर फैली रहती है। मना करने पर मारपीट पर दबंग उतारु हो जाते हैं। कब्रों पर गंदगी रोकने को पीड़ित द्वारा रविवार को बाउंड्री का निर्माण किया जा रहा था। जिसे उपरोक्त लोगों ने दबंगई दिखाते हुए मारपीट करके निर्माण रुकवा दिया । अब इस मामले की शिकायत पीड़ित ने उप जिलाधिकारी, व जिलाधिकारी के जन सुनवाई पोर्टल,पर की है।

### स्वच्छता पखवाड़ा के तहत बच्चों को किया जागरूक

बिसौली ,अमृत विचार : बिसौली के संविलियन विद्यालय सुजानपुर में स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत छात्र छात्राओं को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से एक शिविर का आयोजन किया गया। कंपनी की ओर से यासीन ने छात्र छात्राओं को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। सभी बच्चों ने स्वच्छ भारत स्वच्छ विद्यालय का संकल्प लिया। कंपनी की ओर से सभी बच्चों को साबुन, कॉपी, पेंसिल और रबड़ का वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन साहू देवेंद्र ने किया, तथा कंपनी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रभारी प्रधानाध्यापक राकेश कुमार, नीलम सक्सेना, सुरजेश शर्मा, मोहित कुमार, सोमवीर सिंह, तेजेंद्र पाल, छत्रपाल, सूर्यभान सिंह, प्रिया यादव सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

### बारिश में कटी सड़क, मरम्मत की बजाय भर दिया कचरा

सहसवान ,अमृत विचार : बदायूं –मेरठ राजमार्ग पर महावा नदी के उस्मानपुर पुल के पास बारिश से लगभग दस मीटर से अधिक सड़क कट कर गहरे गढ़े में तब्दील हो गई है। पी डब्लू डी के अधिकारियों और कर्मचारियों ने सड़क को ठीक करने के बजाय उसमें कचरा डाल कर गड्ढे को बंद करने का प्रयास किया है। इससे कोई बड़ा हादसा होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। कई दिनो से लगातार हो रही बारिश से महावा नदी के उस्मानपुर पुल के पास सड़क बारिश से दस मीटर से अधिक कट कर गहरे गढ़े में तब्दील हो गई है। जहां कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है।पी डब्लू डी विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने सड़क की मरम्मत कराने के बजाय उसमें कचरा भर कर गढ़े को बंद करने का प्रयास किया है। पीडब्ल्यूडी विभाग की यह लापरवाही बड़े हादसे की वजह बन सकती है। क्योंकि यह दिल्ली को जाने वाला सबसे बड़ा मार्ग है। जहां रात दिन सैकड़ों की संख्या में वाहनों का आवागमन रहता है।



### समाधान दिवस पर डीएम एसएसपी ने सुनी समस्याएं

बदायूं,अमृत विचार : समाधान दिवस शनिवार को दातागंज कोतवाली में आयोजित हुआ। जिसमें जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार सिंह ने लोगों की समस्याओं का समाधान किया। समाधान दिवस में एक भूमि संबंधी व अन्य दो सहित कुल तीन प्रकरण उनके समक्ष प्रस्तुत हुए। इनके निस्तारण के संबंधित अधिकारियों को दिए गए। जिलाधिकारी ने कोतवाली के विभिन्न रजिस्टरों का अवलोकन कर उनकी वस्तु स्थिति को जाना। साथ ही अधिकारियों को आदेशित किया कि आमजन की शिकायतों का गुणवत्तापरक निस्तारण करें।

### संघर्ष की होगी जीत, सरकार को लेना होगा फैसला वापस

बदायूं,अमृत विचार : आंगनबाड़ी श्रमिक संघ द्वारा एजुकेटर व्यवस्था के विरोध में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने प्रदर्शन किया । आठवें दिन क्रमिक अनशन पर बैठी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने कहा कि अब सरकार को जल्द हमारे हित में निर्णय लेना चाहिए। शनिवार को आठवें दिन क्रमिक अनशन पर बैठी कमला गौतम, देवी सिंह, ममता देवी, मिथिलेश, अंजना देवी आदि ने कहा कि अब सरकार को जल्द कोई निर्णय लेना होगा।

### बिल्सी पहुंचे राज्य सूचना आयुक्त का हुआ स्वागत

बिल्सी,अमृत विचार : शनिवार को राज्य सूचना आयुक्त स्वतंत्र प्रकाश गुप्ता आरएसएस के नगर संघचालक डा .उमेंद्र कुमार गुप्ता के आवास पर पहुंचे। इस दौरान डॉ . उमेंद्र गुप्ता ने बिल्सी क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। उन्होने कहा कि राज्य सूचना आयोग ने पिछले छह माह में करीब दस हजार अपील और मामलों को निस्तारित कराया है। इस मौके पर डा .रंजना गुप्ता, नरेंद्र गरल, लोकेश बाबू वार्ष्णेय, सबली गुप्ता, विवेक राठी, शिवम उपाध्याय, राजीव कुमार सिंह, दीपक चौहान, हरवेश सिंह आदि रहे।



## हिन्दी को बढ़ावा देने में युवा अहम भूमिका निभाएं

संवाददाता, बिल्सी

अमृत विचार: हिन्दी दिवस पर फ्यूचर लीडर्स स्कूल विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें विजेता बच्चे सम्मानित किए गए। साथ ही उन्हें की उपयोगिता की जानकारी दी गई।

भाषण प्रतियोगिता में बच्चों ने अपने विचार व्यक्त किए। कहा कि शिक्षा में हिंदी का अपना महत्व है। हिन्दी को बढ़ावा देने में युवाओं की भूमिका रहेगी। भाषण प्रतियोगिता में सुधांशु राठौर, कनक उपाध्याय, आरूषि शाक्य, समर्थ मौर्य, गुनगुन, दृष्टि सिंहा, वरदान शर्मा और कृतिका चौहान ने अपनी अपनी कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के डायरेक्टर वीपी सिंह ने कहा कि हिन्दी हमारे देश की एकता का प्रतीक है। विद्यालय के प्रधानाचार्य रविंद्र सिंह ने विद्यार्थियों को हिन्दी भाषा के महत्व को विस्तार से बताया। इस अवसर पर सी. के. शर्मा, परमेंद्र सिंह, बृजेश पाल सिंह, राखी गुप्ता सहित अन्य शिक्षक और बच्चे मौजूद रहे।

## 41 हजार 864 वाद निस्तारित, पीड़ितों को दिलाए 3.61 करोड़

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार: अदालत परिसर में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत संपन्न हुई। जिसमें 41864 वादों का निस्तारण किया गया। साथ ही 3.61 करोड़ की मुआवजा राशि पीड़ितों को दिलाई गई। 127 पारिवारिक वादों का भी निस्तारण किया गया।

अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश शिव कुमारी ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय, अपर प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय द्वारा आपसी समझौते के आधार पर कुल 127 पारिवारिक विवादों का निस्तारण किया गया।



लोक अदालत की वादकारियों को जानकारी देते मुख्य न्यायाधीश।

मचला अग्रवाल, पीठासीन अधिकारी ने मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के 45 वादों का निस्तारण किया। साथ ही अंकन 3,00,61,000 रुपये की धनराशि पीड़ितों को बतौर क्षतिपूर्ति दिलाई गई। बताया कि प्री-लिटिगेशन से सम्बन्धित वादों में विभिन्न बैंकों के 1107 मामले, राजस्व के 339 1077 स्थानीय निकाय एवं अन्य प्रकार के 36890 मामले थे। 35439 प्री-लिटिगेशन मामलों और न्यायालयों में लंबित फौजदारी एवं सिविल वादों में 5975 वादों का निस्तारण किया गया।

- आपसी समझौते के आधार पर किया 127 पारिवारिक विवादों का भी हुआ निस्तारण

### लोक अदालत 644 वादों का हुआ निस्तारण

सहसवान अमृत विचार : लोक अदालत में अधिवक्ताओं और वादकारियों के आपसी सहमति और सुलय समझौता के आधार पर मुंसिफ मजिस्ट्रेट अभिषेक कुमार ने चालानी, फौजदारी, एमवी एक्ट, और पारिवारिक वादों सहित कुल 644 वादों का निस्तारण करते हुए दो लाख नौ हजार छह सौ रुपए का जुर्माना वसूल किया। लोक अदालत में काफी संख्या में अधिवक्ता और वादकारी मौजूद रहे। स्थानीय स्तर पर बार मुंसिफ मजिस्ट्रेट और एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने लोक अदालत का खूब प्रचार–प्रसार किया गया था। लोक अदालत के सफल आयोजन में अधिवक्ताओं का विशेष सहयोग रहा।

# कपरौल में अंडरपास के लिए खोदाई शुरू

संवाददाता, इस्लामनगर

अमृत विचार : ग्राम पंचायत चंदोई के मजरा कपरौल गांव के पास गंगा एक्सप्रेस-वे रोड बनाया जा रहा है। अप्रैल माह में कार्यदायी संस्था ने कपरोल से चन्दोई जाने वाले रास्ते को बंद कर दिया था। जिससे ग्रामीणों को छह किलोमीटर घूमकर जाना पड रहा था। अंडरपास बनाने के लिए गांव के लोग पिछले 8 माह से मांग करते आ रहे थे। उनकी समस्या का समाधान नही किया जा रहा था। उसके बाद ग्रामीण पूर्व विधायक कुशाग्र सागर के यहां पहुंचे, जहां उन्होंने विधायक से अंडरपास बनवाने की मांग की। विधायक लोगों को साथ लेकर डीएम के पास पहुंचे। डीएम से अंडरपास बनाने की मांग की गयी। उसके बाद डीएम ने ग्रामीणों की समस्या का संज्ञान लेते हुए गंगा एक्सप्रेस-वे बनाने वाली कंपनी को पत्र लिखा उसके बाद कंपनी और अधिशासी अभियंता ने डीएम के पत्र के बाद चंदोई कपरोल मार्ग पर अंडर पास बनाने की प्रक्रिया शुरू करा दी है। गांव वालों ने बताया की अंडरपास बन जाने से अब चंदोई से कपरौल गांव जाने के लिए बहुत नजदीक का रास्ता हो जायेगा।



अंडरपास के लिए जमीन की खुदाई करती हुई जेसीबी । ● अमृत विचार



कपरोल गांव बिकाऊ के पोस्टर पुलिस ने हटवाए

अमृत विचार में प्रकाशित खबर।

### मकान बेचने के पोस्टर लगाए

कई माह पहले कपरौल गांव के लोगों की शिकायत पर जब अधिकारियों ने संज्ञान नही लिया तो ग्रामीणों ने परेशान होकर मकान बेचने के पोस्टर लगवा दिए थे । मकान बिकने के पोस्टर लगने के बाद अमृत विचार ने इस खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। अधिकारी और पुलिस गांव में पहुंची थी और दीवारों पर लगे गांव बिकाऊ के पोस्टर हटवा दिया थे तभी से गांव वाले अंडर पास बनवाने के लिए प्रयासरत थे।

## इंचार्ज और अनुदेशक में विवाद, विद्यालय से भागे बच्चे

विजय नगला,अमृत विचार : विकास क्षेत्र जगत के संविलियन विद्यालय में इंचार्ज प्रधानाध्यापक और महिला अनुदेशक के बीच विवाद हो गया। विद्यालय में काफी देर तक हंगामा चलता रहा। ग्रामीणों ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को सूचना दी है। उत्तर प्रदेशीय प्राथमतिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष संजीव शर्मा ने मामला शांत कराया।

मामला विकास क्षेत्र जगत के गांव रुखड़ा खौला के संविलियन विद्यालय का है। ग्रामीणों के अनुसार शनिवार सुबह लगभग 10 बजे प्रधानध्यापक कल्याण सिंह और महिला अनुदेशक एकता राठौर में किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई।

अनुदेश का आरोप है कि इंचार्ज प्रधानाध्यापक ने उनपर गुस्सा गया था और अभद्रता की। महिला चिल्लाई तो बच्चे डर गए। अपने-अपने घर भाग गए। विद्यालय अवकाश से पहले घर पहुंचने पर अभिभावकों के पूछने पर बच्चों ने उन दोनों के विवाद के बारे में बताया।

# जटा प्रेमीनगला सहित चार गांव बने टापू

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार : शनिवार को नरौरा से एक लाख क्यूसेक पानी डिस्चार्ज किया गया। जिससे गंगा और रामगंगा उफान पर आ गई हैं। तटवर्ती इलाकों में बाढ़ की आशंका के चलते ग्रामीण ऊपरी इलाकों की ओर निकल रहे हैं। उसहैत इलाके में चार गांव टापू बन गए हैं। सड़कों पर पानी आ जाने से आवागमन बंद हो गया है। अगले दो दिन और संकट भरे हो सकते हैं। शनिवार को नरौरा बैराज से एक लाख क्यूसेक पानी गंगा में छोड़ा गया। शनिवार सुबह छोड़े गए पानी ने यहां गंगा में हलचल पैदा कर दी है। नरौरा बांध से पानी छोड़े जाने के बाद बाढ़ खंड अधिकारी शनिवार सुबह उसहैत के जटा गांव पहुंच गये। पहले बांध का निरीक्षण कर ग्रामीणों को सर्तक रहने की चेतावनी दी गई। बाढ़ की आशंका को देखते हुए जटा और प्रेमी नगला के कई परिवार ऊपरी स्थानों की ओर पहुंच रहे हैं। जटा प्रेमी नगला सहित चार गांव पूरी तरह टापू बन गए हैं। चारो ओर पानी पहुंच चुका है। जबकि देर रात तक पानी और पहुंच जाएगा जिससे बाढ़ का खतरा बढ़ जाएगा।

शनिवार को कछला गंगा का जलस्तर खतरे के निशान से 33 सेमी ऊपर पहुंच गया। इतना अधिक पानी आने के बाद अब कछला गंगा के दोनो ओर सुरक्षा बढ़ा दी गयी है। लोगों को गंगा घाटों पर जाने से रोक दिया गया है। पुलिस तैनात कर दी गयी है। शनिवार को रामगंगा का जलस्तर 159, 48 मीटर गेज मापा गया। रातों रात पानी बढ़ने से राम गंगा उफान पर है। हजरतपुर और दातागंज इलाके में एक बार फिर ग्रामीणों को परेशानी पैदा होने वाली है।

नरौरा से एक लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। उसहैत इलाके के चार गांव टापू बन गए हैं। ग्रामीणों को सावधान रहने को कहा गया है। दोनो बांध सुरक्षित हैं। अधिक पानी आने के बाद कुछ समस्या आ सकती है।

–नेशपाल, सहायक अभियंता बाढ़ खंड

## शहर में आज

- अमांपुर के कोंधा में रामलीला का मंचन रात्रि आठ बजे से।
- गणेश प्रतिमा विसर्जन मुहल्ला जयजय राम से दोपहर 12 बजे से।
- समाजवादी पार्टी का कार्यकर्ता सम्मेलन अजीत नगर पटियाली में दोपहर 12 बजे से
- आर्य समाज मंदिर नदरई गेट पर हवन यज्ञ सुबह साढे आठ बजे से।
- आम आदमी पार्टी की बैठक रामजी सेवा सदन अमांपुर बस स्टैंड पर दोपहर दो बजे से।
- बहुजन समाज पार्टी की बैठक शिव गली मुहल्ला अशोकनगर में सुबह 11 बजे से।

### राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद का अधिवेशन आज

**अवागढ़, अमृत विचार :** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिला संयोजक सुरेंद्र सिंह के अनुसार 15 सितंबर रविवार को द्विवार्षिक अधिवेशन विकासखंड कार्यालय शीतलपुर के सभागार में पूर्वाहन 11 बजे आयोजित किया जाएगा। संयोजक ने सभी परिषद के घटक दलों के पदाधिकारियों, सदस्यों आदि से कार्यक्रम में भाग लेने को कहा है।

# मुकदमे की रंजिश में की गई अधिवक्ता की हत्या, मुकदमा क्या है पता नहीं

## तब तक सस्पेंसः पुलिस मुख्य आरोपी पकड़ेगी इसके बाद उठाएगी रहस्य से पर्दा

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचारः** अधिवक्ता मोहनी हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा किया है लेकिन ये अजीबोगरीब है। पुलिस ने एक युवती व युवक को गिरफ्तार किया है। दावा है कि दोनों ने स्वीकार किया है कि कोर्ट में शादी कराने के बहाने अधिवक्ता को बुलाया। दो साथियों के साथ ले जाकर हत्या कर दी और शव को नहर में फेंक दिया। पुलिस के अनुसार ऐसा मुकदमे की रंजिश में किया है। बहरहाल वह मुकदमा क्या है और मोहिनी का उससे क्या लेना देना इसके बारे में खुलासे में चुप्पी साध ली गई। इसके लिए पुलिस को मुख्य आरोपी पकड़ना होगा।

तीन सितंबर को कोर्ट के मुख्य द्वार से अधिवक्ता मोहिनी तोमर का अपहरण कर लिया गया था। उनका शव दूसरे दिन रात में नहर में मिला। अधिवक्ता के पति बृजतेन्द्र तोमर ने पांच अधिवक्ताओं और एक विधि छात्र पर एफआईआर दर्ज कराई। पुलिस ने सभी आरोपियों को जेल भेज दिया। हालांकि हत्या का खुलासा नहीं हो सका। पुलिस अधिकारी जांच की बात कह रहे थे।

बहरहाल शनिवार को पुलिस ने एटा के गांव वनथल निवासी बॉबी और कासगंज के थाना अमांपुर के गांव खुशकारी की रेनू को गिरफ्तार कर मोहिनी हत्याकांड के खुलासा का दावा किया। दो आरोपी फरार हैं। इन दोनों आरोपियों ने अपना जुर्म स्वीकार किया है। खुलासे के अनुसार रेनू और फरार आरोपी सिढ़पुरा के गांव कलानी निवासी रजत की शादी कराने की बात करने के बहाने मुख्य आरोपी एटा के गांव बागवाला निवासी सुनील कुमार फौजी ने मोहिनी को न्यायालय के द्वार पर बुला लिया। इसके बाद बातों में बरगलाकर ले गए और हत्या करने के बाद शव नहर में फेंक दिया। पकड़े गए आरोपियों ने पुलिस को बताया कि सुनील ने यह सब एक पुराने मुकदमे की रंजिश के कारण किया और हत्या की साजिश भी सुनील ने ही रची थी। बहरहाल पुलिस के अनुसार गिरफ्तार दोनों आरोपी पुलिस को ये नहीं बता सके कि वह मुकदमा क्या है। उसका मोहिनी तोमर से क्या संबंध है। इसके लिए पुलिस को मुख्य आरोपी सुनील को पकड़ना होगा।


कासगंज पुलिस की गिरफ्तार में अधिवक्ता के हत्यारोपी, दो फरार हैं।

### गिरफ्तार अधिवक्ताओं को मिलेगी राहत !

पुलिस ने घटना का खुलासा कर दिया है। बहरहाल मामले में पांच अधिवक्ता और एक विधि छात्र जेल में है। चर्चा है कि अब जेल में बंद अधिवक्ता और विधि छात्र को राहत मिल सकेगी। हालांकि, निर्णय न्यायालय को देना है और न्यायालय पर लोगों की निगाह टिकी हुई है।

### पीड़ित परिवार से मिले बृज क्षेत्र अध्यक्ष, दी सांत्वना



**कासगंज, अमृत विचार :** पीड़ित परिवार से मिलने भाजपा बृज क्षेत्र अध्यक्ष दुर्विजय शाक्य पहुंचे। उन्होंने पीड़ित परिवार को सांत्वना दी। इधर महिला के पति ने उन्हें ज्ञापन देकर सुरक्षा की मांग की। क्षेत्रीय अध्यक्ष ने भरोसा दिया कि भाजपा हर हाल में उनके साथ है और सुरक्षा कराई जाएगी। हत्याकांड के खुलासे से पीड़ित परिवार संतुष्ट नहीं है।

### ये कैसा खुलासा

- एक युवती और युवक गिरफ्तार, मुख्य आरोपी समेत दो फरार
- रेनू और रजत की शादी कराने के नाम पर कोर्ट के बाहर बुलाया अधिवक्ता को
- बातों से बरगलाकर ले जाकर हत्या कर दी और नहर किनारे शव फेंक दिया

"अभी हमें ही नहीं पता है कि किस मुकदमे को लेकर सुनील और मोहिनी के बीच विवाद था। गिरफ्तार किए गए दो आरोपियों ने बताया है कि किसी मुकदमे को लेकर दोनों के बीच विवाद था। सुनील की गिरफ्तारी के बाद ही सही कारण स्पष्ट हो सकेगा।
–**लोकेश भाटी**, इंस्पेक्टर

"महिला अधिवक्ता हत्याकांड में पुलिस ने सफलता हासिल की है और घटना का खुलासा कर दिया है। दो आरोपी गिरफ्तार कर लिए हैं। जबकि दो आरोपी फरार हैं। उनकी तलाश में टीमें लगाई गई हैं।
–**राजेश भारती**, एएसपी

### हत्याकांड का खुलासा ठीक नहीं है

अधिवक्ता के पति ब्रजतेंद तोमर ने कहा है कि हत्याकांड का खुलासा सही नहीं किया गया है। न तो मोबाइल बरामद हुआ है न ही अन्य सामान की बरामदगी हुई है। पुलिस ने सिर्फ खानापूर्ति की है। मुकदमे के बारे में भी पता नहीं।

# व्यापारियों के साथ एसपी ने की कानून व्यवस्था पर चर्चा


व्यापारियों के साथ बैठक करतीं एसपी अपर्णा रजत कौशिक। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता,कासगंज

- कहा -सुरक्षा की दृष्टि से व्यापारी लगवाएं अपने प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे

**अमृत विचारः** पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने व्यापार मंडल के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर कानून व्यवस्था पर चर्चा की। व्यापारियों से सुरक्षा के लिए प्रतिष्ठानों में सीसीटीवी कैमरा लगाने की अपील की।

पुलिस सभागार में अपर्णा रजत कौशिक ने जिले के व्यापार मंडल के सदस्य सर्राफा व्यवसाय, पेट्रोल पम्प संचालक एवं व्यापारिक संगठनों से जुडे लोगो की गोष्ठी की। इस दौरान व्यापार मंडल के पदाधिकारियों सहित एसपी राजेश भारती ,सीओ विजय कुमार राना, सीओ पटियाली राजकुमार पांडेय, सहावर सीओ शाहिदा नसरीन मौजूद रहीं। एसपी ने व्यापार मंडल के पदाधिकारियों से सुझाव लेते हुए सुरक्षा से संबंधित सभी पहलुओं की समीक्षा कर निराकरण करने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे विभिन्न अभियानों के बारे में जानकारी दी गयी ।

उन्होंने कहा कि व्यापारियों की सुरक्षा के लिए पुलिस निरंतर शहर में गश्त करती है। व्यापारियों को भी सुरक्षा के प्रति संवेदनशील रहते हुए अपने प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने के निर्देश दिए। उन्होंने किसी व्यापारी बंधु को किसी आपराधिक पृष्ठभूमि वाले व्यक्ति से किसी प्रकार का खतरा होने पर पुलिस को सूचना देने एवं पुलिस द्वारा तत्काल कार्यवाही किये जाने का आश्वासन दिया गया ।

# दो दिन से लापता बालक का शव गड्ढे में मिला


गड्ढे से बालक का शव निकालने पहुंची पुलिस। ● अमृत विचार

- मृतक के परिजनों ने हत्या कर गड्ढे में फेंकने का लगाया आरोप

संवाददाता, पटियाली

**अमृत विचारः** दो दिन से लापता बालक का शव सड़क किनारे गड्ढों में भरे पानी में उतराता मिला है। परिजनों ने हत्या कर शव को पानी भरे गड्ढे में फेंकने का आरोप लगाया है। पुलिस ने फोरेंसिक टीम को बुलाकर साक्ष्य संकलित के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

पटियाली थाना क्षेत्र के ग्राम अलीपुर दादर निवासी सुरेंद्र सिंह ने शुक्रवार को पटियाली थाने में अपने 9 वर्षीय बेटे विवेक के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। बताया कि उसका बेटा विगत गुरुवार को बारिश में नहाने निकल गया। इसके बाद वह घर वापस नहीं आया। रिश्तेदारी एवं आसपास तलाश किया, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। शनिवार की सुबह पटियाली थाना क्षेत्र के गंजडुंडवारा मार्ग पर कोहिनूर ईंट भट्टा के निकट सड़क किनारे गड्ढों में भरे पानी में बालक का शव उतराता लोगों ने देखा। इसकी भनक लगते ही परिजन और पुलिस मौके पर पहुंच गई। परिजनों द्वारा बालक के शव की शिनाख्त विवेक के रूप में की गई। मौके से फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य एकत्रित किए। परिजनों ने बालक की हत्या कर शव पानी भरे गड्ढे में फेंकने का आरोप लगाया है। पुलिस ने परिजनों की मांग पर शव का पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

"गुरुवार को लापता बच्चे का शव गड्ढे में उतराता मिला है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। प्रथम दृष्टया प्रतीत होता है कि बच्चे की नहाते समय गड्ढे में गिर कर मौत हुई है। –**गोविंद वल्लभ शर्मा**, इंस्पेक्टर, पटियाली।

## हिंदी दिवस पर छात्र-छात्राओं को दिलाया संकल्प

**अवागढ़ अमृत विचारः** जलेसर रोड स्थित जनता इंटर कॉलेज में हिंदी दिवस धूमधाम से मनाया गया। प्रधानाचार्य राकेश बाबू यादव ने हिंदी का प्रयोग करने तथा प्रचार . प्रसार के लिए छात्र. छात्राओं को संकल्प दिलाया। हिंदी प्रवक्ता डॉ अमरेंद्र सिंह ने हिंदी की वर्तमान दशा और दिशा पर प्रकाश डालते हुए हिंदी के उन्नयन और विकास पर रोचक प्रसंगों से मौजूद विद्यार्थियों को अवगत कराया। प्रवक्ता रणवीर कुमार सिंह परमार, विवेक दुबे, सचेन्द्र कुमार, डॉ सुधीर उपाध्याय, रामप्रकाश आर्य, दीपक जैन, अरविंद कुमार, आलोक आमोरिया, अश्वनी कुमार, अजय कुमार, अनिल कुमार, पुष्पेंद्र शर्मा आदि शिक्षक उपस्थित थे।

# परिवर्तनी एकादशीः हजारों श्रद्धालुओं ने लगाई परिक्रमा

संवाददाता, सोरों जी


सोरों तीर्थनगरी में पंचकोसी परिक्रमा के दौरान मंदिर में दर्शन करते श्रद्धालु।

- परिक्रमा मार्ग पर गूंजे वराह भगवान के जयकारे,मंदिरों में किए दर्शन

**अमृत विचारः** आदितीर्थ शूकर क्षेत्र धाम सोरों जी में परिवर्तनी एकादशी पर हजारों श्रद्धालुओं ने पंचकोसी परिक्रमा लगाई। सुबह आठ बजे से गंगा स्नान और भगवान वराह मंदिर में दर्शन पूजन के साथ शुरू हुई परिक्रमा देर शाम तक जारी रही। श्रद्धालुओं ने गंगा मैया, वराह भगवान के जयकारों के साथ मंदिरों में दर्शन कर पुण्य लाभ कमाया।

शनिवार को परिवर्तनी एकादशी के अवसर पर प्रातः 8:00 बजे शूकर क्षेत्र पंचकोसी परिक्रमा समाज सेवा समिति आदितीर्थ शूकरक्षेत्र धाम, सोरों जी संयोजक शरद कुमार पांडेय के तत्वाधान में प्रारंभ हुई। श्री गंगा जी की परिक्रमा करते हुए सूर्यकुंड, दूधेश्वर, साध्वी रत्नावली समाधि स्थल होते हुए बटुक भैरव मंदिर जयदेवी पीठ होते हुए ग्राम देवी मंदिर गोस्वामी तुलसीदास जन्म स्थान मंदिर होते हुए 84 घंटे वाली मां पर प्रस्थान किया। उसके बाद शेडू नगरा होते हुए बाक्षरू महाराज से सीता जी की रसोई होते हुए भक्तों द्वारा ममता देवी भवन प्रेम जी की बगीची पर श्रद्धालुओं द्वारा जलपान की व्यवस्था कराई गई । वहां से सिंगल वाले महाराज पर विश्राम रहा महाराज पर श्रद्धालुओं द्वारा फलाहार की व्यवस्था सभी श्रद्धालुओं को कराई गई। उसके बाद करुआ देव महाराज होते हुए बनखंडेश्वर महादेव पर नेक्सू प्रधान द्वारा प्रसादी वितरण किया गया। वहां से प्रारंभ होकर पुनः भगवान वराह के मंदिर पर संपूर्ण हुई। शरद कुमार पांडेय ने बताया कि भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी को परिवर्तिनी एकादशी कहा जाता है। हिंदू धर्म में इस एकादशी का विशेष महत्व है। इसे पद्मा एकादशी, जलझूलनी एकादशी के नाम से भी जाना जाता है। पंचकोसी परिक्रमा में मुख्य रूप से प्रवीण कुमार द्विवेदी, उपेंद्र उपाध्याय, शशांक दीक्षित, शिवानंद उपाध्याय, योगेश उपाध्याय, सुरेंद्र महेरे, विनोद दीक्षित, गोपाल दास महाराज, धर्मेंद्र चतुर्वेदी, गीतम सिंह, खूब सिंह, बदन सिंह, लाखन सिंह, नीरज तिवारी, राजकुमार गौड, गिरिजा शंकर पाठक, सोमदत्त पाठक, रोशन लाल, हिमांशु उपाध्याय, श्याम किशोर वर्मा, राजकुमार व हजारों श्रद्धालु उपस्थित रहे ।

# सोरों के गांवों में 90 घंटे से बिजली आपूर्ति ठप्प

संवाददाता, सोरों जी

**अमृत विचारः** तीर्थनगरी क्षेत्र के गांव ब्रह्मपुरी, रायपुर पटना में 90 घंटे से बिजली आपूर्ति नहीं मिलने से ग्रामीण परेशान हैं। विद्युत उपकरण शोपीस बन गए हैं। पेयजल का संकट गहरा गया है।

भेटोना विद्युत सव स्टेशन से सप्लाई गांव ब्रह्मपुरी, रायपुर पटना में दी जाती है। 90 घंटे से सप्लाई न मिलने से ग्रामीण परेशान हैं।गांवों में लगे सबमर्सिबल, फ्रिज, कूलर, पंखे आदि विद्युत चालित उपकरण महज शोपीस बन कर रह गए हैं। ग्रामीण जवाहर लाल, ब्रह्मानंद, रामकिशोर, राजीव, अंकित, राजेश, अवधेश, जितेंद्र, मुकेश, संजू का कहना है कि बिजली न मिलने से जीवन नारकीय हो गया है। विद्युत अधिकारी हमारे फोन नहीं उठाते। विद्युत केंद्र में शिकायत तीन दिन पूर्व दर्ज कराने के बावजूद भी कोई सुनवाई नहीं हो रही।जिलाधिकारी मेधा रूपम से विद्युत की सप्लाई सुचारु कराए जाने की मांग की है।

### एलटी लाइन का पोल गिरा

**सोरों।** ग्राम पंचायत जगतपुर में किसान लाल सिंह पुत्र गंगा सहाय के खेत में एलटी लाइन का पोल गिर गया। तीन दिन पहले विभाग कर्मचारियों को पोल गिरने की सूचना दी गई, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। ग्राम प्रधान मनोज कुमार शर्मा ने विद्युत अधिकारियों से पोल खड़ाकर आपूर्ति बहाल करने की मांग की है।

# कोटे की दुकान आवंटन के दौरान वीडियोग्राफी न करना पड़ा महंगा

संवाददाता, सोरों जी

- डीएम के निर्देश पर बीडीओ ने पंचायत सचिव सहित दो एडीओ को जारी किए नोटिस

**अमृत विचारः** राशन की दुकान आवंटन के लिए चुनाव कराने की प्रक्रिया चुनाव पर्यवेक्षक और ग्राम पंचायत सचिव की लापरवाही से पूरी नहीं हो सकी। सार्वजानिक बैठक की वीडियोग्राफी नहीं की गई। इस मामले में डीएम के निर्देश पर बीडीओ ने सचिव सहित दो एडीओ पर कार्रवाई की है।

सोरों विकास खंड के गांव पेसोई में राशन कोटेदार ने इस्तीफा दे दिया था। ग्रामीणों की गुहार पर जिलाधिकारी मेधा रूपम ने दुकान को आवंटन करने के लिए सार्वजानिक बैठक कर चुनाव कराने के निर्देश दिए थे। साथ ही चुनाव की वीडियोग्राफी के निर्देश बीडीओ संजीव कुमार को दिए।

चुनाव पर्यवेक्षक एडीओ चंद्रभान सिंह और समाज कल्याण विभाग के एडीओ राजकुमार को बनाया गया था। ग्राम पंचायत सचिव अनुरुद्ध द्विवेदी की मौजूदगी में चुनाव होना था। आरोप है कि तीनों अधिकारियों ने एकतरफा वोटिंग करा दी गई।

एक पक्ष के रिश्तेदारों के वोट भी शामिल करा दि, जबकि दूसरे प्रत्याशी को दूर रखा गया। बैठक की वीडियोग्राफी भी नहीं की गई। इस मामले में पीडित कोटेदार प्रत्याशी ने जिलाधिकारी से भेंट कर निष्पक्ष कराने की मांग की। डीएम के निर्देश पर बीडीओ ने पंचायत सचिव सहित दो एडीओ को नोटिस जारी किया है।

"गांव पेसोई में राशन की दुकान की खुली बैठक में चुनाव होना था। पर्यवेक्षक एडीओ चंद्रभान सिंह और समाज कल्याण विभाग के एडीओ राजकुमार के अलावा ग्राम पंचायत सचिव अनुरुद्ध द्विवेदी ने चुनाव की वीडियोग्राफी नहीं की। उनको कारण बताओ नोटिस दिया गया है। नोटिस का जवाब न मिलने पर बडी कार्रवाई की जाएगी। उनका वेतन काटा जाएगा।
–**संजीव कुमार** बीडीओ, सोरों ब्लॉक

## पंचायती राज विभाग का कर्मचारी रिश्वत लेते पकड़ा

**एटा,अमृत विचारः** विकास खंड जैथरा की ग्राम पंचायत धरौली रजबपुर में तैनात रोजगार सेवक ने मांग पत्र पर हस्ताक्षर करने के एवज में 10 हजार रुपये की मांग की थी। शिकायतकर्ता ने इस मामले की शिकायत एंटी करप्शन विभाग में की। चूंकि मामला ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार प्रदान करने वाली मनरेगा जैसी महत्वपूर्ण योजना से जुड़ा हुआ है।

इसलिए टीम जल्द हरकत में आ गई और आरोपी रोजगार सेवक राम सुधाकर मिश्रा को जैथरा ब्लॉक से रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। इस कार्यवाही के बाद पंचायती राज विभाग में हड़कंप मच गया। फिलहाल रोजगार सेवक को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया।

# गणेश विसर्जन यात्राएं और बारावफात को लेकर अलर्ट

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- एसपी अपर्णा रजत कौशिक ने कहा, शांति व्यवस्था से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं होगा
- 16 सितंबर को बारावफात जुलूस, 17 सितंबर को गणेश विसर्जन यात्रा निकलेंगी

**अमृत विचारः** जिले भर में 16 सितंबर को बारावफात जुलूस व 17 सितंबर को गणेश विसर्जन यात्रा को शान्तिपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन अर्लट है। इंटेलिजेंस युनिट सक्रिय है। एसपी ने शांति व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों से सख्ती से निपटने के निर्देश पुलिस को दिए हैं।

आगामी पर्वों को लेकर पुलिस अधीक्षक अर्पणा रजत कौशिक ने कहा कि सांप्रदायिक सौहार्द के लिए जनपद अलग पहचान रखता है इसलिये त्योहार को मिल-जुलकर मनाएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनपद में अमन चैन से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कहा कि जुलूस निर्धारित रूटों पर ही निकालें व मादक पदार्थों का सेवन कर जुलूस में भाग न लें। कोई उेसी परंपरा न कायम की जाए जिससे अमन-चैन मे खलल उत्पन्न होने की संभावना हो। त्योहार के अवसर पर अच्छी पुलिसिंग की व्यवस्था रहेगी। क्षेत्राधिकारी और थानाध्यक्षों को निर्देशित किया जा चुका है कि वह अपने-अपने क्षेत्रों में आयोजकों से समन्वय स्थापित कर त्योहार को शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराएं।

## मंत्री संजय निषाद के दौरे को लेकर की बैठक

**एटा अमृत विचारः** निषाद पार्टी के अलीगढ मण्डल प्रभारी एवं एटा लोकसभा क्षेत्र के कोर्डीनेटर बबलू निषाद के नेतृत्व में शिविर कार्यालय पर जिला स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। जिला प्रभारी रामपाल सिंह ने बताया कि निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री डा. संजय कुमार निषाद इसी महीने में एटा एवं कासगंज जिले का भ्रमण कार्यक्रम लगने जा रहा है, जिसमें कार्यकर्ताओं का एक विशाल सम्मेलन किया जाना प्रस्तावित है। देश में निषाद पार्टी का सदस्यता अभियान 1 अक्टूबर से प्रारम्भ होने जा रहा है। जिसमे प्रत्येक ब्लॉक से पच्चीस हजार कार्यकर्ताओं को सदस्यता दिलाने का लक्ष्य है। राकेश कश्यप समेत अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मठाधीश बयान से आक्रोश, फूंका अखिलेश का पुतला

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने की जोरदार नारेबाजी, कहा- समाजवादियों ने हमेशा से ही दिया गुंडे माफियाओं का साथ

**अमृत विचारः** समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव के मठाधीश वाले बयान पर साधु-संतों के साथ भाजपाइयों में भी आक्रोश है। भाजपा युवा मोर्चा के पदाधिकारियों ने रोष प्रकट कर अखिलेश का पुतला दहन किया। मठाधीश बयान पर साधु संतों का अपमान बताया।

भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष कुलदीप प्रतिहार ने कहा कि अखिलेश यादव ने मठों का अपमान कर साधु संतों का अपमान किया है। मठ माफिया के स्थान नहीं हैं। माफिया गुंडे समाजवादी पार्टी के परिवार में ही पलते हैं । माफिया वहीं तैयार होते हैं। जिला उपाध्यक्ष प्रशांत राजपूत ने कहा मठ हमारी पुरातन संस्कृति सनातन की धरोहर हैं। लाखों मठों का इतिहास रहा है। भारत के लोगों को भारतीय संस्कृति एवं नव निर्माण में इन्हीं मठों का योगदान है। युवा मोर्चा मठों, संतों का अपमान कभी स्वीकार नहीं करेगा। अखिलेश यादव सदैव हिंदू सनातन धर्म का अपमान करते रहे हैं। इस अपमान का मुंह तोड़ जवाब दिया जाएगा। सोमेश सिंह, राजू चौहान, मुकेश प्रजापति, यश उपाध्याय, अंशुल अग्रवाल, सुनील लोधी, विनम्र अग्रवाल, देवेंद्र राजपूत, विक्की भारद्वाज, अंकुल प्रजापति, गौरव कुमार, विनीत राजपूत, अभिषेक गुप्ता, मुकेश कुमार, आयुष गुप्ता, अंकित पाठक, हरदयाल , देवेंद्र, अनिल,पंकज, तेजपाल, कन्हैया लाल ,हर्षित साहू आदि मौजूद रहे।


अखिलेश यादव का पुतला दहन करते भाजपा युवा मोर्चा के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# विधायक ने बाछरू तालाब के सौंदर्यीकरण का भरोसा दिया

संवाददाता, सोरों जी

- सदर विधायक देवेंद्र सिंह राजपूत ने किया तालाब का निरीक्षण
- शनिवार को तालाब पर पहुंचते हैं सैकड़ों की संख्या में त्वचा रोगी

**अमृत विचारः** सदर विधायक शनिवार को बाछरू तालाब पर पहुंचे। स्थानीय लोगों से तालाब की विशेषताओं के बारे में जानकारी की। विधायक ने तालाब के जीर्णोद्वार और सौंदर्यीकरण का भरोसा दिया है।

गंगा समग्र योजना के तहत सदर विधायक देवेंद्र सिंह राजपूत सोरों पौराणिक स्थल बाछरू तालाब पर पहुंचे। लोगों ने उन्हें बताया यहां प्रतिदिन और खास तौर पर शनिवार को त्वचा रोग से पीडित आते हैं। तालाब के पानी को मिलाकर स्नान करते है। उन्हें विश्वास है कि स्नान करने से त्वचा रोग दूर हो जाते हैं। इसी स्थान पर प्रतिवर्ष देव छठ के दिन बड़ा मेला लगाता है। विधायक ने तालाब का जीर्णोद्वार और सौंदर्यीकरण कराने का भरोसा दिया। गंगा समग्र के सह प्रांत संयोजक हेमेंद्र शास्त्री, डा. संतोष कुमार शर्मा, मनोज वशिष्ठ,रूप राम सहित गंगा समग्र के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


तीर्थनगरी के बाछरू तालाब का निरीक्षण करने पहुंचे सदर विधायक देवेंद्र सिंह राजपूत।

## सोरों में भेड़िये की आहट से फैली दहशत

**सोरों जी, अमृत विचार :** तीर्थ नगरी के रेलवे रोड पर भेड़िया आने की अफवाह से लोगों में दहशत है। सीसीटीवी में कैद हुए भेड़िए जैसे जानवर का वीडियो वायरल हो रहा है। अधिकांश लोग इसे भेड़िया बता रहे हैं। सोरों में भेड़िया की अफवाह से दहशत फैल गई। स्टेशन रोड पर गली में शुक्रवार रात को सीसीटीवी में ये जानवर कैद हो गया। सीसीटीवी का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है।तीर्थ नगरी के स्टेशन रोड निवासी रामगोविंद महेरे के घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में भेड़िया जैसा दिखने वाला जानवर दिखाई दिया। सीसीटीवी में अचानक जानवर को देखकर परिजन दहशत में आ गए। इसके बाद लोग एकत्रित हो गए। लोगों ने सीसीटीवी में इस जानवर को देखा। बताया जा रहा है कि तीन दिन पहले एक बकरी को भी जानवर उठाकर ले गया था। वन विभाग के पास भी यह वीडियो पहुंची। वन क्षेत्राधिकारी विवेक ने बताया कि जो जानवर सीसीटीवी मे दिखाई दे रहा है, उसकी पूंछ लंबी दिखाई है। क्षेत्र में कौन सा जानवर है इसकी जानकारी के लिए रात में निगरानी को टीम लगाई जाएगी।

# संघ की सर्वोपरिता राष्ट्र

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ 100 बरस का होने जा रहा है। संघ संप्रति दुनिया का सबसे बड़ा स्वयंसेवी संगठन है। दुनिया का कोई भी देश ऐसा स्वयंसेवी संगठन नहीं बना पाया। डॉ. हेडगेवार ने इसकी स्थापना विजयदशमी (सन 1925) के दिन की थी। तब से अब तक हजारों झंझावात झेलते हुए संघ लगातार सक्रिय है। संघ की कार्य पद्धति विशिष्ट है इसके बारे में कम लोग जानते होंगे। कई स्वयंभू विद्वान संघ को ब्रेनवाश कर देने वाला संगठन मानते हैं। कई इसे सांप्रदायिक भी कहते हैं। केवल कहते ही नहीं संघ का विरोध करने के लिए हिन्दू विरोधी तमाम घटनाओं में संघ की साजिश बताते हैं,लेकिन संघ अपने सेवा कार्यों में संलग्न रहता है। सो डॉ. हेडगेवार द्वारा रोपा गया बीज अब विराट वृक्ष बन गया है।

संघ और भाजपा के रिश्तों पर बहसें चलती हैं। तब भाजपा का नाम जनसंघ था। देश की राजनीति में तुष्टिकरण था। अंतर्राष्ट्रीय परिस्थितियों के दबाव में ब्रिटिश प्रधानमंत्री एटली ने भारतीय स्वाधीनता की घोषणा (20-2-1947) की। मुस्लिम लीग की अलग मुल्क की मांग पर युद्ध जैसी आक्रामकता थी। कट्टरपंथी अलगाववाद को तुष्टिकरण का पुष्टाहार मिला। देश बंट गया। हजारों लोग मारे गए। महात्मा गांधी की भी हत्या हुई। संघ पर प्रतिबंध लगा। पाकिस्तानी कबाइली हमला (1948) हुआ। तत्कालीन राजनैतिक दल व नेता राष्ट्रवाद से दूर थे। हिन्दुओं के मर्म से दूर थे। एक राष्ट्रवादी दल की आवश्यकता थी। श्री गुरुजी की प्रेरणा से भारतीय जनसंघ की स्थापना (1951) हुई। जम्मू कश्मीर के दो निशान, दो प्रधान, दो विधान का विरोध, गोवध निषेध और समान नागरिक कानून जैसे राष्ट्रवादी मुद्दे गरमाए। सरसंघचालक गुरु जी ने गोवध निषेध व हिन्दू श्रद्धा स्थान को नष्ट करने की प्रवृत्ति पर लिखते (1952) हुए कहा, "गाय अनादि काल से आराध्य है। समाज विजेता के उन्माद में पराजित जाति को अपमानित करते हुए श्रद्धा स्थानों को नष्ट करना, धन, मान लूटना, मानो विजय आनंद लेना है।" तिब्बत पर चीनी कब्जा हुआ गुरु जी ने इसे हृदय विदारक (18 मई 1959) बताया।



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

> राष्ट्रीय स्तर के एक वरिष्ठ पत्रकार खुशवंत सिंह से द्वितीय सरसंघचालक म. स. गोलवलकर की भेंट हुई थी। उनसे मिलने के बाद खुशवंत सिंह ने लिखा था, "कुछ लोग ऐसे होते हैं जिनको बिना समझे ही हम घृणा करते हैं। ऐसे लोगों की मेरी सूची में गुरु गोलवलकर प्रथम थे।"

भारत पर चीन का हमला 1962 में हुआ था। तत्कालीन सरसंघचालक ने दिल्ली में कहा था, "सेना के लोगों को प्रोत्साहन देना चाहिए। उनके परिवारों की सहायता करनी चाहिए। जाति, भाषा और राजनीति सहित सभी मतभेदों को हृदय से हटाएं। हमारा समूचा राष्ट्र और उसके सामने खड़ा शत्रु,केवल इतना ही ध्यान में रखें।" संघ चीन युद्ध के दौरान सरकार के साथ था। राजनैतिक दलों व संघ के ध्येय व लक्ष्यों में भी अंतर है। संघ की दृष्टि में पृथ्वी माता है। भारत माता है। संघ के लोग इसी सेवा में निःस्वार्थ भाव से जुटे हैं। संघ के स्वयंसेवकों ने स्वाधीनता संग्राम में हिस्सा लिया था,लेकिन राहुल गांधी ने संघ के संबंध में अपनी समझ में एक मजेदार टिप्पणी की है। उनकी इस टिप्पणी की खासी चर्चा है। उन्होंने कहा है कि, "राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कुछ मतों व भाषाओं को कमतर आंकता है। राहुल गांधी की टिप्पणी निराधार है। राहुल गांधी ने कुछ समय पहले संघ को समझने का प्रयास किया था। उन्होंने कहा था कि संघ से सीधी लड़ाई लड़ने के लिए उपनिषद और गीता पढ़ेंगे। आलोचना बुरी नहीं होती। प्रत्येक व्यक्ति और संगठन को आलोचना का अधिकार है,लेकिन संघ कार्य पारदर्शी है। कह सकते हैं कि संघ एक ओपन यूनिवर्सिटी है। राष्ट्र का सर्वांगीण विकास व अभ्युदय के लिए संघ के स्वयंसेवक सदा तत्पर रहते हैं। नासमझी में अनेक सुशिक्षित विद्वान भी संघ के आलोचक हैं। तुष्टिकरणवादी वोट बैंक के कारण संघ की निंदा करते हैं।

राष्ट्रीय स्तर के एक वरिष्ठ पत्रकार खुशवंत सिंह से द्वितीय सरसंघचालक म. स. गोलवलकर की भेंट हुई थी। उनसे मिलने के बाद खुशवंत सिंह ने लिखा था, "कुछ लोग ऐसे होते हैं,जिनको बिना समझे ही हम घृणा करते हैं। ऐसे लोगों की मेरी सूची में गुरु गोलवलकर प्रथम थे।" खुशवंत सिंह ने 'आरएसएस एंड हिन्दू मिलिटरिज्म' के हवाले से कई सवाल पूछे। ईसाइयों के संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में गुरु जी ने कहा, "धर्मांतरित करने के तरीकों के अलावा हमारा उनसे कोई विरोध नहीं है।" मुसलमानों के बारे में कहा कि, "मुसलमानों को भारतीयता के प्रवाह में मिल जाना चाहिए।" ईरानी मूल के पत्रकार डॉ. जिलानी से कहा, "पाकिस्तान ने पाणिनि की 5000 वीं जयंती मनाई है। पाणिनि पूर्वज हैं। भारत के मुसलमान पाणिनि, व्यास और वाल्मीकि आदि को महान पूर्वज क्यों नहीं मानते? भारतीय राष्ट्रवाद प्राचीन धारणा है। यहां राष्ट्र संस्कृति आधारित है। इस राष्ट्रवाद के स्रोत वैदिक वांगमय में हैं। ऋग्वेद, अथर्ववेद में राष्ट्र शब्द की आवृत्ति कई बार हुई है। स्वयंभू विद्वान स्वाधीनता संग्राम के दौरान विकसित राष्ट्रभाव को अलग मानते हैं और सनातन राष्ट्रवाद को कमतर। स्वाधीनता आंदोलन हर तरह से प्रत्येक भारतवासी को प्रिय है। स्वाधीनता आंदोलन के आदर्श व मूल्य आदर योग्य हैं।

दुर्भाग्य से भारत को आजादी मिलने के बाद नए सत्ताधीश राष्ट्रवाद से पृथक हो गए। बंकिम चन्द्र चटर्जी द्वारा लिखी गई अंतर्राष्ट्रीय ख्याति की कविता 'वंदे मातरम' के एक हिस्से को संविधान सभा ने राष्ट्रगीत घोषित किया था,लेकिन स्वाधीनता के बाद अनेक पंथिक मजहबी संस्थाओं ने वंदे मातरम गाने से इंकार किया, लेकिन संघ के कार्यक्रमों में वंदे मातरम प्रशंसा पूर्वक गाया जाता है। आज भारत के कोने-कोने में वंदे मातरम का गान होता है। वंदे मातरम गाने से इंकार करने वाले संगठन अकड़ते रहे। संघ ने सबको साथ लेते हुए भारतीय राष्ट्रवाद को सर्वोपरि बताया है। सांस्कृतिक प्रतीकों को सम्मान देने की परंपरा संघ ने यत्र तत्र सर्वत्र प्रसारित की। संघ की सांगठनिक क्षमता बड़ी है। उच्च शिक्षित युवा संघ कार्य को राष्ट्रीय दायित्व मानते हैं। वे उच्च शिक्षा से प्राप्त अवसरों की चिंता नहीं करते। वे घर परिवार छोड़कर संघ कार्य में जुटते हैं। वे संघ का अनुशासन मानते हैं और देश के लिए काम करते हैं। संघ राजनैतिक दल की तरह मेंबरी नहीं कराता। संघ के पास सैकड़ों पूर्णकालिक कार्यकर्ता हैं। दुनिया का कोई भी देश ऐसे सुशिक्षित समर्पित कार्यकर्ताओं का स्वयंसेवी संगठन नहीं बना पाया।

आने वाली विजयादशमी के दिन संघ 100 बरस का हो जाएगा। संघ शाखा पर प्रार्थना में लक्ष्य सुस्पष्ट हैं। परं वैभवं नेतुमेतत् स्वराष्ट्रं, समर्था भवत्वाशिषा ते भृशम्-यहां राष्ट्र का परम वैभव ही संघ का लक्ष्य है। संघ के कार्यकर्ता सुबह उठते ही भारत भक्ति स्तोत्र पढ़ते हैं। इस स्तोत्र में अनेक महापुरुषों के मध्य डॉ.आंबेडकर को भी प्रणाम किया गया है। जाति-पाति, पथ, मत और मजहब से भिन्न राष्ट्र की सर्वोपरिता संघ की मान्यता है। संघ कार्य देश के सनातन विचार प्रवाह का हिस्सा है। राष्ट्रवाद से ओत प्रोत कार्यकर्ताओं का निर्माण होता रहता है। संघ राष्ट्रवादी संस्कार देने के काम में संलग्न है। संघ के कार्यकर्ता निःस्वार्थ भाव से काम करते हैं।

# भाषाओं का भविष्य

हिन्दी दिवस के अवसर पर किसी ने कहा था, 'हिन्दी की विजय हुई है, इसका जश्न मनाया जा रहा है।' हिन्दी ने किस पर विजय प्राप्त की है, इसने किसे पराजित किया है? वह हिन्दी जिसने बलात किसी पर विजय पाकर अपनी जगह बनाई है, वह हमारी हिन्दी नहीं है। मेरा ख्याल है कि हिन्दी दिवस को भारतीय भाषाओं के आत्मसम्मान दिवस के रूप में मनाया जाना चाहिए। हिन्दी सहित सभी भारतीय भाषाओं का 21 वीं सदी के नए दौर में एक साथ उत्थान होना है या इन्हें एक साथ अप्रासंगिक हो जाना है। इनका विकास परस्पर निर्भर है। भारतीय भाषाओं के भविष्य के साथ ही हिन्दी का भविष्य जुड़ा हुआ है।



शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

हिन्दी और भारतीय भाषाओं की अपने देश में हालत यह है कि कस्टमर केयर वाले कहते हैं कि अंग्रेजी में बात करने के लिए नंबर एक दबाइए। अंग्रेजी में बात करने के लिए नंबर दो क्यों नहीं दबाया जाए? दरअसल आम लोगों के भीतर जब तक अपनी भाषा को लेकर आत्मविश्वास पैदा नहीं होगा,अपनी भाषा से प्रेम भी बढ़ नहीं पाएगा। मुश्किल है कि सारी नई चीजें, सारे ज्ञान-विज्ञान अंग्रेजी में लाकर सार्वभौम स्तर पर उपर्युक्त आत्मविश्वास तोड़ा जा रहा है। मानो कहा जा रहा हो, एक बाजार-एक भाषा। यह समय विविधताओं का शत्रु बना हुआ है। कोई भी भाषा तालाब नहीं है। वह चिड़िया की तरह है,जो सरहद नहीं देखती। भारत की हर राष्ट्रीय भाषा का अपना एक विश्व है,जो परस्पर आदान-प्रदान से और कठिन संघर्षों के बीच से बना है। हमें भारतीय भाषाओं के बीच आपसी भिन्नता के साथ उनके बीच संबंधों को भी पहचानना चाहिए।

साल भर पहले संस्कृति मंत्रालय के एक पूर्व अधिकारी और पूर्व राज्यसभा सदस्य श्रीजहर सरकार का एक लेख पढ़ा था। इसमें उन्होंने लिखा है, 'हिंदुत्व से भी भयंकर है हिन्दीत्व। बहुसंख्यकता के बल पर देश पर जबरदस्ती हिन्दी थोपने की कोशिश हो रही है।' कहना न होगा कि यह वक्तव्य उनकी राजनीतिक दरिद्रता का प्रमाण है, वे 'आमरा बंगाली' की भाषा में बात करते रहे हैं।

सभी जानते हैं कि खुद संविधान किसी भी प्रदेश पर हिन्दी थोपने के विरुद्ध है, पर जो अंग्रेजी थोपे जाने या अंग्रेजी वर्चस्व के विरुद्ध हैं, उन्हें अपनी भाषा में ज्ञान पाने तथा काम करने का अधिकार क्यों नहीं है? अंग्रेजी वर्चस्व के विरोध का अर्थ निश्चय ही अंग्रेजी में ज्ञान प्राप्त करने या जहां जरूरी है,वहां अंग्रजी में काम करने का विरोध नहीं है।

हिन्दी की दुनिया में हिन्दीत्व जैसी चीज नहीं है और हिन्दी को किसी को पराजित करके अपना स्थान नहीं बनाना है। हिन्दी कई भाषाओं और बोलियों का सामूहिक निर्माण है। इसकी प्रकृति में ही असीम खुलापन, उदारता और मिश्रणशीलता है। रामानंद ने दक्षिण के रामानुजाचार्य को, सूरदास ने दक्षिण के वल्लभाचार्य को, भारतेंदु ने बांग्ला के विद्यासागर को, निराला ने रवींद्रनाथ को कभी गैर नहीं माना। नजीर अकबराबादी की भाषा कहां हिन्दी और कहां उर्दू है, तय करना मुश्किल है। हम हिन्दी के लोगों ने सैकड़ों साल से वर्चस्व (हेजीमनी) और सामंजस्य (हार्मनी) में हमेशा सामंजस्य चुना है। पूरे भारत में तो निश्चित रूप से, खुद हिन्दी संसार में भी बोलने के टोन, विश्वासों और रुचियों की विविधता है। यह विविधता दीवारों वाली नहीं खिड़कियों वाली है।

हिन्दी की प्रकृति में ही सामंजस्य है, हार्मनी है। हार्मनी की भावना संगीत के सात सुरों सरीखी होती है-अंतर निर्भर। हार्मनी में आनंद है, वर्चस्व पीड़ा देता है। मुझे यही कहना है इस सुखवादी आधुनिक संसार में, 'मनी' के साथ थोड़ी 'हार्मनी' की भी चिंता करें। परस्पर सद्भाव से ही भारतीय भाषाओं के बीच अंतर्संबंध और अंतरजातीयता विकसित की जा सकती है। हिन्दी पर आक्रामक हिन्दीत्व का आरोप या हिन्दी की विजय का मिथ्या दंभ वस्तुतः एक न एक किस्म के अंध राष्ट्रवाद की ही देन है।

# सहकारी क्षेत्र में नई जान फूंकेंगे पैक्स

दुनिया भर में 'अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष-2025' के स्वागत की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। यह ऐसे समय में हो रहा है जब भारत का सहकारिता क्षेत्र मजबूत स्थिति में है और देशभर में नई, मजबूत और तेजी से उभरती हुई प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पैक्स) का प्रसार हो रहा है। आर्थिक और प्रशासनिक सुधारों से लैस ये पैक्स अब ग्रामीण और कृषि प्रधान भारत में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'सहकार से समृद्धि' के सपने को साकार करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

यद्यपि भारत में सहकारिता का गौरवशाली इतिहास रहा है, लेकिन कुप्रबंधन, संकट के समय पर्याप्त सरकारी समर्थन की कमी और आवश्यक सुधारों की अनुपस्थिति के कारण इसके विकास में रुकावट आई है। हालांकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा अपने दूसरे कार्यकाल में सहकारिता मंत्रालय का गठन करने और अपने भरोसेमंद सहयोगी अमित शाह को इसकी कमान सौंपने के तुरंत बाद सहकारिता क्षेत्र में बदलाव की बयार बहने लगी। गुजरात में सहकारिता आंदोलन को नया आकार देने वाले सुधारों के प्रणेता के रूप में विख्यात सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कार्यभार संभालने के तुरंत बाद राष्ट्रीय सहकारिता परिदृश्य में बड़े पैमाने पर सुधार किए, जिससे दुनिया इस क्षेत्र की ओर उम्मीद से देखने लगी। सहकारिता की क्षमता को अब देश के भविष्य को आकार देने वाले क्षेत्र के रूप में देखा जा रहा है। वित्त मंत्रालय के साथ हुए बजट परामर्श में भारतीय राष्ट्रीय सहकारी संघ (एनसीयूआई) ने प्रमुख क्षेत्रों में सेवाएं प्रदान करने की क्षमता को बढ़ाने के लिए



शाजी के.वी
अध्यक्ष, नाबार्ड

> सहकारिता मंत्रालय का अगला महत्वपूर्ण कार्य इस क्षेत्र में लोगों का विश्वास जीतना था,जो दशकों से कुप्रबंधन से ग्रस्त था। पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए 63,000 पैक्स का कम्प्यूटरीकरण किया जा रहा है।

सहकारी समितियों के व्यापक नेटवर्क का लाभ उठाने की सिफारिश की। सहकारिता क्षेत्र के पुराने जानकार अमित शाह सहकारिता क्षेत्र के विकास में बाधा डालने वाली वजहों से अच्छी तरह परिचित हैं। इन बाधाओं में पैक्स के विविधीकरण की कमी थी, जिसने उन्हें लगभग अव्यवहार्य बना दिया।

शाह ने पैक्स के लिए जो सबसे महत्वपूर्ण कार्य किया, वह उनके बायलॉज यानी उप-नियमों में बदलाव लाना था। पैक्स की समस्याओं से छुटकारे के लिए मॉडल बायलॉज लाकर, उन्हें बहुउद्देश्यीय बनाने पर जोर दिया जा रहा है। इससे उन्हें अपने व्यवसाय को 25 से अधिक व्यावसायिक गतिविधियों से जोड़कर विविधता लाने में मदद मिली है। अब वे कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) के रूप में काम कर रहे हैं, जो ग्रामीण भारत में 300 से अधिक ई-सेवाएं, जैसे-बैंकिंग, बीमा, आधार नामांकन/अपडेशन, स्वास्थ्य सेवाएं, पैन कार्ड और आईआरसीटीसी/बस/हवाई टिकट आदि सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। अब तक 35,000 से अधिक पैक्स ने ग्रामीण नागरिकों को सीएससी सेवाएं प्रदान करना शुरू कर दिया है। साथ ही, अब उन्हें प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र (पीएमकेएसके), जल समितियों, एलपीजी वितरकों, खुदरा पेट्रोल/डीजल दुकानों, किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) आदि के रूप में कार्य करने में सक्षम बनाया जा रहा है। पैक्स अब गांवों में सस्ती दरों पर गुणवत्ता वाली जेनेरिक दवाओं के वितरण के लिए प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र के रूप में भी काम कर रहे हैं, जिससे ग्रामीण आबादी के लिए सस्ती दवाएं उपलब्ध कराते हुए आय का एक और स्रोत पैदा हो रहा है। ये सभी प्रयास पैक्स की आय बढ़ाने और उन्हें आर्थिक रूप से व्यवहार्य बनाने के लिए किए जा रहे हैं।

सहकारिता मंत्रालय का अगला महत्वपूर्ण कार्य इस क्षेत्र में लोगों का विश्वास जीतना था, जो दशकों से कुप्रबंधन से ग्रस्त था। पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए 63,000 पैक्स का कम्प्यूटरीकरण किया जा रहा है। अब तक 23 हजार से अधिक पैक्स को एंटरप्राइज रिसोर्स प्लानिंग सॉफ्टवेयर के साथ एकीकृत किया जा चुका है। पैक्स के कम्प्यूटरीकरण से उन्हें सीधे राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) से जोड़ा जा सकेगा। कॉमन अकाउंटिंग सिस्टम (सीएएस) और मैनेजमेंट इंफॉर्मेशन सिस्टम (एसआईएस) से संचालन में एकरूपता आएगी। सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सहकारी क्षेत्र से जुड़े सभी लोगों से जिला सहकारी बैंकों में बैंक खाते खोलने का आह्वान किया है ताकि उन्हें व्यवहार्य बनाया जा सके। उनके अनुसार सहकारी समितियों के बीच सहयोग एक मजबूत आर्थिक सिद्धांत है, जो मजबूत सहकारी क्षेत्र के निर्माण के लिए जरूरी है। साल 2024 में सहकारिता मंत्रालय का दूसरी बार कार्यभार संभालते हुए अमित शाह ने जमीनी स्तर पर नीतियों को प्रभावी ढंग से लागू करके इस क्षेत्र को मजबूत करने का संकल्प लिया है। उन्होंने कहा था कि उनके पिछले कार्यकाल में नीतिगत ढांचा बनाने पर ध्यान केंद्रित किया गया था और वर्तमान कार्यकाल में उनकी प्राथमिकता इन नीतियों को जमीनी स्तर तक ले जाने की होगी। सहकारिता मंत्रालय द्वारा की गई सबसे महत्वपूर्ण पहल में से एक सहकारी क्षेत्र में 'विश्व का सबसे बड़ा विकेंद्रीकृत अनाज भंडारण कार्यक्रम' है।

इस योजना का उद्देश्य पैक्स स्तर पर अनाज भंडारण के लिए विकेंद्रीकृत गोदाम, कस्टम हायरिंग सेंटर, प्राथमिक प्रसंस्करण इकाइयां और अन्य कृषि अवसंरचनाएं बनाना है। कृषि अवसंरचना कोष (एआईएफ), कृषि विपणन अवसंरचना (एएमआई), कृषि यंत्रीकरण पर उप-मिशन, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों का औपचारिकीकरण आदि सरकार की विभिन्न योजनाओं को मिलाकर इस योजना का उद्देश्य देश के लिए एक विशाल भंडारण क्षमता का निर्माण करना है। चूंकि पैक्स ग्रामीण विकास की रीढ़ हैं, इसलिए इनके सुदृढ़ीकरण और पुनरुद्धार से बहुत जल्द ही ग्रामीण अर्थव्यवस्था के विकास को बढ़ावा मिलेगा। पैक्स से जुड़ी गतिविधियों के बढ़ने से जहां मौसमी बेरोजगारी खत्म होने की उम्मीद है,वहीं इससे करीब 1 लाख पैक्स से सीधे जुड़े 13 करोड़ किसानों को विशेषरूप से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार और आय सृजन में फायदा होगा।

# हिन्दी दिवस का पाखंड पर्व

हिन्दी की विशेषताओं के बारे में जितना कुछ कहा जा सकता है, आपने अब तक पढ़-सुन लिया होगा। आज हमारी हिन्दी जिन कुछ कमियों की वजह से राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी अपेक्षित गौरव हासिल नहीं कर पाई है,उनकी बात कोई नहीं करेगा।

यह सही है कि देश-दुनिया में आज हिन्दी बोलने या समझने वालों की संख्या हमेशा से ज्यादा है और उसमें कुछ अच्छा साहित्य भी रचा गया है,लेकिन अर्थ और विज्ञान के इस युग में किसी भी भाषा का सम्मान उसे बोलने वालों की संख्या और उसका साहित्य नहीं, विज्ञान और तकनीक को आत्मसात करने और रोजगार देने की उसकी क्षमता तय करती है। आज की युवा पीढ़ी में हिन्दी के प्रति जैसी उदासीनता और अंग्रेजी के प्रति जो क्रेज है, वह अकारण नहीं है। हिन्दी में साहित्य के अलावा कुछ भी काम का नहीं लिखा गया। अगर युवा विज्ञान, टेक्नोलॉजी, मेडिकल, प्रबंधन, विधि की पढ़ाई करना चाहे तो अंग्रेजी के बगैर उनके पास चारा क्या है? इन विषयों पर हिन्दी में कायदे की किताब ही नहीं लिखी जा सकी,जो कुछ किताबें हिन्दी में उपलब्ध हैं,उनमें तकनीकी शब्दों के अनुवाद इतने जटिल और कहीं-कहीं हास्यास्पद है कि अंग्रेजी की किताबें पढ़ लेना आपको ज्यादा सहज लगेगा। हालत यह है कि हम में से 'हिन्दी-हिन्दी' करने वाला शायद ही कोई होगा,जो अपनी संतानों को अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों में नहीं पढ़ा रहा हो।



ध्रुव गुप्त
सेवानिवृत्त आईपीएस

हिन्दी हमारी भावनाओं की भाषा है। हम हिन्दीभाषी अपनी भाषा के प्रति जितने भावुक हैं,उतने व्यावहारिक कभी नहीं हुए। तेजी से भागते के इस समय में वे वही भाषाएं टिकी रह जाएंगी,जिनमें विज्ञान और तकनीक को आत्मसात करने की क्षमता है। इस कसौटी पर रूसी, चीनी, फ्रेंच, जर्मन, जापानी जैसी भाषाओं ने अंग्रेजी को चुनौती दी है। हिन्दी ही नहीं, अपने देश की तमाम भाषाएं इस दौड़ में पीछे छूट गई हैं। यकीन मानिए कि अगर अगले कुछ दशकों में हिन्दी को ज्ञान-विज्ञान और तकनीकी शिक्षा की भाषा के रूप में विकसित नहीं किया गया तो हमारी आने वाली पीढ़ियां इसे गंवारों की भाषा कहकर खारिज कर देंगी।

# मातृभाषा को लिखने-बोलने में शर्म क्यों

हम सभी हिन्दी दिवस मनाते तो हैं,पर विडंबना यह है कि मनाकर भूल जाते हैं। सितंबर आते ही हिन्दी की अलख चारों ओर जगने लगती है और जैसे ही हिन्दी पखवाड़ा खत्म होता है वैसे ही हिन्दी को हम फिर से भूलने लगते हैं। क्या हिन्दी दिवस मनाने भर से हमारी हिन्दी का विकास हो जाएगा या हमारी हिन्दी भाषा को सम्मान मिल जाएगा? नहीं बिल्कुल नहीं, जब तक हम हिन्दी में पढ़ना, हिन्दी में लिखना और हिन्दी में ही बोलने का संकल्प नहीं लेंगे, तब तक हमारी हिन्दी भाषा उन्नति नहीं कर पाएगी।



राजबाला धैर्य
शिक्षिका

दूसरी भाषाओं को सम्मान करना ठीक है, लेकिन अपनी मातृभाषा/राष्ट्रभाषा हिन्दी को सम्मान देना,उसे अपनी दिनचर्या में शामिल करना बहुत जरूरी है। हम कहीं भी हो किसी भी पद पर हो, हिन्दी बोलने में हमें शर्माना नहीं चाहिए। नेपाल,भूटान, मॉरीशस जैसे देशों में हिन्दी को बहुत सम्मान दिया जाता है। फिर हम भारतवासी अपनी मातृभाषा को बोलने में लिखने में क्यों शर्म और संकोच महसूस करते हैं? आप अपनी बात हिन्दी में कहकर तो देखिए, समझना न समझना दूसरों पर छोड़ दीजिए। जब हम अपनी बात को हिन्दी में कहने पर झिझकते हैं तो दूसरों से उसको समझने की या सम्मान देने की उम्मीद कैसे कर सकते हैं? आज अंग्रेजी भाषा को जिस सम्मान और गर्व से समाज में देखा समझा जाता है उस गर्व-सम्मान से हिन्दी को नहीं। यदि स्कूलों की बात करें तो हिन्दी मीडियम स्कूल और अंग्रेजी मीडियम स्कूल कहकर अक्सर ही अंतर दिखाने का प्रयास किया जाता है। हिन्दी मीडियम स्कूलों को उपेक्षा की दृष्टि से देखा जाता है। जहां बहुत जरूरी है, वहां हम अंग्रेजी बोलते हैं तो चलता है,पर जहां जरूरी नहीं है हम वहां भी अंग्रेजी बोलते हैं। यह हिन्दी के साथ अन्याय ही है।

क्या अंग्रेजी बोलने से रिश्तों की अहमियत बढ़ जाती है या प्रेम बढ़ जाता है? अपनी मातृभाषा को अपने जीवन में सम्मान सहित स्थान देने पर आखिर गुरेज क्यों? हजारों साल से जो हिन्दी भाषा हम सभी भारतवासियों के जीवन में संवाद का कार्य कर रही है,उसे अंग्रेजी के कवर से ढकने की क्या जरूरत है?

# हिन्दी के प्रसार में माननीयों का योगदान

हिन्दी दिवस के मौके पर लेख लिखने की परंपरा है। अधिकतर में हिन्दी की स्थिति के मजे लिए जाने का चलन है। लोग देवनागरी में अंग्रेजी लिखकर हिन्दी की खिल्ली टाइप उड़ाते हैं। थोड़ा पढ़े-लिखे लोग परसाई जी का कथन दोहरा देते हैं-'दिवस तो कमजोर का मनाया जाता है।' इस बहाने वे घुमा-फिराकर यही कहना चाहते हैं कि हिन्दी दिवस मनाना बेकार का काम है। बंद कर देना चाहिए,लेकिन उनके कहने से क्या होता है। दिवस नहीं मानेगा तो हिन्दी के नाम पर स्यापा और गर्व कैसे होगा? राजभाषा ग्रांट कैसे ठिकाने लगेगी?

इस मौके पर हिन्दी के प्रसार में तमाम लोगों के योगदान की चर्चा होती है। फिल्मों, गानों और दीगर लोकप्रिय माध्यमों का हवाला दिया जाता है। देवकीनंदन खत्री के चंद्रकांता सीरीज लेखन के बारे में बताया जाता है कि लोगों ने उसको पढ़ने के लिए हिन्दी सीखी। इधर बेव सीरीज और ओटीटी प्लेटफॉर्म पर आई पिक्चरों ने भी हिन्दी के प्रसार में काफी योगदान किया है। इन फिल्मों ने गाली-गलौज और नितांत अकेले में प्रयोग की जाने वाली शब्दावली को सार्वजनिक रूप से प्रयोग करने में होने वाली झिझक मिटाने में बहुत मेहनत की है। जिस तरह हमारे देश की राजनीति ने भ्रष्ट आचरण



अनूप शुक्ल
कानपुर

> माननीयों ने आम लोगों की समझ में आने वाली भाषा का प्रयोग करते हुए भाषा के प्रसार में अमूल्य योगदान दिया है। पहले जो भाषा लोग ढके-छिपे प्रयोग करते थे उसे मंच पर लाकर सम्मान दिया है।

को सहज और स्वीकार्य बनाया है उसी तरह इन फिल्मों ने भी खराब मानी जानी वाली बातचीत को प्रचलित करते हुए भाषा की संपदा में इजाफा किया है। इनका योगदान भी कालजयी फिल्मों से कमतर नहीं है।

तमाम लोगों के योगदानों के अलावा राजनीति के माननीयों ने भी हिन्दी के प्रसार में काफी योगदान दिया है। आम बोलचाल की भाषा में अपने बयान देते हुए गाली-गलौज, गलीच और गुंडई की भाषा का प्रयोग करते हुए आम जनता को संदेश दिया है कि भाषा की गरिमा के चक्कर में पड़कर अपनी भाषा के विकास में रुकावट न पैदा करें।

कुछ महानुभावों की भाषा सुनकर उस प्रदेश के गुंडे-माफिया कहते होंगे-"माननीय, आप तो हमारे



पेट पर लात मार रहे हैं। आपने तो दिन-दहाड़े हमारी भाषा का अपहरण कर लिया है। हमारी भाषा में जनता को संबोधित कर रहे हैं। हम पर दया करिए। हम किसी को धमकाते हैं तो लोग धमकने से इंकार कर देते हैं। कहते हुए-'ये भाषा तो हमारे मुखिया बोलते हैं। तुम उनकी नकल करके हमको धमकाने की कोशिश मत करो।'

माननीयों ने आम लोगों की समझ में आने वाली भाषा का प्रयोग करते हुए भाषा के प्रसार में अमूल्य योगदान दिया है। पहले जो भाषा लोग ढके-छिपे प्रयोग करते थे उसे मंच पर लाकर सम्मान दिया है। ठोंकना, पेलना, गाड़ देना जैसे सभा वर्जित शब्दों को आम बोलचाल की भाषा बनाया है। बहुत काम किया है माननीयों ने। गाली-गलौज और पहले कभी गंदी समझी जाने वाली भाषा को खुलेआम प्रयोग करके जनभाषा के रूप में मान्यता दिलाई है।

गलीच माने जाने वाली भाषा को जनभाषा के रूप में स्थापित करने के अलावा माननीयों ने अपने आचरण से भाषा के व्याकरण में भी बहुत काम किया है। मुहावरों के मतलब बदलने में योगदान दिया है। कुछ दिनों तक 'गले लगना' और 'गले पड़ना' अलग-अलग माने जाते थे। उनके अर्थ अलग-अलग माने जाते थे। माननीय ने अपने आचरण दोनों के मतलब एक ही कर दिए। दोनों का मतलब 'गले पड़ना' ही हो गया।

हिंदी भाषा के विकास और प्रचार-प्रसार में माननीयों ने अतुलनीय योगदान किया है। उनके योगदान की हमेशा उपेक्षा की गई है। यहां जो चंद उदाहरण जो पेश किए गए वह तो माननीयों के सार्वजनिक वक्तव्यों और आचरण को देखते हुए किए गए। अपने निजी और 'तखलिया' व्यवहार में अगर उनके योगदान शामिल कर लिया जाए तो उसकी महिमा का बखान असंभव ही हो जाएगा।

अपनी भाषा के प्रसार में सभी को योगदान करना चाहिए। हमसे इतना ही हो पाया। बाकी आप भी करिए। सब कुछ माननीय ही करेंगे क्या? वो यही सब करेंगे तो जोड़-तोड़ और माननीय बने रहने के लिए जरूरी दीगर सियासी हरकतें कौन करेगा?

# हिन्दी का शत्रु कौन

जब हिन्दी को बढ़ावा देने की बात आती है, तो हिन्दी सिनेमा को श्रेय दिया जाता है। सच तो यह है कि बोलचाल की हिन्दी को लोकप्रिय बनाने में हिन्दी फिल्म उद्योग ने महत्वपूर्ण योगदान किया है,किंतु यह भी उतना ही सच है कि हिन्दी का बंटाधार करने में भी सिनेमा वालों ने कोई कमी नहीं छोड़ी है।

उदाहरण देखिए, धंधा शब्द को फिल्म जगत ने गंदे काम के पर्यायवाची के रूप में बदल दिया, जबकि धंधा शब्द अत्यंत पवित्र है और संस्कृत के धन और धान्य से मिलकर बना है। किसी भी भाषा के विकास की पहली शर्त होती है कि वह समय के साथ स्वयं को बदले और चर्चा व चलन में आ चुके अन्य भाषाओं के शब्दों को अंगीकार करें। हिन्दी ने यह काम बखूबी किया है,अन्य भाषाओं के शब्द खुले दिल से अपनाए हैं। हालांकि कुछ भाषाविदों को दूसरी भाषाओं के शब्दों को अपनाना अखरता भी है। स्कूल, कालेज, कोर्ट, रेल, ट्रेन हों या हाजिर जवाब, असल, हकीकत, खैर, सेहत जैसे शब्द हों, ये दूसरी भाषाओं से आए और हिन्दी में खूब उपयोग किए जाते हैं। इसके बावजूद युवा पीढ़ी को हिन्दी से जोड़ने के लिए मुहिम चलाने की आवश्यकता पड़ रही है, क्यों? क्योंकि रूढ़िवादी लोगों, विशेष कर सरकार के विभिन्न विभागों में भाषा अधिकारी के पद पर लोगों ने हिन्दी को सरल बनाने की बजाय जटिल बनाने का कार्य किया है। यदि कोई आपसे पूछ ले कि परिवीक्षाधीन क्या होता है तो क्या आप बता पाएंगे? ट्रेनी के लिए सरकारी शब्द यही है। इसी तरह अधिशासी का अर्थ पूछने पर सिर चकरा सकता है,जो कार्यकारी यानी एक्जीक्यूटिव का सरकारी हिन्दी शब्द है।



डी पी शुक्ल
स्वतंत्र पत्रकार

एक शब्द ही क्यों,यदि कोई कहे कि मैं राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण जा रहा हूं तो आपको समझ में नहीं आएगा कि वह कहां जा रहा है। यह नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी यानि एनआईए की सरकारी हिन्दी है। अरे भाई, जब इसे राष्ट्रीय जांच एजेंसी लिखा जा सकता है तो इतना जटिल बनाना जरूरी है क्या? प्रवर्तन निदेशालय, केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो, अधिशासी अभियंता जैसे शब्द हिन्दी को जटिल बनाएंगे या सरल?

## एक नजर

### बरसात थमने के बाद पटरी पर लौटी जिंदगी

**बदायूं, अमृत विचार :** 48 घंटों तक लगातार हुई बारिश के बाद शनिवार को मौसम साफ हो गया। दिन में चटक धूप खिली। मौसम साफ होने से स्कूल कॉलेज भी खुले। साथ ही सरकारी कर्मचारी भी समय से दफ्तर पहुंचे। दिन के समय कई बार आसमान में बादल छाए, परंतु बिना बरसे ही लौट गए। हालांकि अभी कृषि विभाग के अधिकारी बारिश होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। सोमवार से मौसम पूरी तरह से साफ होने का भी अंदेशा जताया है। 48 घंटे के बाद शनिवार को मौसम साफ हो गया। सुबह के समय आसमान में बादल छाए हुए थे। परंतु दस बजे के बाद मौसम पूरी तरह से साफ हो गया, और धूप खिल गई। वहीं धूप खिलने से तापमान में भी वृद्धि देखी गई। बारिश की वजह से अधिकतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस पर चला गया था। शनिवार को अधिकतम तापमान 30 .8 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 23 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

### बंजर जमीन पर भू-माफियाओं ने किया कब्जा

**एटा :** ब्लॉक सकीट की ग्राम पंचायत सकतपुर में करीब 1500 बीघा बंजर भूमि पर आठ साल से कब्जा कर फसल की जा रही है। सदर तहसीलदार नीरज कुमार वार्ष्णेय ने बताया कि जल्द ही नायब तहसीलदार के नेतृत्व में टीम बनाकर भूमि को पैमाइश कराकर खाली कराएंगे एवं दोषियों के खिलाफ कार्रवाई भी करेंगे।

# स्कूल वैन खंती में पलटी, 15 बच्चे घायल

## भरगैन और सलेमपुर के बीच हुआ हादसा, वैन में सवार थे 18 बच्चे

संवाददाता, पटियाली

**अमृत विचारः** भरगैन और सलेमपुर के बीच बच्चों से भरी स्कूल वैन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खंती में पलट गई। हादसे में 15 बच्चे घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए कायमगंज भेजा गया है। घटना को लेकर बच्चों के अभिभावको में आक्रोश है। वैन में क्षमता से ज्यादा बचे भरे हुए थे।

शनिवार की सुबह कस्बा भरगैन स्थित एमएचकेएम एजुकेशन सेंटर की वैन थाना कंपिल जिला फर्रुखाबाद के ग्राम रेत से 18 बच्चों को स्कूल लेकर आ रही थी। ग्राम सलेमपुर और भरगैन के बीच सामने से आ रहे वाहन को बचाने के प्रयास में स्कूल की वैन सड़क किनारे खंती में पलट गई। वैन ने तीन पलटे लिए। बच्चों में चीख-पुकार मच गई। हादसे में 15 बच्चे घायल हो गए। जानकारी मिली तो स्कूल प्रबंधन और अभिभावकों में खलबली मच गई। स्थानीय लोगों ने सभी बच्चों को बाहर निकाला। इसी बीच विद्यालय प्रबंधन के लोग भी पहुंच गए। उन्होंने निजी वाहन से बच्चों को कायमगंज के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। बच्चों के अभिभावक भी अस्पताल पहुंच गए।



खेत में खडी वैन को देखते स्थानीय लोग और पुलिस कर्मी। ● अमृत विचार

- दूसरे वाहन को बचाने के चक्कर में सड़क किनारे लिए तीन पलटे

### क्षमता से ज्यादा थे बच्चे

हादसे के दौरान वैन में क्षमता से ज्यादा 18 बच्चे भरे हुए थे। सुबह फर्रुखाबाद के गांव रेतपुर से स्कूल में आ रहे थे। हादसे के बाद बच्चों के अभिभावको में आक्रोश फैल गया। उन्होंने कार्रवाई की मांग की है।

### ये बच्चे हुए घायल

अरबिंद, मयंक, कुनाल, कोमल, अवमी, प्रिया, आशीष, रागनी, रमीना, पारुल, सुशांत, दीक्षा, अंशुल, बॉबी, प्रांशी, प्रयांशी शामिल हैं। सभी की हालत खतरे से बाहर है।


दुर्घटना स्थल पर जांच करते एसडीएम कुलदीप सिंह और सीओ राजकुमार पांडेय।

### घटनास्थल पर पहुंचे एसडीएम और सीओ

स्कूली वेन पलटने की सूचना मिलते ही एसडीएम कुलदीप सिंह और सीओ राजकुमार पांडेय घटना स्थल पर पहुंचे। उन्होंने हादसे के बारे में स्थानीय लोगों से जानकारी ली। उन्होंने बताया कि वैन चालक की लापरवाही से हादसा हुआ है। एसडीएम ने कहा कि जांच पड़ताल की जा रही है। कार्रवाई की जाएगी।

## भाजपा सरकार में परेशान है जनता: लक्ष्मण सिंह

**गंजडुंडवारा, अमृत विचारः** समाजवादी पार्टी के पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ की मोहनपुर में मासिक बैठक में भाजपा सरकार पर तंज कसे। साथ ही 2027 विधान सभा चुनाव को लेकर रणनीति तैयार की।

- सपा पार्टी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ की मासिक बैठक में सरकार पर तंज

बैठक का संचालन करते सपा जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह यादव ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा पिछड़े वर्ग के लोगो के अधिकारों का हनन किए जा रहा है। महंगाई, बेरोजगारी चरम सीमा पर है। महिलाओं की हत्याएं हो रही हैं। उदयभान सिंह लोधी ने कहा कि भाजपा पिछड़ा विरोधी, संविधान विरोधी और आरक्षण विरोधी है। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने जो पीडीए का नारा दिया है। उसी से सर्व समाज का विकास संभव हो सकता है। सपा प्रवक्ता अब्दुल हफीज गांधी ने कहा कि 2027 विधानसभा चुनाव को लेकर कार्यकर्ता अभी से जुट जाए। गांव-गांव जाकर लोगों से चर्चा करें। बैठक में सत्यवान शाक्य, प्रतीत लोधी, विनय कुशवाह, खलील खान , सहाब हुसैन, अभय प्रताप सिंह, दिनेश शाक्य , उमेश चंद्र यादव, संतोष यादव, देवेश यादव आदि शामिल रहे।

# नौकर ने दो लाख रुपए चुराए, 47 हजार बरामद

संवाददाता,एटा

- फर्नीचर शोरूम के मालिक के घर से घरेलू नौकर ने की चोरी
- सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई घटना, आरोपी फरार

**अमृत विचारः** कोतवाली नगर क्षेत्र में घर से नौकर ने पोछा लगाते समय दो लाख रुपये चुरा लिए। सीसीटीवी कैमरे की फुटेज में पूरा मामला पकड़ में आ गया। घर से 47500 रुपये बरामद भी कर लिए गए हैं। घटना कोतवाली क्षेत्र के व्यस्ततम कचहरी रोड पर स्थित स्वीट होम फर्नीचर के मालिक के घर की है।

कचहरी रोड स्थित कमला नगर निवासी शैलेंद्र कुमार अग्रवाल ने बताया कि उनकी बेटी बेंगलुरु और बेटा दिल्ली में पढ़ता है। बेटी को लेकर पत्नी शालिनी अग्रवाल शुक्रवार को दिल्ली जा रहीं थीं। घर में नौकर कुलदीप को काम करता छोड़कर हम लोग बस स्टैंड चले गए। बेटी और पत्नी को बस में बैठाकर आए, तो कुलदीप घर में पोंछा लगा रहा था। काम करने के कुछ समय बाद वह चला गया। देर रात मेरे मन में विचार आया तो अलमारी खोलकर रुपये गिनने लगा। अलमारी में ढाई लाख रुपये रखे हुए थे। उसमें से दो लाख गायब थे।

रात में किसी को कुछ नहीं बताया। शनिवार सुबह अपनी भाभी और पत्नी शालिनी को जानकारी दी। उसके बाद भतीजे को बुलाकर घर में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज दिखवाई। इसे देखने पर मालूम पड़ा कि कुलदीप दूसरे दरवाजे से घर में घुसा और अलमारी खोलकर रुपये निकालकर ले गया।

शैलेंद्र ने बताया कि लगभग चार वर्ष से कुलदीप की मां बीनू निवासी विजामई फतेहाबाद रोड आगरा घर में नौकरानी है। वह वर्तमान में अपने पति विजय प्रकाश व बच्चों के साथ नारायण नगर स्टेट बैंक वाली गली में रहती है। पुलिस के पहुंचने पर आरोपी फरार था। मां से फोन कराया तो उसने दो लाख में से 47500 रुपये घर रखने के बारे में जानकारी दी, जो बरामद कर लिए गए हैं। परिजन को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है। सीओ सदर अमित कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

# प्रधानों के अधिकारों, सम्मान के लिये संघर्षरत है संगठन


प्रधानों की बैठक को सम्बोधित करते संतोष यादव। ● अमृत विचार

संवाददाता,एटा

**अमृत विचारः** अखिल भारतीय प्रधान संगठन की बैठक में प्रदेश अध्यक्ष संतोष यादव ने कहा कि प्रधानों के अधिकारों और सम्मान के लिए अखिल भारतीय प्रधान संगठन संघर्षरत है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष जितेन्द्र चौधरी के नेतृत्व में मुरादाबाद में 16 और 17 सितम्बर को प्रधानों का प्रांतीय सम्मेलन होगा।

उद्घाटन मंत्री चौधरी लक्ष्मीनारायन 16 सितम्बर को करेंगे। 17 सितम्बर को आध्यात्मिक गुरु रविशंकर सम्बोधित करेंगे।

एटा जिला अध्यक्ष विनय कुमार एडवोकेट ने पदाधिकारियों से कार्यक्रमों में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की। सतेन्द्र सिंह, संतोष सिंह, नाथूराम वर्मा, अनुराग मिश्रा, पवन राजपूत, राजेन्द्र सिंह, अश्वनी प्रताप सिंह, शेलेष , हर्वेन्द्र सिंह, केशव, श्याम मोहन दीक्षित, मनोज , राजेश, शिवा समेत अनेक प्रधान मौजूद रहे।

## सोरों में हिंदी दिवस पर गोष्ठी का आयोजन

**सोरों जी, अमृत विचारः** महाकवि संत तुलसीदास की जन्मभूमि में हिंदी दिवस के अवसर पर साहित्यिक गोष्ठी का आयोजन किया गया। अध्यक्षता केए महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. राधाकृष्ण दीक्षित ने की। हिंदी की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए वरिष्ठ साहित्यकार डा. प्रभाकर सूकरक्षेत्री ने भारत मां के भाल की बिंदी हिन्द की पहचान है हिंदी'' कविता का सस्वर पाठ किया। डा. राधाकृष्ण दीक्षित ने कहा हिंदी विश्व की सर्वश्रेष्ठ भाषा है। तुलसीदास, सूरदास, रसखान आदि हिंदी के श्रेष्ठ कवियों ने अपनी रचनाओं से हिंदी की कीर्ति बढ़ाई है। हिंदी करोड़ों लोगों द्वारा बोली जाती है। दुनिया भर में तीसरी सबसे ज्यादा बोली जानी वाली हिंदी के महत्व और इसके इस्तेमाल को और प्रोत्साहित करने की जरुरत है। डा. वीपी माहेश्वरी, डा. एलआर पल्लव, डा. सुरेंद्र अग्रवाल, डा. एनपी सिंह हल्दिया, महेश त्रिवेदी आदि ने भी हिंदी का गुणगान करते हुए हिंदी को विश्व की भाषा बनाने की मांग की।

# थाना दिवस में डीएम और एसएसपी ने सुनीं समस्याएं


कोतवाली देहात में फरियादियों की शिकायतें सुनते जिलाधिकारी व एसएसपी।

संवाददाता,एटा

**अमृत विचारः** डीएम प्रेम रंजन सिंह, एसएसपी श्याम नारायण सिंह ने थाना कोतवाली नगर एवं थाना कोतवाली देहात में आयोजित थाना समाधान दिवस में एक दर्जन फरियादियों की समस्याओं को सुना। राजस्व एवं पुलिस टीम को कार्रवाई के निर्देश दिए।

डीएम ने कहा कि थाना समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण शासन की प्राथमिकता है, इसलिए गुणवत्तापूर्ण निस्तारण प्रत्येक दशा में होना चाहिए। डीएम ने निर्देश दिए कि थाना दिवस रजिस्टर में प्राप्त समस्त प्रार्थनापत्रों का अंकन किया जाए, जिससे कि निस्तारण की स्थिति को चेक किया जा सके। पैमाइश के प्रकरणों में राजस्व एवं पुलिस विभाग के कर्मचारी मौके पर जाकर निस्तारण करें व दोनों पक्षों को बुलाकर संतुष्ट करें। यह भी प्रयास करें कि थाना दिवस में कोई शिकायत बार-बार न आए और प्रथम बार में ही शिकायत का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण ढंग से हो।

मुख्यमंत्री के कार्यालय से जनशिकायतों के निस्तारण की लगातार मॉनिटरिंग हो रही है। सभी लेखपाल अपने-अपने क्षेत्र में नियमित रूप से भ्रमण करें, ग्राम समाज, बंजर, खात के गड्डे, चकरोड सहित अन्य विभिन्न प्रकार की सरकारी भूमियों को प्रत्येक दशा में कब्जा मुक्त कराएं।

# सड़क हादसों में एक की मौत, पांच घायल

संवाददाता, एटा

**अमृत विचारः** अवागढ़ और कोतवाली देहात थाना क्षेत्र में हुए अलग-अलग सड़क हादसों में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि पांच लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। पांचों घायलों को मेडिकल कालेज से हायर सेंटर रेफर किया गया है। मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस पहचान कराने में जुटी है।

अवागढ़ थाना क्षेत्र के एटा-टूण्डला मार्ग स्थित चुरथरा चौराहे पर शुक्रवार की रात करीब 9 बजे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने मोपेड सवार दो व्यक्तियों को रौंद दिया। अंधरे का लाभ उठाकर वाहन चालक मय गाड़ी के मौके से फरार हो गया। देर से पहुंचे लोगों द्वारा इलाका पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया। डाक्टर ने एक व्यक्ति को मृत घोषित घोषित कर दिया, जबकि मुन्ना नामक व्यक्ति की हालत नाजुक देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया। यह व्यक्ति फिरोजाबाद के शिकोहाबाद का रहने वाला बताया गया है। देर शाम तक मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी। शव का मोरचरी में रखवा दिया गया है।


मेडिकल कालेज में ऑटो पलटने से घायलों का उपचार करते स्वास्थ्यकर्मी।

- मृतक की नहीं हो सकी शिनाख्त शव मोर्चरी में रखवाया गया

वहीं दूसरी ओर कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के सहावर रोड स्थित गांव सैंथरी के समीप ब्रेक फेल होने के कारण बेकाबू ऑटो सड़क किनारे पलट गया। ऑटो में सवार प्रवीन कुमार पुत्र श्रीकांत निवासी फफोतू थाना रिजोर और योगेश कुमार निवासी नंदगांव कोतवाली देहात घायल हो गया। पुलिस द्वारा घायल दोनों युवकों को उपचार के लिए मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। डाक्टरों द्वारा दोनों को प्राथमिक उपचार दिया गया। हालत चिंताजनक देखते हुए घायल प्रदीप और योगेश को हायर सेंटर रेफर कर दिया है।

इसके अलावा शीतलपुर निवासी अभय ने बताया कि उसके मौसा बहार सिंह और मौसेरा भाई सुधीर बाइक से जा रहे थे। रामदरबार के सामने दूसरी बाइक से टक्कर हो गई। इसके चलते दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया। यहां से हालत गंभीर देखते हुए आगरा रेफर किया गया है।

# शांतिपूर्ण ढंग से मनाएं त्योहार, रखें भाईचारा

संवाददाता, अमांपुर

**अमृत विचारः** कोतवाली में गणेश विसर्जन यात्रा, अनंत चतुर्दशी व भामाशाह शोभायात्रा को लेकर पीस कमेटी की बैठक में प्रभारी निरीक्षक चंचल सिरोही ने भाईचारे की अपील की। उन्होंने कहा कि त्योहारों को शांतिपूर्वक और भाईचारे के साथ मनाएं। शरारती तत्वों पर पुलिस की विशेष नजर रहेगी।

- अमांपुर थाने में पीस कमेटी की बैठक शांति-सौहार्द की अपील

कस्बा ईचार्ज प्रेमपाल सिंह ने कहा कि सोशल मीडिया पर झूठी सूचनाओं का विश्वास नहीं करें। अराजक तत्वों की पुलिस को सूचना दें। चेयरमैन चांद अली खान, नगर संघचालक राकेश पाराशर, विजयप्रकाश गुप्ता, रूद्रप्रताप सोलंकी, अवधेश यादव, मौलाना मुफीजुददीन, दरवेश फौजी, शकील खान, अनुज सोलंकी, मनोज गुप्ता, गौरव मिश्रा, आकाश गुप्ता सर्राफ, हिदेश सर्राफ, देवेंद्र पालीवाल, प्रखर गुप्ता, राहुल जौहरी, सोनू गुप्ता, अखंड यादव, अली बहादुर, अरबाज खान, महेश चौधरी, कपिल देव, बृजेश कुमार, सतीश कुमार आदि लोग बैठक में मौजूद रहे।


अमांपुर थाने में पीस कमेटी की बैठक को संबोधित करते थानाध्यक्ष चंचल सिरोही।

## लूट की योजना बनाते तीन लोग गिरफ्तार

**बदायूं, अमृत विचार :** थाना इस्लामनगर पुलिस ने लूट व चोरी की योजना बनाते तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। तीनों ने अपने नाम गांव चंदोई निवासी राहिद पुत्र मुन्ने खान, गांव नसरौल निवासी दिलकेश पुत्र कडेराम और थाना कुंवरगांव क्षेत्र के गांव कसेर निवासी ब्रजकिशोर पुत्र छोटे लाल बताया।

तीनों के पास से एक तमंचा, एक जिंदा कारतूस, एक चाकू और लूट व चोरी में प्रयुक्त करने वाली बाइक बरामद की है। तीनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके जेल भेजा गया है। उनसे बरामद बाइक सीज कर दी गई है। आरोपी राहिद के खिलाफ साल 2022 में भी चोरी, 2023 में एनडीपीएस एक्ट आदि की रिपोर्ट दर्ज हो चुकी है।

# बॉक्सिंग में खिलाड़ियों ने दिखाई प्रतिभा

संवाददाता,एटा/अलीगंज

**अमृत विचारः** जनपदीय माध्यमिक विद्यालय बॉक्सिंग प्रतियोगिता अंडर 14 वर्ष, 17 वर्ष व 19 वर्ष बालक वर्ग के तहत जनता इंटर कॉलेज कैलठा अलीगंज में जनपद के विभिन्न विद्यालयों के प्रतिभागियों ने बॉक्सिंग कौशल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का आरंभ गौतम बुद्ध इंटर कॉलेज के प्रबंधक रामगोपाल शाक्य व जनता इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. धर्मेंद्र कुमार सिंह ने किया।

14 वर्ष में भार 40 से 42 किलोग्राम में अनमोल बीडीआरएस राजा का रामपुर, 46 से 48 में कमल जेआईसी कैल्ठा, 17 वर्ष से कम भार उमाकांत डीएवी अलीगंज, आकाश 46 से 48 किलोग्राम भार वर्ग, आशु 52 से 54 किलोग्राम में, विवेक 54 से 57 किलोग्राम, रजत 63 से 66 किलोग्राम, शिवम कुमार जनता इंटर कॉलेज कैल्ठा विजयी रहे। निर्णायक अंकुर, बीडीआरएस से योगेंद्र सिंह ने परिणाम घोषित किया है।


निर्णायक मंडल के साथ बॉक्सिंग प्रतियोगिता के प्रतिभागी। ● अमृत विचार

## बिसौली में व्याप्त भ्रष्टाचार, मुख्यमंत्री से शिकायत करेंगे लोग

**बिसौली, अमृत विचार :** विभिन्न संगठन के लोगों ने शनिवार को बिसौली क्षेत्र में भ्रष्टाचार को लेकर चर्चा की। कहा कि बिसौली क्षेत्र के ज्यादातर विभागों में भ्रष्टाचार है। बिना रुपये के काम नहीं होता। अगर जल्द ही काम के बदले रुपयों का लेनदेन बंद नहीं हुआ तो एंटी करप्शन के अलावा मुख्यमंत्री से शिकायत की जाएगी।

लोगों ने कहा कि मुख्यमंत्री की सख्ती के बाद से एंटी करप्शन की टीम लगातार कार्रवाई कर रही है लेकिन बिसौली में एक बार भी ट्रैप नहीं किया गया। कुछ दिन पहले एक गांव की बच्चियों के साथ छेड़छाड़ की गई थी। पुलिस ने कमेटी के रुपयों के विवाद की बात कही और आरोप है कि फैसला करा दिया।

# समलैंगिक रिश्ते में युवक को मिला धोखा, नौ लाख व जेवर हड़पे

संवाददाता,एटा

- चाचा-भतीजे पर लगाया आरोप, कार्रवाई की गुहार

**अमृत विचारः** कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के गांव नगला मदी निवासी एक व्यक्ति ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्याम नारायण सिंह को दिए प्रार्थना पत्र में कहा कि समलैंगिक संबंधों में उसे धोखा दिया गया है। उसके नौ लाख रुपए और जेवर हड़प लिए।

शिकायती पत्र में कहा कि उसके मिरहची थाना क्षेत्र के गांव श्यौराई निवासी युवक से करीब पांच साल से मधुर संबंध हो गए । 3 अगस्त 2024 को शादी के रूप में अधिवक्ता द्वारा अनुबंध पत्र भी तैयार करा लिया। इसके बाद युवक और उसकी चाची ने मकान बनवाने के लिए पांच लाख रुपये खर्च करा लिए। आरोपियों ने पीड़ित का एक प्लाट बिकवा कर साढे चार लाख रुपये, सोने चांदी के जेवर ले लिए। युवक का चाचा उसे खेत में चारा काटने के लिए ले जाता था वहां उसके साथ जबरन अप्राकृतिक कृत्य करता था। जान से मारने की धमकी देता था। आरोप है कि 13 सितंबर को मारपीट कर घर से निकाल दिया। पीड़ित ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से रिपोर्ट दर्ज कराकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

## फर्जी बैनामा कराने पर कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज

**बदायूं, अमृत विचार :** थाना उसावां क्षेत्र के गांव बनबौसारी निवासी फूल सहाय ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि कस्बा निवासी राकेश बाबू, भोले, मुकेश ने मुर्गी पालन को लोन दिलाने के लिए उसे और उनकी पत्नी मार्गश्री को साल 2023 में तहसील दातागंज ले गए। जहां उनसे पांच हजार रुपये लिए। दस्तावेज पर अंगूठा लगवा लिया। आरोप है कि उसके आधार पर जमीन के फर्जी कागज तैयार करा लिए। 14 अप्रैल 2024 को तीनों लोग खेत पर पहुंचे और उनके साथ गाली-गलौज की। जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया। कोर्ट के आदेश पर तीनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज की गई है।

## अपनी इच्छाओं को रोकना आत्मशुद्धि की अमोध साधना

**अवागढ़, अमृत विचारः** दशलक्षण पर्व के सातवें दिन नगर के जिनालयों में जैन श्रावकों ने उत्साह के साथ पूजा.अर्चना की एवं बडे जैन मंदिर मे श्री भक्तामर विधान का आयोजन हुआ।

पंडित विकास जैन शास्त्री अनिकेत भैया ने बताया कि आत्मशुद्धि के लिये इच्छाओं का रोकना तप है। मानसिक इच्छायें सांसारिक बाहरी पदार्थों में चक्कर लगाया करती हैं अथवा शरीर के सुख साधनों में केन्द्रिय रहती हैं। अतः शरीर को प्रमादी न बनने देने के लिये बहिरंग तप किये जाते हैं और मन की वृत्ति आत्म.मुख करने के लिये अन्तरंग तपों का विधान किया गया है। दोनों प्रकार के तप आत्म शुद्धि के अमोध साधन हैं।

दोपहर में श्री तत्तवार्थ सूत्र का वाचन हुआ। शाम को फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें बच्चो ने कलाकार रूपों से सभी को मोहित किया। भाषण प्रतियोगिता जिसमे 1 शब्द तत्काल भाषण देना का सम्पन्न हुई। तरुण जैन, मनोज जैन, दीपक जैन, रोबिन जैन, स्वदेश जैन, पवन जैन, सोनू जैन, हर्ष कुमार जैन, बासु जैन, अंकित जैन, अर्चित जैन, परमिल जैन, राकेश जैन, शगुन जैन, पारस जैन, अंकुश जैन, विकास जैन, दिव्यांश जैन, अतिशय जैन मौजूद आदि थे।

# राजकीय महाविद्यालय में हिंदी दिवस पर गोष्ठी


हिंदी दिवस पर गोष्ठी को संबोधित करते प्राचार्य आरके गोस्वामी। ● अमृत विचार

संवाददाता, जलेसर

**अमृत विचारः** विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय जलेसर में गोष्ठी का आयोजन किया गया।

गोष्टी में प्राचार्य डॉ. आरके गोस्वामी ने छात्र-छात्राओं को हिंदी में अधिक से अधिक कार्य करने का आवाहन किया। उन्होंने कहा कि हिंदी हमारी मातृभाषा है और मातृभाषा का उपयोग अधिक से अधिक होना चाहिए, ताकि विश्व में हिंदी को उचित स्थान मिल सके, मौजूदा समय में विश्व में सनातन धर्म एवं हिंदी को मान्यता मिल रही है, हम इसका जितना अधिक उपयोग करेंगे उतनी जल्दी भारत को विश्व गुरु की मान्यता मिल सकेगी।

गोष्टी को हिंदी विभाग के डॉक्टर दिनेश कुमार एवं डॉ. आशा सिंह, डॉ. केके भारद्वाज. डॉ. बीएस चैधरी, डॉ. गिरेंद्र सिंगर, डॉ. अनिल कुमार, डॉ. प्रणय छिवबर ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रविंद्र सिंह ने किया।

# तेजपात और इलंग से तैयार किया मच्छर भगाने वाला जेल

बरेली कार्यालय

- रुहेलखंड विश्वविद्यालय के फार्मेसी विभाग में डॉ. अमित वर्मा ने किया अध्ययन

**अमृत विचार:** रुहेलखंड विश्वविद्यालय के फार्मेसी के एसोसिएट प्रो. डॉ. अमित कुमार वर्मा ने नैनो कैप्सूल से रिपेलेंट जेल तैयार किया है। इस जेल को लगाने से 90 प्रतिशत तक मच्छर दूर रहते हैं और इसके कोई साइड इफेक्ट भी नहीं हैं। डॉ. अमित का यह शोध इंटरनेशनल जर्नल ऑफ मॉस्क्विटो रिसर्च में प्रकाशित हुआ है। इस तरह के विशिष्ट शोध के लिए उन्हें डॉक्टर ऑफ साइंस की उपाधि प्राप्त हुई है।

डॉ. अमित ने बताया कि उन्होंने प्रिपरेशन एंड डेवलपमेंट ऑफ नोवल डिलीवरी सिस्टम हेविंग एप्लीकेशन इन हेल्थकेयर विषय पर अपना शोध पूरा किया है। उन्होंने तेजपात और इलंग से नैनो कैप्सूल्स और माइक्रो कैप्सूल बनाकर मॉस्क्विटो रिपेलेंट जेल तैयार किया। कैप्सूल बनाने से तेलों की क्षमता बढ़ गई और इनके पीएच को मेंटेन करना आसान हो गया। जेल बनाने के बाद 15 दिनों तक चूहों पर इसका प्रयोग किया और यह पूरी तरह सफल रहा। तेजपात और इलंग से तैयार रिपेलेंट का कोई भी साइड इफेक्ट नहीं है। साथ ही इसकी कार्य क्षमता भी सामान्य रिपेलेंट के मुकाबले कहीं अधिक है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय कुलपति प्रो. केपी सिंह के मार्गदर्शन और परिवार के प्रोत्साहन को दिया।

## तीन राज्यों के 10 जिलों तक फैला है घोटालेबाजों का नेटवर्क, जांच में और घोटाला पकड़े जाने की संभावना

# भूमि अधिग्रहण : अब तक 80 करोड़ का खेल पकड़ा, अभी और बाकी

अनुपम सिंह, बरेली

**अमृत विचार :** बरेली-सितारगंज हाईवे को फोरलेन बनाने के लिए भूमि अधिग्रहण की जांच में बड़ा घोटाला सामने आया है। जिला और मंडलीय स्तरीय प्रारंभिक जांच में ही 80.43 करोड़ का घोटाला पकड़ा जा चुका है। दोनों जांच के बाद शासन स्तर से जांच की सिफारिश की गई है, जिसमें कहीं और अधिक घोटाला पकड़ा जा सकता है। घोटाले का असली मास्टरमाइंड कौन है, इसका अभी तक पता नहीं चल सका है। अब तक की जांच में तीन राज्यों के 10 जिलों में घोटाले का नेटवर्क पता चला है।

बरेली में जिला स्तरीय जांच समिति ने 21.52 करोड़ की धांधली पकड़ने के साथ 13 अधिकारी-कर्मचारियों को दोषी पाया, जबकि पीलीभीत में 58.91 करोड़ के घोटाले में 19 लोगों के नाम उजागर हुए। एनएचएआई की जांच में 50 करोड़ का ही घोटाला बताया गया था, जबकि जिला और मंडलीय समितियों की जांच में सिर्फ दो जिलों बरेली और पीलीभीत में ही घोटाले की धनराशि 81 करोड़ के आसपास पहुंच गई है। बरेली और पीलीभीत में प्रारंभिक जांच में ही इतना बड़ा खेल पकड़ा गया है और सभी गाटों की गंभीरता से जांच कराई गई तो घोटाला कई सौ करोड़ तक भी पार जा सकता है। एक जांच अधिकारी के मुताबिक बरेली और पीलीभीत में घोटाले की जांच रिपोर्ट पहुंचने के बाद शासन स्तर से जांच हो सकती है।



- बरेली और पीलीभीत में प्रारंभिक जांच में पकड़ा बड़ा खेल

### जांच रिपोर्ट में शामिल दलाल रमेश की छह महीने पहले हो चुकी मौत

पीलीभीत में काश्तकारों को नौकरी समेत अन्य प्रलोभन देकर उनकी जमीनों को घोटालेबाजों के हाथों बिकवाने वाले जिस रमेश गुप्ता दलाल का नाम जांच कमेटी ने रिपोर्ट में शामिल किया है, उसकी छह महीने पहले ही मौत हो चुकी है। ऐसे में यह सवाल भी अधूरा रह गया है कि रमेश के संपर्क में ये लोग कैसे आए। जांच कमेटी के अनुसार प्रारंभिक जांच में पीलीभीत में घोटाला करने वाले जिन लोगों के नाम सामने आए हैं, उनके नामों का खुलासा तो जांच टीम ने गाटा संख्या, बैनामे आदि के आधार पर किए हैं, लेकिन यह पूरा गिरोह कैसे तैयार हुआ। सभी एक-दूसरे के संपर्क में कैसे आए। इसका खुलासा सभी 19 लोगों से पूछताछ के बाद ही हो सकता है।

**...तो दफ्तर में बैठकर कर दिया सर्वे-** जांच कमेटी ने रिपोर्ट में भले ही इस बात को शामिल न किया हो, मगर कमेटी में शामिल अधिकारी के अनुसार स्थलीय निरीक्षण से लेकर बाकी जांच में यह पाया गया कि जिनके जिम्मे सर्वे की जिम्मेदारी थी, उन्होंने मौके पर जाना भी मुनासिब नहीं समझा। ज्यादातर मामलों में दफ्तर में बैठकर ही अनाप-शनाप तरीके से सर्वे कर रिपोर्ट तैयार कर दी गई है और इसके ऊपर बैठे लोगों ने इसे मान भी लिया।

### एक-दूसरे के गवाह बनने के साथ दस्तावेज भी बदले

पीलीभीत में जांच कमेटी ने पाया है कि जिन 19 लोगों के नाम सामने आए हैं, उसमें कई लोग आपस में रिश्तेदार भी हैं। कोई पति-पत्नी, कोई पिता-पुत्र तो कोई भाई-भाई भी हैं। रिकॉर्ड खंगालने पर इसका पता चला है। सबसे दिलचस्प बात यह है कि भोले-भाले काश्तकारों की जमीनों का कौड़ियों के भाव में सौदा करने वाले इन शातिरों ने बैनामे में एक-दूसरे की गवाही भी दे रखी है। जमीन की रजिस्ट्री कराने में इन लोगों ने जिन दस्तावेजों का इस्तेमाल किया है, वे भी अलग-अलग लगाए हैं। ऐसे में जांच कमेटी का शक और गहराया है कि आखिर आईडी प्रूफ क्यों बदले गए हैं?

# आतंकी संगठनों पर क्यों नहीं बोलते तौकीर रजा: साध्वी प्राची

**बरेली, अमृत विचार :** साध्वी प्राची शनिवार को तौकीर रजा खां और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर हमलावर दिखीं। उन्होंने कहा कि तौकीर रजा ने आज तक किसी आतंकवादी संगठनों का विरोध करते हुए नहीं बोला है। आरएसएस, बीएचपी और बजरंग दल को आतंकी संगठन कहने वाले तौकीर रजा के ही आतंकी कनेक्शन की जांच होनी चाहिए। उन्हें फंडिंग कहां से हो रही है। इसकी जांच करनी चाहिए।

सर्किट हाउस में शनिवार को पत्रकारों से बात करते हुए साध्वी प्राची ने कहा कि बच्चियां सुरक्षित नहीं हैं। पश्चिम बंगाल की हालत बांग्लादेश की तरह है। पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगा देना चाहिए। सामूहिक दुष्कर्म जैसी घटना से मैं आहत हूं। इस तरह की घटना को अंजाम देने वाले अपराधियों को नेताओं का संरक्षण मिल जाता है। इसके कारण जितना दोष अपराधियों का है, उतना ही संरक्षण देने वालों का भी है। महिलाओं के साथ हो रहे बलात्कार को लेकर ममता बनर्जी को इस्तीफा दे देना चाहिए था। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में हजारों की संख्या में हिन्दुओं ने शांतिपूर्वक प्रदर्शन किया। हिन्दुओं की संख्या लगातार घट रही है। वक्फ बोर्ड को संशोधन की जरूरत नहीं, इसको खत्म कर देना चाहिए।

# शाहजहांपुर में भी एनएचएआई की परियोजना में घोटाले का शक

- लखनऊ-पलिया फोरलेन बनाने की एनएचएआई की परियोजना हरदोई-शाहजहांपुर से होकर गुजरी है

## हो सकती है जांचः रामपुर के धर्मवीर मित्तल की शाहजहांपुर और हरदोई में मिली है जमीन

बरेली कार्यालय

- बरेली-सितारगंज फोरलेन की जांच में सामने आया नाम
- दो-तीन दिन में इन जिलों में जांच के आदेश दिए जा सकते हैं

**अमृत विचार :** बरेली-पीलीभीत-सितारगंज फोरलेन बनाने की परियोजना की जांच के बाद शाहजहांपुर और हरदोई में भी एनएचएआई के प्रोजेक्ट की जांच शुरू हो सकती है। मंडलीय समिति की जांच में रामपुर के धर्मवीर मित्तल की शाहजहांपुर और हरदोई में भी जमीन मिलने के साक्ष्य मिले हैं। इसकी वजह से इन दोनों जिलों में परियोजना में धांधली होने का शक गहरा गया है। संभावना जताई जा रही है कि दो-तीन दिन में इन जिलों में जांच के आदेश दिए जा सकते हैं।

मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल की ओर से गठित मंडलीय समिति में अपर आयुक्त प्रशासन प्रीती जायसवाल की अध्यक्षता में 10 दिनों में पीलीभीत के सदर तहसील और अमरिया के उन 28 गांवों में जांच की गई, जहां से बरेली-सितारगंज हाईवे को फोरलेन बनाने का मार्ग प्रस्तावित है।

इसमें 19 लोगों की ओर से धांधलेबाजी करने के प्रमाण समिति को मिले हैं। समिति के अनुसार इन्हीं 19 लोगों में शामिल रामपुर जिले की तहसील बिलासपुर के गांव चंदेला निवासी धर्मवीर मित्तल की जमीन कई जिलों में पाई गई है। उसने पीलीभीत के अलावा बरेली में रिंग रोड परियोजना से जुड़े उमरसिया में भी जमीन का बैनामा कराया गया है। इसके अलावा शाहजहांपुर और हरदोई में भी जमीन खरीदी है।

लखनऊ-पलिया फोरलेन बनाने की एनएचएआई की परियोजना इन जिलों से होकर गुजरी है। ऐसे में जांच समिति का मानना है कि धर्मवीर ने जमीन खरीदने के लिए उन स्थानों को चुना है, जहां से एनएचएआई की परियोजना निकली है।

समिति का मानना है कि इससे साफ होता है कि आर्थिक लाभ के लिए जमीनें खरीदी गईं, हालांकि शाहजहांपुर, हरदोई में भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया में धर्मवीर की जमीन शामिल है या नहीं, मुआवजा मिला या नहीं, यह जांच का विषय है, मगर जिस तरह से बरेली-पीलीभीत में गड़बड़ियां हुई हैं, उसके मद्देनजर जांच समिति ने शाहजहांपुर, हरदोई की परियोजना में भी जांच की सिफारिश शासन में की है। इससे माना जा रहा है कि शासन स्तर से जल्द ही इन दोनों जिलों में भी भूमि अधिग्रहण में बांटे गए मुआवजे की जांच के लिए समितियों का गठन किया जा सकता है। जांच हुई तो अगर और भी गड़बड़ियां हुई होंगी तो वे भी सामने आ जाएंगी।

### अन्य परियोजनाओं में कई गिरोह की आशंका

पीलीभीत में धांधली करने वाले गिरोह में सबसे ज्यादा लोग उत्तराखंड के ऊधमसिंह नगर के पाए गए हैं। जांच समिति का मानना है कि उत्तराखंड से नजदीक होने की वजह से घोटालेबाजों ने पीलीभीत को टॉरगेट पर लिया। ऐसे में शक इस बात का भी गहरा गया है कि एनएचएआई की और भी जो परियोजनाएं प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में चल रहीं हैं, उसमें भी गिरोह बनाकर धांधलेबाजी की जा रही होगी या की गई होगी। ऐसे में इन परियोजनाओं की भी जांच कराना जरूरी बताया गया है। एनएचएआई के चेयरमैन ने पहले ही सभी पीडी को पत्र लिखकर सतर्कता बरतने के लिए कहा था।

### तीन एलाइनमेंट हुए मगर एक पर ही लगाई मुहर

जांच समिति ने पाया कि परियोजना के लिए तीन एलाइनमेंट किए, लेकिन मुहर एक पर ही लगी, इससे भी गड़बड़ी करने का शक गहराया है। तीन बार एलाइनमेंट करने के दौरान देखा गया होगा कि कौन मार्ग अधिग्रहण में सस्ता होगा और ज्यादा मुआवजा न देना पड़े, लेकिन उसमें जिस पर मुहर लगी, उसमें ही घोटाला किया तो इसे एक साजिश का हिस्सा भी माना जा रहा है। यही नहीं, एक मामले में तो परिसंपत्ति का मुआवजा पहले ले लिया गया, जबकि जमीन का बाद में। ऐसा इसलिए कि मुआवजा लेकर स्ट्रक्चर को हटा दिया जाए।

# विजय ने ब्यूटीपार्लर संचालिका को बना दिया एमबीबीएस डॉक्टर

**बरेली, अमृत विचार :** खुसरो कॉलेज से डीफार्मा की फर्जी डिग्री देकर 379 छात्रों से 3.69 करोड़ की ठगी के आरोपी डॉ. विजय शर्मा ने अपनी बहन ब्यूटीपार्लर संचालिका को भी फर्जी एमबीबीएस डॉक्टर बना दिया। उसने बहन के लिए थाना भोजीपुरा क्षेत्र के गांव चाड़पुर में एक अस्पताल भी खुलवाया दिया। जब मामले में जांच तेज हुई तो बहन फिर से ब्यूटी पार्लर चलाने लगी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने आरोपी पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। एसआईटी उसकी तलाश कर रही है और उसके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी कराने की तैयारी कर रही है।

पुलिस अधीक्षक दक्षिणी मानुष पारीक ने बताया कि आरोपी डॉ. विजय शर्मा की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है।

# नाराज बेटे को घर ला रहे पिता की सड़क हादसे में मौत, छह घायल

संवाददाता, बिथरी चैनपुर (बरेली)

**अमृत विचार:** थाना बिथरी चैनपुर क्षेत्र में बड़ा बाईपास पर नवदिया झादा के पास पिछला टायर फटने से बोलेरो अनियंत्रित होकर खाई में पलट गई। हादसे में बुजुर्ग की मौत हो गई और छह लोग घायल हो गए। पुलिस ने राहगीरों की मदद से अस्पताल में भर्ती कराया। मृतक अपने नाराज बेटे को मुजफ्फरनगर से लखीमपुर लेकर जा रहा था।

लखीमपुर के गांव रामपुर रतिया निवासी उमाशंकर मौर्य (65) खेती करते थे। उनका 15 वर्षीय बेटा मान सिंह दसवीं का छात्र है। वह कई दिन पहले नाराज होकर घर से चला गया था। काफी तलाशने के बाद उन्हें पता चला कि बेटा मुजफ्फरनगर में है। वह गुरुवार लखीमपुर के ही चालक शांति यादव की बोलेरो से बेटे लालू मौर्य, मनोज, लाल सिंह और दामाद अक्षय के साथ बेटे को लेने के लिए मुजफ्फरनगर गए थे। शुक्रवार रात सभी बेटे मानसिंह को लेकर वापस लखीमपुर खीरी आ रहे थे, जैसे ही शनिवार सुबह उनकी गाड़ी थाना बिथरी चैनपुर क्षेत्र में बड़ा बाईपास पर नवदिया झादा चौराहा पर पहुंची कि अचानक गाड़ी का पीछे का टायर फट गया, जिससे गाड़ी अनियंत्रित होकर रोड किनारे खाई में पलट गई। हादसे में उमाशंकर की मौके पर ही मौत हो गई और छह लोग घायल हो गए। इंस्पेक्टर आदेश कुमार ने बताया घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवा दिया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।


## कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, बदायूं

पत्रांक: समग्र शिक्षा/क.गॉ.आ.वा.वि./5470/2024-25 दिनांक: 13 सितम्बर 2024

**विज्ञप्ति/सूचना**

प्रमुख सचिव उ.प्र. शासन के पत्रांक- बे.शि.अनु.-5/2805/68-5-2023-05/2020/लखनऊ दिनांक 01 फरवरी 2023, राज्य परियोजना निदेशक, सर्व शिक्षा अभियान उ.प्र. सभी के लिए शिक्षा परियोजना परिषद, विद्या भवन, निशातगंज लखनऊ शासनादेश संख्या 1553/68-5-2020 बेसिक शिक्षा अनुभाग-5 दिनांक 11 दिसम्बर 2020 एवं महानिदेशक स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा, राज्य परियोजना कार्यालय, उ.प्र. लखनऊ के पत्रांक के.जी.बी.वी./11308/2022-23 दिनांक 14 फरवरी, 2023 के अनुक्रम में जिलाधिकारी महोदय, बदायूं के अनुमोदन दिनांक 10 सितम्बर 2024 के अनुपालन में जनपद बदायूं में संचालित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में रिक्त पदों पर चयन करने हेतु पूर्णकालिक शिक्षिका, अंशकालिक, शिक्षिका, सहायक रसोईया, अनुचर, चौकीदार के रिक्त पदों पर निर्धारित अर्हता रखने वाले अभ्यर्थियों से 1 वर्ष / शैक्षिक सत्र वर्ष 2024-25 के लिए संविदा के आधार पर कार्य करने हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। केवल महिला अभ्यर्थी ही आवेदन कर सकते हैं। सेवा अनुबन्ध के आधार पर निर्धारित मानदेय पर निम्नलिखित कर्मियों की आवश्यकता है:-

| क्र. सं. | पदनाम | शैक्षिक योग्यता | रिक्त पद | आरक्षण/संवर्गवार रिक्त पदों का विवरण: अनराक्षित | अन्य पिछड़ा वर्ग | अनु-सूचित जाति | अनु-सूचित जन-जाति | ई. डब्लू. ए. सं. | मानदेय प्रतिमाह (रूपये) में |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पूर्णकालिक शिक्षिका- विज्ञान | जेड.बी.सी. वर्ग से प्रशिक्षित स्नातक एवं उच्च प्राथमिक स्तर की टी.ई.टी. | 2 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 | 24200 |
| 2. | पूर्णकालिक शिक्षिका- गणित | पी.सी.एम. वर्ग से प्रशिक्षित स्नातक एवं उच्च प्राथमिक स्तर की टी.ई.टी. | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 24200 |
| 3. | पूर्णकालिक शिक्षिका- सामा.वि. | भूगोल, इतिहास एवं नागरिक शास्त्र विषय में से किसी 1 विषय से प्रशिक्षित स्नातक एवं उच्च प्राथमिक स्तर की टी.ई.टी. | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 24200 |
| 4. | अंशकालिक शिक्षिका - कम्प्यूटर | प्रशिक्षित स्नातक एवं पी.जी.डी.सी.ए. / बी.सी.ए./बी.एस.सी. कम्प्यूटर साइंस अथवा स्नातक सहित डी.ओ. ई.ए.सी.सी. या समकक्ष संस्था से से ओ-लेवल / ए लेवल डिप्लोमा आदि | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 10780 |
| 5. | अंशकालिक शिक्षा- शारीरिक | बी.पी.एड., सी.पी.एड. एवं डी.पी.एड. आदि | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 24200 |
| 6. | अनुचर | कक्षा 08 उत्तीर्ण | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 6325 |
| 7. | चौकीदार | कक्षा 08 उत्तीर्ण | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 6325 |
| | | कुल योग | 8 | 2 | 5 | 1 | 0 | 0 | 0 |

उक्त पदों पर चयन हेतु आवेदन पत्र पंजीकृत डाक / स्पीड पोस्ट के माध्यम से दिनांक 28 सितम्बर 2024 को शाम 5 बजे तक कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, बदायूं में स्वीकार किये जाएंगे। उक्त अवधि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों पर किसी भी दशा में विचार नहीं किया जायेगा। उक्त पदों पर चयन हेतु अर्हता, विस्तृत निर्देश एवं आवेदन पत्र के प्रारूप को जनपद बदायूं की वेबसाइट www.budaun.nic.in से डाउनलोड किया जा सकता है।

प्रशांत कुमार
जिला समन्वयक बालिका शिक्षा
समग्र शिक्षा, बदायूं

वीरेन्द्र कुमार सिंह
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
बदायूं


# आईटीएसएसओ पर लंबित महिला अपराध के 221 मामलों का निस्तारण

बरेली कार्यालय

- एडीजी जोन रमित शर्मा के आदेश पर नौ जिलों में चलाया गया अभियान

**अमृत विचार :** अपर पुलिस महानिदेशक रमित शर्मा के निर्देश पर जोन में एक महीने का अभियान चलाकर आईटीएसएसओ (इंवेस्टिगेशन ट्रैकिंग सिस्टम फॉर सेक्सुअल ऑफेंस) पोर्टल पर लंबित पॉक्सो एक्ट और दुष्कर्म के 221 मामलों का निस्तारण किया गया।

अपर पुलिस महानिदेशक ने बताया कि महिलाओं और बच्चियों के साथ होने वाले यौन अपराधों में आरोपियों पर कार्रवाई के उद्देश्य से जोन में 13 अगस्त से 12 सितंबर तक अभियोगों के निस्तारण के लिए अभियान चलाया गया। जोन में एक महीने पहले 257 बलात्कार और पॉक्सो एक्ट के अभियोग लंबित थे।

| जिले | मुकदमे | निस्तारित | शेष |
|---|---|---|---|
| बरेली | 70 | 53 | 17 |
| बदायूं | 18 | 16 | 2 |
| पीलीभीत | 24 | 19 | 5 |
| शाहजहांपुर | 15 | 12 | 3 |
| मुरादाबाद | 38 | 36 | 2 |
| बिजनौर | 31 | 28 | 3 |
| रामपुर | 22 | 22 | 0 |
| अमरोहा | 22 | 21 | 1 |
| संभल | 15 | 12 | 3 |

पुलिस ने 221 अभियोगों की विवेचना पूरी कर आरोप पत्र क्षेत्राधिकारी के माध्यम से कोर्ट में दाखिल कराए। अब जोन में सिर्फ 36 विवेचनाएं प्रचलित हैं। मुरादाबाद रेंज में 130 अभियोगों में से 121 की विवेचना पूरी की गई। अब मुरादाबाद रेंज के उन पांच जिलों में सिर्फ नौ अभियोग विवेचनाधीन हैं। रामपुर पुलिस ने उत्कृष्ट कार्य करते हुए लंबित सभी 22 अभियोगों की विवेचना में आरोप पत्र प्रेषित किया गया। वहीं बरेली रेंज में सभी अभियोगों का निस्तारण किया गया और 27 की विवेचना बाकी है। इसके अलावा अमरोहा, बदायूं और मुरादाबाद ने भी अभियोगों की विवेचनाओं का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया गया।

### लगातार ड्यूटी से गैरहाजिर महिला हेड कॉन्स्टेबल निलंबित

बरेली : थाना प्रेमनगर में हेड कॉन्स्टेबल पूजा सक्सेना को 2023 से ड्यूटी पर नदारद पाए जाने पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। साथ ही विभागीय जांच के आदेश दिए हैं।


**न्यायालय अपर जिला जज सप्तम् बरेली**
**प्रकीर्ण वाद सं. 6/2022**
**महरूजहाँ उर्फ रहमतिया बनाम लईक अहमद आदि महरूजहाँ उर्फ रहमतिया वयस्क पुत्री गुलाम रसूल मखदूम हुसैन, निवासी- जकाती, मोहल्ला चाहबाई, बरेली बनाम**

1. लईक अहमद वयस्क पुत्र हाली कल्लू निवासी- मोहल्ला टांडा, कस्बा बहेड़ी, जिला बरेली 2. हाजी मुमताज अहमद वयस्क पुत्र हाजी नूर मोहम्मद निवासी- मोहल्ला तलपुरा, कस्बा व तहसील बहेड़ी, जिला बरेली 3. अकील अहमद वयस्क पुत्र अब्दुल सलीम 4. वकील अहमद वयस्क पुत्र अब्दुल सलीम 5. श्रीमती जैबुनिशा उर्फ भूरी वयस्क बेवा पत्नी शकील अहमद 6. नूरी वयस्क पुत्री स्व. शकील अहमद वर्ष 7. शान वयस्क पुत्र स्व. शकील अहमद 8. कस्तूरी वयस्क पुत्री शकील अहमद 9. अरसी वयस्क पुत्री शकील अहमद 10. गजाला वयस्क पुत्री स्व. शकील अहमद 11. शाहरूख वयस्क पुत्र स्व. शकील अहमद 12. राजा वयस्क पुत्र स्व. शकील अहमद 13. अमन वयस्क पुत्र स्व. शकील अहमद समस्त निवासीगण मोहल्ला कानून गोयान कस्बा बहेड़ी, जिला बरेली 14. सानिया उर्फ मैना वयस्क वेबा पत्नी अमीर अहमद निवासी- मोहल्ला कानून गोयान, कस्बा व तहसील बहेड़ी, जिला बरेली

हरगाह मुसम्मी महरूजहाँ ने एक प्रार्थना पत्र इस अदालत में बतारीख 17.09.24 को बनाम लईक अहमद मुद्दालय के लिहाजा आपको हुक्म दिया जाता है कि आप बतारीख को हाजिर होकर मुकदमा हाजा का पैरवी करें वरना आपकी गैर हाजिरी में मुकदमा हाजा फैसल होगा।

आज बतारीख 21.09.21 मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से जारी किया गया है। **जज**

**न्यायालय अपर जिला जज सप्तम् बरेली**



**पूर्वोत्तर रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना सं. इज्जत/इलै/ओ.टी./17/2024 दि. 13.09.2024**

निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदा भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मण्डल विद्युत इंजीनियर (सा.)/इज्जतनगर द्वारा आमन्त्रित की जाती है:-

**क्रम सं0 1:- कार्य का नाम:** इज्जतनगर मण्डल के टनकपुर स्टेशन पर (2 टन) मैकेनाईज्ड लान्ड्री का प्रावधान से सम्बन्धित विद्युतीय कार्य। **अनुमानित लागत रु. में:** ₹ 64,60,778.05, **धरोहर राशि रु. में:** ₹ 1,29,300.00, निविदा प्रपत्र का मूल्य रु. में: शून्य, ई-निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि व समय: 08.10.2024, 11.00 बजे तक। स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि: **चार माह।**

इस निविदा के लिए किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और किसी भी तरह के प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव को नजरअंदाज कर दिया जाएगा। पूर्ण विवरण वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर अपलोड कर दिया गया है। निविदादाता के पास क्लास-III डिजीटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र होना आवश्यक है और IREPS पोर्टल पर रजिस्टर होना चाहिए। केवल पंजीकृत निविदादाता ही ई टेण्डरिंग में भाग ले सकते हैं। सभी आवश्यक दस्तावेज ई-निविदा में भाग लेने के समय में अपलोड किये जाने चाहिए।

**वरिष्ठ मण्डल विद्युत इंजीनियर(सा.)**
**मुजाधि/विद्युत-132 इज्जतनगर**

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।


# जनमानस की आन हुई है हिंदी से भारत की पहचान हुई है हिंदी से

संवाददाता, बिल्सी

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश हिंदी प्रचार समिति के तत्वावधान में हिंदी दिवस के अवसर पर काव्य गोष्ठी नारायन ग्रीन हाउस में आयोजित की गई। जिसमें जिले के कवियों ने अपनी रचनाओं को प्रस्तुत कर श्रोताओं को मुग्ध कर दिया। काव्य पाठ ज्ञान की देवी मां सरस्वती के चित्र के समक्ष संस्था के अध्यक्ष विष्णु असावा ने पुष्प समर्पित कर शुभारंभ किया।

संस्था के अध्यक्ष विष्णु असावा ने पढ़ा।
भारत के माथे पर बिंदी के समान हिन्दी।।
कवि षटवदन शंखधार ने पढ़ा।
सूर, तुलसी, कबीर, बिहारी की है।।
हर्षवर्धन मिश्रा ने सुनाया।
जनमानस की आन हुई है हिंदी से,
भारत की पहचान हुई है हिंदी से।।
प्रशान्त जैन ने सुनाया।
हिंदी में कविता पढ़ता हूं उर्दू में नहीं।
भारत माता का लाल हूं विदेशियों का नहीं।।
परौली निवासी अशोक दिवेदी ने सुनाया।
सम्माननीय हर भाषा, हिन्द की प्राण है हिन्दी।
जग में न कोई भाषा, जो भाल पर लगाती हो बिन्दी।।
साहित्यकार एवं कवि आकाश पाठक ने पढ़ा।
साहित्य मेरा पेड़, मैं उसका पत्ता।
ना चाहूं पावर और ना चाहूं सत्ता।।

इसके अलावा कवि अचिन मासूम, ओजस्वी जौहरी, अमित अश्क, ललतेश कुमार ललित ने भी अपनी रचनाओं को सुनाया। इस मौके पर गिरीश चंद्र शर्मा, हरिओम शर्मा, रामेश्वर सिंह, अनुज शर्मा, रामवीर सिंह आदि मौजूद रहे।


## कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, बरेली वृत लो0नि0वि0, बरेली

पत्रांक : 8383/453सी0(ई0टेण्डर)-3/24-25 दिनांक: 07.09.2024

**ऑन-लाइन निविदा आमंत्रण सूचना**

1- महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, बरेली वृत, लो0नि0वि0, बरेली के अंतर्गत निम्न तालिका में अंकित विवरण के अनुसार ऑन लाइन ई-निविदा दिनांक 17.09.2024 से दिनांक 16.10.2024 की अपरान्ह 12:00 बजे तक आमंत्रित कर दिनांक 16.10.2024 को अपरान्ह 12.30 बजे खोला जाना प्रस्तावित किया गया है:-

| क्र0 सं0. | कार्य का नाम | खण्ड का नाम | अनुमानित लागत (रू0 लाख में) | 05 वर्षीय अनुरक्षण की लागत (रू0लाख) | कुल लागत (रू0लाख) | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | कार्य पूर्ण करने अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य( (निविदा शुल्क+ स्टेशनरी+ जी0एस0टी | ठेकेदारो की पात्रता श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | | | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1- | जनपद बरेली में विकासखण्ड भुता के ग्राम सैदापुर के निकट कैलाश नदी पर सेतु के पहुॅच मार्ग को पूर्व स्थिति में लाने हेतु मरम्मत/सुधार कार्य | निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0,बरेली | 93.65 | 14.04 | 107.69 | 7.39 | 6 माह | 2725.00 | ए एवं बी (मार्ग कार्य) |

2- निविदा दस्तावेज एवं निविदा हेतु आमंत्रण के विस्तृत नियम एवं शर्तो हेतु वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर लॉग ऑन किया जा सकता है।

UP - 219420 दिनांक 11.09.2024
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in, पर उपलब्ध है।

(राजीव अग्रवाल)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड-1,लो0नि0वि0 बरेली

(प्रकाश चन्द)
अधीक्षण अभियन्ता
बरेली वृत, लो0नि0वि0 बरेली


# शासन ने किए 29 आईएएस अधिकारियों के तबादले

## धर्मेंद्र प्रताप सिंह शाहजहांपुर के नए जिलाधिकारी, नवीन कुमार बने सिंचाई सचिव, 13 डीएम बदले

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** शासन ने 29 आईएएस अधिकारियों के तबादले किए हैं। राजस्व विभाग से सचिव समेत राहत व चंकबदी आयुक्त नवीन कुमार जीएस को सचिव सिंचाई बनाया है। इसी के साथ 13 जिलाधिकारी, तीन नगर आयुक्त व तीन सीडीओ बदल दिए गए हैं। बरेली की नगर आयुक्त निधि गुप्ता पहली बार बनीं अमरोहा में जिलाधिकारी बनी हैं। जबकि सीडीओ बलरामपुर संजीव कुमार मौर्या को नगर आयुक्त बरेली बनाया गया है।

शासन से शुक्रवार देर रात हुए आदेश के अनुसार कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार व प्रोत्साहन विभाग के प्रमुख सचिव रविंद्र को निदेशक राज्य कृषि उत्पादन मंडी परिषद का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। आगरा




के जिलाधिकारी रहे भानु चंद्र गोस्वामी को प्रभारी राहत आयुक्त, प्रभारी चकबंदी आयुक्त व विशेष सचिव राजस्व की जिम्मेदारी दी गई है, जबकि सचिव राजस्व, राहत आयुक्त व चकबंदी आयुक्त रहे नवीन कुमार जीएस को सिंचाई विभाग में सचिव बनाया गया है।

तबादला आदेश में 13 जिलों के जिलाधिकारी बदले गए हैं। मैनपुरी के जिलाधिकारी पद से अविनाश कृष्ण सिंह को हटाकर प्राविधिक शिक्षा का प्रभारी महानिदेशक बनाया गया है, जबकि राज्य कृषि उत्पादन मंडी परिषद के निदेशक अंजनी कुमार सिंह को मैनपुरी का

### सूर्यपाल गंगवार ही लखनऊ के जिलाधिकारी

लखनऊ के जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार और बुलंदशहर के जिलाधिकारी चंद्रप्रकाश सिंह के तबादले की खबर निराधार निकली। शासन ने कहा कि इस तरह का कोई आदेश जारी नहीं हुआ है। दोनों अपने पद पर बने हुए हैं।

नया जिलाधिकारी बनाया गया है। आजमगढ़ के जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज को इसी पद पर कुशीनगर भेजा गया है, यहां तैनात उमेश मिश्रा को जिलाधिकारी मुजफ्फरनगर बनाया गया है। जबकि अरविंद मलप्पा बांगरी को मुजफ्फरनगर से आगरा का जिलाधिकारी बनाया गया है। नवनीत सिंह चहल को प्रयागराज से हटाकर आजमगढ़, रविंद्र सिंह को शामली से फतेहपुर और रवींद्र कुमार मंदर को जौनपुर से प्रयागराज का जिलाधिकारी बनाया गया है।

विशेष सचिव नगर विकास धर्मेंद्र प्रताप सिंह को जिलाधिकारी शाहजहांपुर, विशेष सचिव चीनी उद्योग व गन्ना विकास डॉ दिनेश चंद्र को जिलाधिकारी जौनपुर, फतेहपुर की जिलाधिकारी इंदुमति को विशेष सचिव चीनी उद्योग व गन्ना विकास, प्रयागराज विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अरविंद कुमार चौहान को जिलाधिकारी शामली, फिरोजाबाद के नगर आयुक्त घनश्याम मीना को जिलाधिकारी हमीरपुर और यहां जिलाधिकारी रहे राहुल पांडेय को इसी पद पर हाथरस की जिम्मेदारी दी गई है। नगर आयुक्त बरेली निधि गुप्ता वत्स पहली बार अमरोहा की जिलाधिकारी बनाई गई हैं। शाहजहांपुर के जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह को विशेष सचिव, भूतत्व एवं खनिज कर्म, अमरोहा के जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी को विशेष सचिव पंचायती राज, हाथरस के जिलाधिकारी आशीष कुमार को विशेष सचिव स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन, मेरठ के नगर आयुक्त अमित पाल को उपाध्यक्ष प्रयागराज विकास प्राधिकरण, विशेष सचिव, भूतत्व एवं खनिज कर्म डॉ मन्नान अख्तर को विशेष सचिव चिकित्सा शिक्षा एवं प्रबंध निदेशक व सीईओ प्रोमोट फार्मा, मुख्य विकास अधिकारी बलरामपुर संजीव कुमार मौर्या को नगर आयुक्त बरेली, मुख्य विकास अधिकारी सोनभद्र सौरभ गंगवार को नगर आयुक्त मेरठ, संयुक्त मजिस्ट्रेट आगरा कृष्ण कुमार सिंह को मुख्य विकास अधिकारी अयोध्या, संयुक्त मजिस्ट्रेट प्रयागराज जागृति अवस्थी को मुख्य विकास अधिकारी सोनभद्र बनाया गया है।

# सपा विधायक और पत्नी पर एफआईआर

**लखनऊ, अमृत विचारः** भदोही से सपा विधायक जाहिद बेग और उनकी पत्नी सीमा बेग के खिलाफ बंधुआ मजदूरी, बालश्रम कराने के आरोप में भदोही कोतवाली पुलिस ने एफआईआर दर्ज किया है। एफआईआर की तहरीर श्रम प्रवर्तन अधिकारी जेपी सिंह ने दी थी। एफआईआर की संस्तुति बाल कल्याण समिति की ओर से की गई थी। भदोही नगर के मालिकाना निवासी सपा विधायक जाहिद बेग के आवास के एक कमरे में विगत नौ सितंबर की रात नाबालिग किशोरी का फंदे से लटकता शव बरामद हुआ था। मृतक किशोरी जाहिद बेग के घर पर नौकरानी थी। श्रम विभाग, बाल कल्याण समिति और जिला प्रोबेशन की टीम ने प्रकरण की जांच की थी। यहां पर एक और नाबालिग नौकरानी काम कर रही थी, जिसे जांच के दौरान ही मुक्त कराया गया और प्रयागराज स्थित बाल संरक्षण गृह भेजा गया था।

# 13 पीसीएस अधिकारियों का हुआ स्थानांतरण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- शशिभूषण मुरादाबाद मंडल के अपर आयुक्त बने
- देवेंद्र पाल सिंह को नगर मिजिस्ट्रेट बदायूं की जिम्मेदारी

**अमृत विचारः** शासन ने शनिवार को 13 पीसीएस अधिकारियों को स्थानांतरण कर दिया। संजीव ओझा को सीआरओ बस्ती से अपर मेलाधिकारी प्रयागराज मेला प्राधिकरण पद पर तैनाती दी गई है।

महेंद्र कुमार श्रीवास्तव एसडीए कौशांबी से प्रधान प्रबंधक उत्तर प्रदेश राज्य चीनी निगम लि. मुंडेरवा बस्ती, अरुण कुमार नगर मजिस्ट्रेट बदायूं से एडीएम प्रशासन बदायूं, देवेंद्र पाल सिंह एसडीएम बुलंदशहर से नगर मजिस्ट्रेट बदायूं, शशिभूषण एडीएम न्यायिक मुरादाबाद से अपर आयुक्त मुरादाबाद मंडल, रमेश यादव एडीएम न्यायिक सहारनपुर से अपर आयुक्त सहारनपुर मंडल, प्रियंका एडीएम न्यायिक बुलंशहर से अपर आयुक्त झांसी मंडल, अंजू कटियार संबद्ध राजस्व परिषद लखनऊ से ओएसडी राजस्व परिषद लखनऊ होंगे।

शमशाद हुसैन अपर आयुक्त मेरठ मंडल से अपर आयुक्त आजमगढ़ मंडल, राकेश कुमार गुप्ता सीआरओ प्रतापगढ़ से अपर आयुक्त वाराणसी मंडल, सुभाष चंद्र यादव एडीएम अगला न्यायिक सोनभद्र से अपर आयुक्त वाराणसी मंडल, अजय लेख कुमार तिवारी ओएसडी राजस्व परिषद लखनऊ से सीआरओ प्रतापगढ़ तथा भगवान शरण अपर आयुक्त अलीगढ़ मंडल ऐप पर अपर आयुक्त चित्रकूटधाम मंडल के पद पर भेजे गए हैं।

# रामकथा संग्रहालय में स्थापित होंगी 5 गैलरियां

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** सरयू तट स्थित अंतर्राष्ट्रीय रामकथा संग्रहालय में पांच डिजिटल गैलरियां स्थापित की जाएंगी, जिसमें 3डी और 7डी जैसे आधुनिक तकनीकी का प्रयोग किया जाएगा। इन गैलरियों में अयोध्या के महत्व, राम कथा के साथ-साथ हनुमान जी की गाथाओं पर भी आधारित एक गैलरी को तैयार किया जाएगा। रामकथा संग्रहालय में मंदिर निर्माण समिति की तीन दिवसीय बैठक के अंतिम दिन शनिवार को संग्रहालय को तैयार किये जाने पर मंथन किया गया। बीते माह से शुरू हुए भवन के जीर्णोद्धार के लिए यूपी आरएनएन को जिम्मेदारी दी गई है।

निर्माण समिति के अध्यक्ष



संग्रहालय में निरीक्षण करते निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र और अन्य अधिकारी।

नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय में अभी प्रारंभिक निर्माण कार्य चल रहा है। तब तक के लिए वीडियो-ऑडियो द्वारा कथाओं को दिखाने के लिए पांच गैलरियां स्थापित होगी। हालांकि चार गैलरी टूरिज्म विभाग के द्वारा पहले से ही बनाई गई हैं। जो पांचवीं गैलरी होगी उसमें हनुमान जी पर एक 20 मिनट का एपिशोड दिखाया जाएगा। जिसे 3डी से लेकर 7डी तक देखा जा सकेगा। पूरे स्क्रिप्ट को तैयार करने के लिए आईआईटी चेन्नई, भारत का वैज्ञानिक मंत्रालय और भासाइंस एंड टेक्नोलॉजी के सहयोग से तैयार किया गया है।

# लखनऊ से कुआलालंपुर के लिए उड़ान शुरू

**लखनऊ, अमृत विचारः** एयर एशिया मलेशिया ने आयोजित एक समारोह में लखनऊ व मलेशिया की राजधानी कुआलालंपुर के बीच पहली उड़ान का उद्घाटन किया। एयर एशिया एविएशन समूह की सहयोगी कंपनी एयर एशिया मलेशिया द्वारा संचालित उड़ान ने 165 यात्रियों के साथ उड़ान भरी। एयर एशिया मलेशिया लखनऊ से परिचालन शुरू करने वाली एयर एशिया एविएशन ग्रुप की दूसरी एयरलाइन बन गई है। लखनऊ हवाई अड्डे के प्रवक्ता ने कहा कि उत्तर प्रदेश के लोगों की मांग थी कि लखनऊ से अधिक अंतर्राष्ट्रीय गंतव्यों को जोड़ा जाए।

# रोजा समेत 13 इकाइयां ठप, संकट गहराया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** रोजा समेत 13 इकाइयां के ठप होने से प्रदेश में बिजली संकट गहरा गया है। लगभग चार हजार मेगावाट उत्पादन घट गया है। इस दौरान मांग को पूरा करने के लिए बड़े पैमाने पर बिजली आयात करनी पड़ रही है।

उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार रोजा की 300 मेगावाट क्षमता की एक इकाई बीते दिन ठप हो गई, जबकि पिछले करीब एक सप्ताह के भीतर एक-एक कर कई इकाइयों में उत्पादन ठप हो गया है। इन इकाइयों में टांडा की 110 मेगावाट क्षमता की चार इकाइयां, टांडा की



- लगभग चार हजार मेगावाट उत्पादन घटा, मांग को पूरा करने के लिए हो रहा भारी आयात

ही 660 मेगावाट की एक इकाई, हरदुआगंज की 660 मेगावाट व 105 मेगावाट इकाइयों के अलावा यहां की 250 मेगावाट क्षमता की दो अन्य इकाइयां बंद चल रही हैं। इसी तरह, जवाहरपुर की 660 मेगावाट और पारीछा की 250 मेगावाट की दो इकाइयों में उत्पादन बंद है। तकनीकी खराबी के कारण इन इकाइयों के बंद होने से कुल 3661 मेगावाट उत्पादन घट गया है। रिहंद व ऊंचाहर की क्रमशः 500 व 210 मेगावाट क्षमता की दो इकाइयां पहले से रखरखाव कार्य के लिए बंद रखी गई हैं। इससे कुल 3923 मेगावाट उत्पादन कम हो गया है। राज्य विद्युत उत्पादन निगम में बिजली उत्पादन करीब चार हजार मेगावाट हो रहा है, जबकि प्रदेश में बिजली की मांग लगभग 22 हजार मेगावाट से ऊपर चल रही है। ऐसे में एनर्जी एक्सचेंज व अन्य स्रोतों से भारी मात्रा में बिजली आयात की जा रही है।

### सुधार को अक्टूबर-नवंबर में चलेगा विशेष अभियान

**लखनऊ, अमृत विचार :** प्रदेश में बिजली आपूर्ति में सुधार के लिए अगले माह अक्टूबर-नवंबर में विशेष अभियान चलाया जाएगा। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन ने इस सिलसिले में वितरण निगमों को निर्देश जारी किया है। कॉरपोरेशन के निदेशक वितरण जीडी द्विवेदी की ओर से जारी निर्देश में 14 अक्टूबर से 15 नवंबर तक अनुरक्षण माह मनाने के फैसले की जानकारी दी गई है। अभियान के तहत बिजली लाइनों को छूने वाली पेड़ की टहनियों की छंटाई किए जाने व हर दो-तीन महीने में इसे जारी रखने को कहा गया है। ट्रांसफार्मर के बार-बार फुंकने व खराब होने पर अंकुश लगाने के लिए समुचित कार्रवाई करने को कहा गया है। इसके अलावा फीडर स्तर पर वोल्टेज व ट्रिपिंग की निरंतर समीक्षा करने आदि के निर्देश दिए गए हैं।

# आगरा में युवक ने इंस्टाग्राम पर वीडियो बनाकर की आत्महत्या

आगरा, एजेंसीः

आगरा में एक युवक के इंस्टाग्राम पर वीडियो बनाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया कि अपने आखिरी वीडियो में युवक ने अपनी मौत के लिए पत्नी और सास को जिम्मेदार ठहराया है। युवक ने वीडियो में कहा कि उसकी पत्नी और सास ने उसका जीवन तबाह कर दिया है। उसने वीडियो में कहा कि इन दोनों को मत छोड़ना। इसके बाद युवक ने आत्महत्या कर ली। पुलिस आवश्यक कार्रवाई कर रही है। मृतक युवक की पहचान दुष्यंत गौतम (32) के रूप में की गयी है। दुष्यंत ने फंदे से लटककर अपनी जान दे दी लेकिन ऐसा करने से पहले उसने इंस्टाग्राम पर लाइव वीडियो बनाया। वीडियो में उसने बताया कि सास ने उसकी पत्नी और बच्चों को दूर कर दिया है, जिससे वह बहुत आहत है। वीडियो में दुष्यंत ने कहा कि मैं बुजदिल नहीं हूं, मेरी मौत के बाद पत्नी और सास को छोड़ना नहीं।

# परिवीक्षा अवधि पूर्ण कर 16 जिला कमांडेंट हुए स्थाई

**लखनऊ, अमृत विचार :** राज्यपाल ने उत्तर प्रदेश होमगाड्‌र्स सेवा समूह ख के जिला कमांडेंट संवर्ग के उन अधिकारियों को स्थाई करने की संस्तुति प्रदान की है, जिन्होंने निर्धारित परिवीक्षा अवधि पूर्ण कर ली है। ऐसे अधिकारियों की संख्या कुल 16 है। जिन जिला कमांडेंट संवर्ग के अधिकारियों को स्थाई किया गया है उनमें धर्मेंद्र कुमार विश्वकर्मा, सतीश कुमार सिंह, वेदपाल सिंह चपराना, धीरेंद्र कुमार पांडेय, अंकिता श्रीवास्तव, सिद्धार्थ चौधरी, राहुल कुमार, श्यामजीत शाही, नीरज कुमार शर्मा, हरिशंकर चौधरी, शैलजा एन, सिंह, ज्ञान प्रकाश, राजमणि सिंह, दिनेश कुमार पांडेय, अंतिम कुमार सिंह, विंध्याचल पाठक शामिल है।

# किशोरी का अपहरण कर दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

बलिया, एजेंसी

जिले में एक युवक ने सोशल मीडिया के जरिये दोस्ती कर नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर अपहरण कर लिया और उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने शनिवार को बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस के अनुसार जिले के सुखपुरा थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 12 वर्षीया लड़की से ऋषिकेश वर्मा नामक एक युवक ने सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम के जरिए दोस्ती की। इसके बाद ऋषिकेश ने 26 जुलाई को किशोरी का अपहरण कर लिया और उसके साथ दुष्कर्म किया। इस मामले में किशोरी की मां की शिकायत के आधार पर ऋषिकेश वर्मा के विरुद्ध पॉक्सो सहित अन्य धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गयी। पुलिस ने नाबालिग को मुक्त कराने के साथ ही आरोपी ऋषिकेश को शनिवार को गिरफ्तार कर बलिया की अदालत में पेश किया, जहां से उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# मंगेश यादव के परिवार ने पुलिस के डर से बदला बयानःअखिलेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि सुल्तानपुर मुठभेड़ प्रकरण में मारे गए आरोपी मंगेश यादव के परिवार ने पुलिस के डर से बयान बदल दिया है।

उन्होंने कहा कि मंगेश को घर से उठाकर मारा गया। सपा प्रमुख ने बसपा प्रमुख मायावती के गठबंधन टूटने को लेकर दिए गए बयान पर कहा कि बसपा ने गठबंधन तोड़कर धोखा दिया था।



प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते अखिलेश यादव।

- कहा, गठबंधन तोड़कर बसपा ने दिया था धोखा
- सच्चाई जानने को मंगेश के परिवार से मिलने गए थे

सपा प्रमुख शनिवार को प्रदेश सपा मुख्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि प्रकरण की जानकारी मिलने पर वह सच्चाई जानने के लिए मंगेश के परिजनों से मिलने गए थे। इस दौरान परिजनों ने सही जानकारी साझा की थी। उन्होंने कहा कि प्रदेश पुलिस साजिश करने व फर्जी मुठभेड़ का कार्य कर रही है। मठाधीश व माफिया एक होने के स्वयं के बयान व इस पर विरोध पर उन्होंने कहा कि पूर्व में एक नेता ने 'इनको मारो...चार' का नारा दिया था, तो इन लोगों ने क्यों नाराजगी नहीं जताई थी।

पूर्व में हुए सपा-बसपा का गठबंधन के टूटने पर बसपा प्रमुख के बयान पर सपा प्रमुख ने कहा कि यह गठबंधन देश की राजनीति को बदलने वाला था, लेकिन हमें धोखा मिला। यह बात बहुत छोटी है कि किसने किसका फोन नहीं उठाया। उन्होंने कहा कि जिस वक्त उन्हें गठबंधन टूटने की जानकरी मिली थी, उस समय बसपा के एक नेता उनके साथ मंच पर बैठे थे। गठबंधन टूटने के सवाल पर बसपा नेता का कहना था कि हमें व उन्हें दोनों को धोखा मिला। दूसरी ओर, सपा मुख्यालय में हिन्दी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में सपा प्रमुख ने साहित्यकारों, कवियों व पत्रकारों को सम्मानित किया।


## वर्ग पहेली-192

**बाएं से दाएं**

1. (पुराण) परशुराम के अवतार में विष्णु का एक शत्रु।
2. 1. किसी वस्तु या पदार्थ की गंध जानने के उद्देश्य से उसे नाक के पास ले जाकर सांस खींचना 2. किसी खाद्य पदार्थ को बहुत कम खाना।
4. 1. व्याखान, भाषण 2. इमाम भाषण 3. धर्मोपदेश 4. तारीफ़, प्रशंसा
5. नए राजा (ख़ासकर मुसलमान राज्यों के) की गद्दी पर बैठने की घोषणा।
5. औटाने के लिए आंच पर चढ़ाए गए दूध या रस इत्यादि तरल पदार्थ को चलाने-हिलाने की कलछी, चमचा।
6. 1. उत्पन्न करना, रचना या बनाना 2. ऊपर से नीचे की ओर लाना, उतारना 3. पशुओं के गर्भ से बच्चा निकालना या उत्पन्न करना, जनना 4. जन्म देना।

**ऊपर से नीचे**

1. (काव्यशास्त्र) वह नायिका जिसका यौवनकाल आरंभ हो रहा हो, किशोरी।
3. 1. ज़मीन से रगड़ते हुए खींचना 2. किसी को उसकी इच्छा के विरुद्ध या किसी साज़िश से किसी मसले में उलझा देना, फंसाना।
5. अधिक।



### वर्ग पहेली -191 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 जा | | 2 हि | | 3 अ |
| | ल | | सा | | प |
| 4 मु | सा | ह | ब | | रि |
| | ज़ी | | कि | | चि |
| | | 5 ह | ता | ह | त |
| | 6 श | रा | ब | | |
| | | म | | 7 गो | ई |

## सुडोकू -105

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 6 | 8 | | | 1 | | |
| 4 | | | | 6 | | | | |
| 3 | | 5 | 1 | | 4 | 9 | | 8 |
| | 9 | | | | 5 | | | 1 |
| | 6 | | 4 | | 1 | | 8 | |
| 1 | | | 7 | | | | 2 | |
| 6 | | 2 | 5 | | 3 | 8 | | 4 |
| | | | | 1 | | | | 7 |
| | | 8 | | | | 5 | | |

### सुडोकू - 104 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 4 | 3 | 8 |
| 7 | 2 | 3 | 1 | 4 | 8 | 9 | 6 | 5 |
| 8 | 6 | 4 | 9 | 3 | 5 | 1 | 2 | 7 |
| 6 | 7 | 8 | 4 | 5 | 2 | 3 | 1 | 9 |
| 1 | 3 | 9 | 6 | 8 | 7 | 2 | 5 | 4 |
| 4 | 5 | 2 | 3 | 9 | 1 | 7 | 8 | 6 |
| 9 | 4 | 5 | 8 | 2 | 3 | 6 | 7 | 1 |
| 3 | 1 | 7 | 5 | 6 | 4 | 8 | 9 | 2 |
| 2 | 8 | 6 | 7 | 1 | 9 | 5 | 4 | 3 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 15 सितंबर रविवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-भाद्रपद, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-द्वादशी 18.12 तक तत्पश्चात त्रयोदशी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-शरद।
चन्द्रबल- मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र- श्रवण 18.49 तक तत्पश्चात धनिष्ठा।

**मेष** — आज संपत्ति के लेन-देन से जुड़े मामले आसानी से सुलझ जाएंगे। अनावश्यक कार्यों से आपको बचना चाहिए। नए प्रोजेक्ट्स में काम शुरू कर सकते हैं। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आप खाने को लेकर काफी शौकीन रहेंगे।

**वृष** — आज कई दिनों से रुके हुए काम दोबारा शुरू होंगे। घर में रिश्तेदारों का आगमन होगा। कानूनी विवादों में सफलता मिल सकती है। व्यापारिक यात्रा लाभकारी सिद्ध होगी। वैवाहिक जीवन में प्रेम भाव और समर्पण का भाव बढ़ेगा।

**मिथुन** — आज खानपान में थोड़ी भी लापरवाही नुकसानदेह सिद्ध हो सकती है। बाहरी व्यक्तियों का हस्तक्षेप अपने परिवार में न होने दें। परिवार के किसी व्यक्ति के साथ आपका विवाद हो सकता है। लोग आपके ऊपर मिथ्या आरोप लगा सकते हैं।

**कर्क** — आज संतान के व्यवहार से आपका मन प्रसन्न रहेगा। आपकी सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी। मन को शांत रखने के लिए मधुर संगीत की मदद ले सकते हैं। अपनी बातों को दृढ़तापूर्वक रखने से आपका काम आसानी से पूर्ण हो जाएगा।

**सिंह** — आज गैरकानूनी मामलों में आपको उलझने से बचना चाहिए। उच्च अधिकारी के साथ आपके संबंध बहुत ही अच्छे रहेंगे। मित्रों का भरपूर सहयोग आपको प्राप्त होगा। कार्यक्षेत्र में आपको मेहनत का शानदार परिणाम मिल सकता है।

**कन्या** — आज कार्यक्षेत्र में आप विस्तार कर सकते हैं। नई स्किल्स सीखने का प्रयास करेंगे। माता-पिता के साथ अपने संबंध अच्छे रखें। बच्चों के साथ काफी समय बिताएंगे। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। राजनीतिक समारोह में हिस्सा ले सकते हैं।

**तुला** — आज घरेलू मामलों में आपको ध्यान रखने की आवश्यकता है। व्यापारियों के लिए दिन कुछ कमजोर रहने वाला है। अनुचित कार्यों को लेकर आप रुचि ले सकते हैं। आपके खर्चों में कमी आएगी। संतान की गलतियों पर पर्दा न डालें।

**वृश्चिक** — आज बुद्धि-विवेक से लिए गए निर्णयों से आपको काफी लाभ प्राप्त होगा। प्रेमी जन के साथ बहुत अच्छा समय बिताएंगे। धार्मिक कार्यों में आप काफी रुचि लेंगे। आपके मनोबल में वृद्धि होगी। भोग-विलास के लिए दिन बहुत ही अच्छा है।

**धनु** — आज पुरानी गलतियों को दूर करने का अवसर मिलेगा। कुछ रिश्तेदार आपसे ईर्ष्या कर सकते हैं। कुछ महत्वपूर्ण पेपर्स गुम हो सकते हैं। आप दिखावे के चक्कर में धन खर्च कर सकते हैं। व्यवसाय में उतार-चढ़ाव की स्थिति बनी रहेगी।

**मकर** — आज आप अपने निर्णयों को प्राथमिकता दें। सभी काम योजनाबद्ध तरीके से करेंगे, जिसके कारण सभी काम तय समय पर पूर्ण हो जाएंगे। नए प्रेम संबंध स्थापित हो सकते हैं। व्यापार में उच्च आर्थिक लाभ मिलेगा। कोर्ट-कचहरी से जुड़े मामलों में आपको विजय मिल सकती है।

**कुंभ** — आज अपने व्यवहार में लचीलापन रखें। ज्यादा सोच-विचार के कारण आपके काम प्रभावित होने की संभावना है। जीवनसाथी को आपने ऊपर भरोसा कम रहेगा। घर में थोड़ी परेशानी का माहौल रहेगा। कार्यक्षेत्र में सहयोगियों के साथ संबंध प्रभावित हो सकते हैं।

**मीन** — आज अपने काम में पारदर्शिता बनाकर रखें। कुछ सामाजिक कार्य करने की मन में इच्छा जागृत होगी। प्रेम संबंधों के लिए दिन काफी अच्छा है। जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं। आपके मन में प्रसन्नता रहेगी।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
भीष्मा — सुबह : 10.32
खून भरी मांग — रात : 07.10

**Sony Pix**
मॉन्स्टर हंटर — सुबह : 11.42
मैड मैक्स : फरी रोड — रात : 09.00

**&pictures**
एक विवाह ऐसा भी — सुबह : 11.13
सूर्यवंशी — रात : 08.00

**Zee Cinema**
द कराटे किड — सुबह : 10.19
हम साथ साथ हैं — दोपहर : 01.25

**Colors Cineplex**
ठग्स — सुबह : 10.22
ओएमजी 2 — शाम : 05.26

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर रात : 08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

एक बार एक दादा-दादी ने जवानी के दिनों को याद करने का फैसला किया।
अगले दिन दादा फूल लेकर वहीं पहुंचे, जहां वो जवानी में मिला करते थे, वहां खड़े-खड़े दादा के पैरों में दर्द हो गया, लेकिन दादी नहीं आईं।
घर जाकर दादा गुस्से से, "आईं क्यों नहीं"?
दादी शर्माते हुए-मम्मी ने आने नहीं दिया।

मोनू-बचपन से ही शौक था अच्छा इंसान बनने का।
सोनू- फिर क्या हुआ, बन गए?
मोनू-अरे कहां, बचपन खत्म, शौक खत्म।

## एक नजर

### सीआरपीएफ के हवलदार ने खुद को मारी गोली, मौत

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवान ने अपनी सर्विस रायफल से कथित तौर पर खुद को गोली मार ली। पुलिस अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आज सुबह गादीरास गांव में सीआरपीएफ के 226वीं बटालियन के शिविर में हवलदार विपुल भूयान (44) ने आत्महत्या कर ली। भूयान ने शिविर के शौचालय में एके-47 राइफल से खुद को गोली मार ली।

### बीकानेर में सड़क हादसे में शिशु सहित तीन की मौत

**जयपुर।** बीकानेर जिले में शुक्रवार देर रात सड़क हादसे में दो युवकों व एक बच्चे की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि नौरंगदेसर के पास यह हादसा एक कार और जीप की आमने-सामने की टक्कर के कारण हुआ। इसके अनुसार कार सवार लोक एक शोकसभा से लौट रहे थे। हादसे में मनोज सोनी, कल्याण सोनी और आठ महीने के बच्चे की मौत हो गई। घटना में दो महिलाएं घायल हो गईं हैं।

### हिमाचल में बारिश के कारण 156 सड़कें बंद

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के कई हिस्सों में बारिश जारी रहने के कारण शनिवार सुबह राष्ट्रीय राजमार्ग 5 (हिंदुस्तान-तिब्बत रोड) सहित कुल 156 सड़कें वाहनों की आवाजाही के लिए बंद कर दी गईं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मौसम विभाग के अनुसार, शुक्रवार शाम से राज्य के कुछ हिस्सों में मध्यम बारिश जारी है और कटौला में सर्वाधिक 78.5 (मिलीमीटर) मिमी बारिश दर्ज की गई।

### सुकमा में इनामी नक्सली समेत आठ गिरफ्तार

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में सुरक्षाबलों ने इनामी नक्सली समेत आठ को गिरफ्तार कर उनके पास से विस्फोटक बरामद किया है। पुलिस अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि जगरगुंडा थाना क्षेत्र में सुरक्षाबलों ने आठ नक्सलियों को गिरफ्तार कर लिया है। 12 सितंबर को जगरगुंडा थाना क्षेत्र में सीआरपीएफ, जिला बल, बस्तर फाइटर और जिला रिजर्व गार्ड की टीम गश्त पर गई थी।

### साइबर धोखाधड़ी में चार लोगों को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** ईडी ने खुद को कथित तौर पर सीबीआई और दिल्ली पुलिस का अधिकारी बताकर लोगों से करोड़ों की ठगी करने में तमिलनाडु से चार और लोगों को गिरफ्तार किया। धनशोधन रोधी केंद्रीय एजेंसी ने शनिवार को यह जानकारी दी।

# हिमाचल में विरोध प्रदर्शन, मस्जिद का सुरक्षा घेरा बढ़ा

## शिमला के संजौली से उपजा विवाद हिमाचल के कई इलाकों तक पहुंचा, बाजार दो से तीन घंटे के लिए रहे बंद

**शिमला, एजेंसी**

हिमाचल प्रदेश में मस्जिद विवाद थम नहीं रहा है। शिमला के संजौली से उपजा विवाद अब हिमाचल के कई अन्य इलाकों में भी पहुंच चुका है। शनिवार को सिरमौर के पांवटा साहिब और शिमला के सुन्नी में अवैध मस्जिदों के खिलाफ हिंदू संगठनों ने विरोध प्रदर्शन किया। वहीं सुरक्षा के तहत पुलिस ने मस्जिद घेरा और सख्त कर रखा था।

वहीं, विश्व हिन्दू परिषद की दो घंटे की कॉल के मद्देनजर कई जगह बाजार बंद रहे। संजौली स्थित मस्जिद में अवैध निर्माण हटाने और प्रवासियों की जांच की मांग को लेकर शिमला ग्रामीण विधानसभा के सुन्नी में हिंदू संगठनों ने प्रदर्शन किया। प्रदेश में बाजार दो से तीन घंटे के लिए बंद रहे। कई जगह प्रदर्शन भी हुए। सुन्नी बाजार में प्रदर्शन के लिए सैकड़ों लोग पहुंचे। बाहरी लोगों के खिलाफ नारेबाजी की। हिंदू संगठनों के लोग बाजार में रैली निकालकर आगे बढ़े। प्रदर्शन में महिलाएं भी शामिल रहीं। रैली सुन्नी चौक पर पहुंचने के बाद हिंदू संगठनों के नेताओं ने यहां लोगों को संबोधित किया।


शिमला में मस्जिद में कथित अवैध निर्माण के खिलाफ प्रदर्शन करते लोग।

संजौली में लोगों पर हुए लाठीचार्ज पर विरोध जताया। लोगों के खिलाफ दर्ज मामलों को वापस लेने की मांग उठाई। लोगों ने सरकार को चेताया कि यदि जल्द केस वापस नहीं लिए गए तो प्रदेश स्तर पर प्रदर्शन होंगे। वहीं सुरक्षा की दृष्टि से सुन्नी में पुलिस ने मस्जिद का सुरक्षा घेरा बढ़ाया है। मुख्य मार्ग को बैरिकेड से बंद किया गया। एडीएम (कानून-व्यवस्था) अजीत भारद्वाज ने बताया कि प्रदर्शन के दौरान मजिस्ट्रेट तैनात रहे और हर स्थिति पर नजर रखी गई। लोगों के मुताबिक क्षेत्र में विशेष समुदाय और प्रवासियों की संख्या बढ़ रही है। यहां एक मस्जिद भी बन गई। किसी को पता नहीं है कि मस्जिद किसकी जमीन पर है। अवैध है या वैध, इस बारे में प्रशासन को भी कोई जानकारी नहीं है। हिंदू जागरण मंच के पूर्व पदाधिकारी कमल गौतम ने संजौली में हिंदू समाज पर लाठीचार्ज के विरोध में प्रदेश बंद का आह्वान किया था।

### अवैध निर्माण पर की कार्रवाई, तीन कमरे ध्वस्त

**बिलासपुर।** हिमाचल के बिलासपुर नगर परिषद ने रोड़ा सेक्टर में अवैध निर्माण के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है। लोगों की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए परिषद ने अवैध रूप से बनाए जा रहे तीन कमरों को गिरा दिया। यह निर्माण राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक कन्या पाठशाला के पास हो रहा था, जिसके संबंध में शिकायत की गई थी कि यहां मस्जिद का अवैध निर्माण हो रहा है, जिससे क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बिगड़ने की आशंका जताई जा रही थी। शिकायत में कहा गया कि रोड़ा सेक्टर निवासी साबरदीन द्वारा सरकारी भूमि पर अतिक्रमण कर तीन कमरे बनाए जा रहे थे। नगर परिषद को जब इसकी सूचना मिली तो संबंधित व्यक्ति को तुरंत निर्माण कार्य रोकने का नोटिस जारी किया गया था लेकिन इसके बावजूद निर्माण कार्य जारी रहने पर यह कदम उठाया गया। शिमला जिले के संजौली में हाल ही में मस्जिद के अवैध निर्माण से उपजे विवाद के मद्देनजर, बिलासपुर में अस्थिरता को रोकने के लिए यह कार्रवाई हुई है।

# भाजपा-आरएसएस की जागीर बन गया जम्मू-कश्मीर : कांग्रेस

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- जयराम रमेश ने कहा- प्रधानमंत्री को बताना चाहिए कि जम्मू-कश्मीर के राज्य का दर्जा कब बहाल होगा



कांग्रेस ने शनिवार को आरोप लगाया कि जम्मू-कश्मीर भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) द्वारा नियंत्रित नौकरशाही की जागीर बन गया है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को बताना चाहिए कि जम्मू-कश्मीर का पूर्ण राज्य का दर्जा कब बहाल होगा। प्रधानमंत्री ने जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए डोडा में भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित किया।

रमेश ने एक्स पर पोस्ट किया कि नॉन-बायोलॉजिकल प्रधानमंत्री आज जम्मू-कश्मीर में हैं। 2018 में पीडीपी-भाजपा सरकार के गिरने के बाद से जम्मू-कश्मीर का प्रशासन उनकी ही केंद्र सरकार के पास है। ऐसे में नॉन-बायोलॉजिकल प्रधानमंत्री को इसका जवाब देना चाहिए कि जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा कब वापस मिलेगा? उन्होंने आरोप लगाया कि 2018 के बाद से जम्मू-कश्मीर के लोगों के लिए विरोध दर्ज कराने और समस्याएं व्यक्त करने के लिए हर तरह का रास्ता बंद कर दिया गया है। यह क्षेत्र भाजपा-आरएसएस द्वारा नियंत्रित नौकरशाही की जागीर बन गया है। शुक्रवार को किश्तवाड़ में आतंकवादी हमलों में दो जवानों की शहादत की जिम्मेदारी कौन लेगा?

### बुच पर चीनी कंपनियों में निवेश का आरोप



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने सेबी प्रमुख माधवी बुच पर शनिवार को एक बार फिर निशाना साधा और उन पर चीन की कंपनियों में निवेश का आरोप लगाते हुए कहा कि वह ऐसे समय यह सब कर रही हैं जब भारत चीन के साथ भू-राजनीतिक तनाव का सामना कर रहा है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह सवाल भी किया कि क्या प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी माधवी बुच की इस गतिविधि से अवगत हैं? अमेरिकी संस्था हिंडनबर्ग रिसर्च ने हाल ही में बुच पर अडाणी समूह से जुड़े मामले में हितों के टकराव का आरोप लगाया था। माधवी और उनके पति धवल बुच ने कांग्रेस के आरोपों से शुक्रवार को इनकार किया करते हुए कहा था कि ये आरोप गलत, प्रेरित और मानहानिकारक हैं। कांग्रेस आरोप उनके आयकर रिटर्न में दर्ज विवरणों पर आधारित हैं।

### मोदी के तीसरे कार्यकाल में बढ़ा आतंकवाद

**श्रीनगर।** कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी हमलों को रोकने में विफल रहने का आरोप लगाया और दावा किया कि केंद्र-शासित प्रदेश में आतंकवाद और मजबूत होकर लौटा है, जबकि कई साल पहले इसका सफाया कर दिया गया था। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि मोदी का तीसरा कार्यकाल शुरू होने के बाद 98 दिन में जम्मू-कश्मीर में 25 आतंकवादी हमले हुए हैं। बड़े-बड़े दावे किए गए थे कि 2019 के बाद जम्मू-कश्मीर में शांति कायम हो जाएगी।

## कोर्ट ने कब्रिस्तान में अवैध निर्माण पर वक्फ बोर्ड से मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने दिल्ली सरकार और वक्फ बोर्ड से उस याचिका पर जवाब मांगा है, जिसमें बोर्ड पर ईदगाह रोड स्थित कब्रिस्तान में कथित बिक्री और अवैध निर्माण पर चुप रहने का आरोप लगाया गया है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ ने याचिका पर दिल्ली सरकार, वक्फ बोर्ड, नगर निगम और पुलिस को नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने प्राधिकारियों से चार सप्ताह में जवाब दाखिल करने को कहा है।

# प्रधानमंत्री पद की दौड़ में शामिल होने पर समर्थन देने की मिली थी पेशकश

**नागपुर, एजेंसी**



- गडकरी बोले- प्रस्ताव ये कहते हुए ठुकरा था कि उनकी ऐसी कोई लालसा नहीं है

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने शनिवार को कहा कि एक बार एक नेता ने प्रधानमंत्री पद की दौड़ में शामिल होने पर उन्हें समर्थन देने की पेशकश की थी, लेकिन उन्होंने यह कहते हुए प्रस्ताव को ठुकरा दिया था कि उनकी ऐसी कोई लालसा नहीं है।

पत्रकारिता पुरस्कार समारोह में गडकरी ने कहा कि मुझे एक घटना याद है- लेकिन मैं किसी का नाम नहीं लूंगा...उस व्यक्ति ने कहा था कि अगर आप प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं, तो हम आपका समर्थन करेंगे। हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि यह वाकया कब का है। भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा कि लेकिन, मैंने पूछा कि आपको मेरा समर्थन क्यों करना चाहिए और मुझे आपका समर्थन क्यों लेना चाहिए? प्रधानमंत्री बनना मेरे जीवन का लक्ष्य नहीं है। मैं अपने मान्यता और अपने संगठन के प्रति वफादार हूं और मैं किसी भी पद के लिए समझौता नहीं करूंगा क्योंकि मेरा दृढ़ निश्चिय मेरे लिए सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण है। अपने भाषण में, गडकरी ने पत्रकारिता और राजनीति दोनों में नैतिकता के महत्व को जोर दिया। गडकरी ने चार वरिष्ठ पत्रकारों को पत्रकारिता में उत्कृष्टता के लिए 2023-24 के अनिल कुमार पुरस्कार से सम्मानित किया।

## राष्ट्रीय लोक अदालतों में 1.14 करोड़ से अधिक मामले निपटाए गए

**नई दिल्ली।** तीसरी राष्ट्रीय लोक अदालतों में शनिवार को 1.14 करोड़ से अधिक मामले निपटाए गए। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) के सदस्य सचिव संतोष स्नेही मान के अनुसार, ये मामले 27 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के तालुकों, जिलों और उच्च न्यायालयों में निपटारा किए गए। मामलों में समझौता योग्य अपराध, यातायात चालान, राजस्व, बैंक वसूली, मोटर दुर्घटना दावे, चेक अनादर, श्रम विवाद, वैवाहिक विवाद, भूमि अधिग्रहण आदि रहे।

## भाजपा विधायक मुनिरत्न के खिलाफ दो मामले दर्ज

- उत्पीड़न, धमकाने और जाति आधारित दुर्व्यवहार का आरोप

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में भाजपा विधायक मुनिरत्न के खिलाफ कथित उत्पीड़न, धमकाने और जाति आधारित दुर्व्यवहार करने के मामले में दो प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने शनिवार को बताया कि राजराजेश्वरीनगर से विधायक मुनिरत्न के खिलाफ शुक्रवार को व्यालिकावल पुलिस थाने में दो मामले दर्ज किए गए।

बृहत बेंगलुरु महानगर पालिका (बीबीएमपी) के ठेकेदार चेलुवराजू की शिकायत पर दर्ज पहली प्राथमिकी में विधायक पर 30 लाख की रिश्वत मांगने और राशि न मिलने पर अनुबंध समाप्त करने की धमकी देने का आरोप है। चेलुवराजू ने आरोप लगाया कि मुनिरत्न ने 2021 में ठोस अपशिष्ट निपटान अनुबंध को 20 लाख की मांग की, लेकिन अपशिष्ट प्रबंधन अनुबंध के लिए 10 ऑटो ट्रिपर के लिए भुगतान के बावजूद, निकाय ने वाहनों को उपलब्ध कराने की स्वीकृति नहीं दी।

## हरियाणा : गहलोत, माकन व बाजवा बने वरिष्ठ पर्यवेक्षक

- कांग्रेस अध्यक्ष ने विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर किया नियुक्त

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने शनिवार को राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पार्टी के कोषाध्यक्ष अजय माकन तथा पंजाब विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष प्रताप सिंह बाजवा को हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए वरिष्ठ पर्यवेक्षक नियुक्त किया।

कांग्रेस पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर गहलोत, माकन और बाजवा को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी का वरिष्ठ पर्यवेक्षक नियुक्त किया। हरियाणा की 90 विधानसभा सीट पर एक चरण में पांच अक्टूबर को मतदान होगा और मतों की गिनती आठ अक्टूबर को होगी।

## इडली गले में फंसी एक व्यक्ति की मौत

**पलक्कड़।** केरल के पलक्कड़ जिले में पुडुसेरी के निकट अलमराम में ओणम की पूर्व संध्या पर युवाओं के समूह की ओर से शनिवार को आयोजित इडली खाने की स्पर्धा के दौरान गले में इडली फंस जाने से 50 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गयी। पुलिस के मुताबिक मृतक की पहचान टिपर ट्रक चालक बी सुरेश (के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि अन्य प्रतिभागियों के साथ इडली खाने की स्पर्धा के दौरान सुरेश ने एक साथ तीन इडली खाने की कोशिश की, लेकिन उसे सांस लेने में तकलीफ होने लगी और वह गिर गया।

# जिलाधिकारी का एक्स हैक कर राहुल गांधी पर की अभद्र टिप्पणी

**नोएडा, एजेंसी**

- कांग्रेस किसान मोर्चा ने सूरजपुर जिला कलेक्ट्रेट पहुंचकर जताया विरोध आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग

गौतमबुद्ध नगर के जिलाधिकारी मनीष वर्मा के एक्स अकाउंट को हैक कर कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने का मामला सामने आया। इसके बाद कांग्रेस किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष गौतम अवाना के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने शनिवार को सूरजपुर जिला कलेक्ट्रेट पहुंचकर विरोध जताया।

अवाना ने दावा किया कि जिलाधिकारी के एक्स अकाउंट से राहुल गांधी के लिए अभद्र टिप्पणी की गई। इस पर कांग्रेस कार्यकर्ता शनिवार को डीएम कार्यालय पहुंचे और एडीएम (वित्त एवं राजस्व) से मिलकर दोषियों की गिरफ्तारी की मांग की। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सहायक निदेशक (सूचना) सुनील कनौजिया ने 13 सितंबर को सेक्टर-20 थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि साइबर अपराधियों ने जिलाधिकारी के आधिकारिक 'एक्स' अकाउंट को हैक कर लिया है। हैकर ने अभद्र राजनीतिक टिप्पणी की, जो आपत्तिजनक है।



## बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन -तुलसी 2445, राज श्री 1590, फ़ॉर्चून कि. 2040, रविन्द्रा 2240, फॉर्चुन ली. 1880, जय जवान 1795, सचिन 1680, सूरज 1820, अवसर 1910, राग गोल्ड 1975, गृहणी ली 1880, क्लासिक (किलो) 1945, मोर 1975, चक्र टिन 2260, ब्लू 2010, आशीर्वाद मस्टर्ड 2130, स्वास्तिक 2415 । किराना- ( प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 17000, जीरा 30000, लाल मिर्च 17000-20000, धनिया 8000-10000, अजवायान 15500-23000, मेथी 7400, सौंफ 9000-13000, सोंठ 41000, (प्रतिकि0) लौंग 800-900, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 800, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-900 । चावल - ( प्रति कु0 ) डबल चाबी सेला 10000, स्पाइस 7600, शरबती कच्ची 4450, शर्बती स्टीम 4600, डायमंड मंसूरी 4700, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9200, राजभोग 7350, हरी पत्ती ( 1किलो,5किलो) 10500, हरी पत्ति नेचुरल नया 10100, जेनिथ 10000, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4950, खजाना 4950 ।दाल दलहन-मूंग दाल इंदौर 10200, मूंग धोवा 10700, राजमा चित्रा 13700-14600, राजमा भूटान नया 12300, मलका काली 7050-7500 मलका दाल 7275-7900, मलका छाँटी 7350, दाल उड़द बिलासपुर 9600-10200, मसूर दाल छोटी 8900-9500, दाल उड़द दिल्ली 11600, उड़द साबुत दिल्ली 11400, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900-12900,चना काला 8800, दाल चना 9250, लाल हिंदुस्तान 9350, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 10000, चना अकोला 8900, डबरा 10200-11200, सच्चा हीरा 12800, मोटा हीरा 14800, अरहर गोला मोटा 13700, अरहर पटका मोटा 14000, अरहर कोरा मोटा 14200, अरहर पटका छोटा 15300-15700, अरहर कोरी छोटी 16100 ।चीनी-डालमियां 4020, पीलीभीत 4000, नवाबगंज 3990, बहेड़ी 4000 ।

## सर्राफा

बरेली

| | |
|---|---|
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 74700 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 73700 |
| सिल्वर (पक्की) | 877 (अनुमानित) |

# किसानों को उचित दाम दिलाने के लिए सरकार बढ़ा रही निर्यात : शाह

## बोले गृहमंत्री- प्याज-बासमती चावल के एमईपी को हटाए गए

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- निर्यात शुल्क 40 से घटाकर 20% करने का भी लिया गया फैसला

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि नरेन्द्र मोदी नीत सरकार किसानों को उनकी फसलों का उचित दाम दिलाने के लिए निर्यात बढ़ा रही है, जिससे किसानों को लाभ हो सके। शाह ने कहा कि सरकार ने प्याज और बासमती चावल के न्यूनतम निर्यात मूल्य (एमईपी) को हटाने समेत तीन महत्वपूर्ण फैसले लिए हैं।

उन्होंने 'एक्स' पर कहा कि सरकार ने प्याज पर एमईपी हटाने और निर्यात शुल्क को 40 से घटाकर 20 प्रतिशत करने का निर्णय लिया है। इससे प्याज का निर्यात बढ़ेगा, जिससे प्याज उत्पादक किसानों की आय में वृद्धि होगी। सरकार ने बासमती चावल पर भी एमईपी समाप्त करने का निर्णय लिया है, जिससे चावल उत्पादक किसान इनका निर्यात करके मुनाफा प्राप्त कर पाएंगे। शाह ने कहा कि मोदी सरकार ने कच्चे पाम, सोया और सूरजमुखी तेलों के आयात पर शुल्क को 12.5 से 32.5% बढ़ाने और इनके रिफाइंड तेलों पर शुल्क को 13.75 से 35.75% करने का निर्णय लिया है। इससे भारत के सोयाबीन के किसानों को उनकी फसल का बेहतर दाम मिलेगा और उनकी आय बढ़ेगी।

### निर्यात नियम आसान होने से बढ़ेगा रोजगार: मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी ने शनिवार को कृषि निर्यात नीतियों में हाल के बदलावों की सराहना करते हुए कहा कि बासमती चावल और प्याज पर निर्यात मानदंडों को आसान बनाने और कुछ खाद्य तेलों पर आयात शुल्क बढ़ाने से किसानों की आय बढ़ेगी और ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार पैदा होंगे। मोदी ने एक्स पर कहा कि सरकार खाद्य सुरक्षा के लिए किसानों को समर्थन देने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। प्याज पर निर्यात शुल्क कम करना या खाद्य तेलों पर आयात शुल्क बढ़ाने जैसे फैसले उत्पादकों को लाभ पहुंचाने वाले हैं। इनसे जहां उनकी आय बढ़ेगी, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे।

# यूएस फेड रेट में कटौती का भारतीय बाजारों पर प्रभाव


रजत मेहरोत्रा
आर्थिक विशेषज्ञ

ब्याज दरों पर अमेरिकी फेडरल रिजर्व के फैसलों का भारत सहित वैश्विक बाजारों पर दूरगामी प्रभाव पड़ता है। दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में, अमेरिका वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और फेडरल द्वारा किसी भी दर में कटौती से उभरते बाजारों पर प्रभाव पड़ सकता है। फेडरल रिजर्व द्वारा अपेक्षित दर में कटौती से भारत को अमेरिका के समान परिणामों का अनुभव नहीं हो सकता है। भारतीय शेयर बाजार, बांड बाजार, मुद्रा विनिमय दरें और अर्थव्यवस्था भी इसका प्रभाव महसूस करेगी। इस बात का विवरण दिया गया है कि फेड रेट में कटौती भारतीय बाजारों को कैसे प्रभावित कर सकती है।

**विदेशी पूंजी प्रवाह में वृद्धि :** फेड दर में कटौती अमेरिकी ट्रेजरी बांड जैसे निवेश पर कम रिटर्न से अमेरिकी परिसंपत्तियों को निवेशकों के लिए कम आकर्षक बनाती है। जब ऐसा होता है तो निवेशक उभरते बाजारों में उपज तलाशते हैं। भारत मजबूत शेयर बाजार के साथ, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के लिए आकर्षक बन है।

**इक्विटी पर प्रभाव :** भारतीय शेयरों में एफआईआई निवेश में बढ़ोतरी से इक्विटी में तेजी आ सकती है। आईटी, बैंकिंग और बुनियादी ढांचे जैसे क्षेत्रों में पूंजी प्रवाह हो सकता है, जिससे स्टॉक की कीमतें ऊंची हो सकती हैं। विदेशी निवेश से भारतीय बाजारों में अस्थिरता हो सकती है। जबकि अल्पकालिक लाभ की उम्मीद है, फेड नीति या वैश्विक जोखिम भावना में बहिर्वाह शुरू हो सकता है, जिससे स्टॉक की कीमतों में तेज सुधार हो सकता है।

**भारतीय रुपये की सराहना :** फेड रेट में कटौती का प्रभाव भारतीय मुद्रा पर होगा। जब फेडरल ब्याज दरें कम करता है, तो डॉलर अन्य मुद्राओं के मुकाबले कमजोर होता है, जिससे रुपये की सराहना हो सकती है, क्योंकि निवेशक भारतीय संपत्तियों में निवेश करने के लिए डॉलर को रुपये में बदलते हैं।

**व्यापार के लिए निहितार्थ :** मजबूत रुपये का सकारात्मक और नकारात्मक पड़ता है। सकारात्मक पक्ष पर, मजबूत रुपया आयात की लागत को कम तोनकारात्मक पक्ष वैश्विक बाजार में भारतीय निर्यात को और महंगा बना देता है, जिससे संभावित क्षेत्रों को नुकसान हो सकता है।

**बांड पर प्रभाव :** अमेरिका में कम ब्याज दरें वैश्विक निवेशकों को भारत सरकार और कॉर्पोरेट बांड जैसी अधिक उपज देने वाली संपत्तियों में बेहतर रिटर्न की तलाश करने के लिए प्रेरित करेंगी।

**आर्थिक विकास को बढ़ावा :** फेड दर में कटौती अप्रत्यक्ष रूप से भारत की विकास संभावनाओं को बढ़ावा दे सकती है। विदेशी पूंजी प्रवाह में वृद्धि और वैश्विक स्तर पर कम ब्याज दरों के साथ, भारत सरकार और व्यवसायों दोनों के लिए उधार लेने की लागत में कमी देख सकता है। इससे बुनियादी ढांचे, विनिर्माण और सेवाओं, विकास को गति देने वाले प्रमुख क्षेत्रों में अधिक निवेश को प्रोत्साहन मिलेगा। तेल की कीमतों में कमी (रुपया की मजबूती पर) से मुद्रास्फीति के दबाव को रोकने में मदद मिलेगी, जिससे आरबीआई को ब्याज दरों को कम रखने या यहां तक कि अपनी दरों में कटौती पर विचार करने के लिए अधिक जगह मिलेगी।

**मुद्रास्फीति और आरबीआई नीति :** भारत की मौद्रिक नीति को निर्धारित करने में मुद्रास्फीति एक प्रमुख कारक है। फेड रेट में कटौती से मुद्रास्फीति पर दोहरा प्रभाव पड़ सकता है। सबसे पहले, मजबूत रुपया आयात की लागत को कम करेगा, विशेष रूप से तेल, जो मुद्रास्फीति में एक प्रमुख योगदानकर्ता हैं। दूसरी ओर, भारतीय अर्थव्यवस्था में विदेशी पूंजी के प्रवाह से परिसंपत्ति मूल्य मुद्रास्फीति बढ़ सकती है, खासकर शेयर बाजार और रियल एस्टेट क्षेत्र में। इससे कुछ क्षेत्रों में मुद्रास्फीति का दबाव पैदा हो सकता है, जिससे आरबीआई को अपनी मौद्रिक नीति को सावधानीपूर्वक संतुलित करने की आवश्यकता होगी।

**विचार योग्य जोखिम :** फेड दर में कटौती का समग्र प्रभाव आम तौर पर भारत जैसे उभरते बाजारों के लिए सकारात्मक है, फिर भी विचार करने के लिए कई जोखिम हैं:

**वैश्विक जोखिम :** यदि फेड की दर में कटौती को अमेरिका या वैश्विक स्तर पर कमजोर होती आर्थिक स्थितियों की प्रतिक्रिया के रूप में माना जाता है, तो यह निवेशकों के बीच जोखिम के प्रति घृणा पैदा कर सकता है।

# देश की पहली डिजिटल लॉटरी पहला इनाम 50 करोड़ रुपये

**विशेष संवाददाता, शिलांग**

- मेघालय सरकार ने की लॉन्च, टिकट 5 हज़ार का, पारदर्शिता का दावा
- बार-बार हारे जाने पर खाता हो जाएगा अस्थाई रूप से बंद

मेघालय सरकार ने देश की पहली डिजिटल लॉटरी मुख्यमंत्री कोनराड के संगमा की मौजूदगी में लांच की। पहला इनाम 50 करोड़ है। साथ ही टिकट की कीमत 5 हजार रुपये रखी गई है। easyLottery. In पर टिकट खरीद से लेकर पुरस्कार तक की जानकारी है।

मुख्यमंत्री का कहना है कि यह सरकारी स्वीकृति लॉटरी वितरण वेबसाइट है, जो सुरक्षित, संरक्षित और पारदर्शी है। ड्रा को छोड़कर टिकट वितरण से लेकर पुरस्कार तक का काम डिजिटल होगा। मशीने ऐसे डिजाइन हुई हैं कि गड़बड़ी की गुंजाईश नहीं है। गैर हस्तांतरित टिकट नीति से यह प्लेटफार्म सुनिश्चित करेगा कि पुरस्कार लॉटरी मालिक के खाते में पहुंचे।

अधिकारियों ने बताया कि लॉटरी जीते तो खरीदार की बल्ले-बल्ले और हारे तो टैक्स सरकार को मिलेगा, जो जनहित में खर्च होगा। इससे जीएसटी संग्रह बढ़ेगा। बार -बार हारने पर खाता अस्थाई रूप से बंद हो जाएगा। ड्रा से पहले लॉटरी के 2.6 लाख टिकट डिजिटल प्लेटफार्म से बेचे जाएंगे। पहला ड्रा 10 नवम्बर को होगा।

## भारत खाद्य सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध : रामनाथ ठाकुर

- ब्राजील में जी20 कृषि मंत्रिस्तरीय बैठक में बोले किसान कल्याण राज्य मंत्री

**नई दिल्ली।** कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री राम नाथ ठाकुर ने कहा कि भारत लचीली कृषि प्रणालियां विकसित करने और वैश्विक मंच पर खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने 12-14 सितंबर को ब्राजील के कुइआबा में जी20 कृषि मंत्रिस्तरीय बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए यह टिप्पणी की।

भारत ने बैठक में खाद्य सुरक्षा में अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के योगदान को बढ़ाने पर भी जोर दिया। एक आधिकारिक बयान में ठाकुर के हवाले से कहा गया कि हमारा दृष्टिकोण न केवल उत्पादकता पर केंद्रित है बल्कि आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरणीय स्थिरता सुनिश्चित करता है, किसानों की समृद्धि को बढ़ाता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत कृषि विकास को प्राथमिकता दे रहा है और किसानों की समृद्धि बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

# सब्सिडी वाले प्याज की बिक्री से राहत, कीमतें गिरीं

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- मोबाइल वैन, एनसीसीएफ और नैफेड के जरिए 35 रुपये प्रति किलो प्याज की बिक्री हुई थी शुरू

उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि सरकार की सब्सिडी वाले प्याज की बिक्री की पहल से प्रमुख शहरों में कीमतों में गिरावट आई है। मंत्रालय ने कहा कि दिल्ली में प्याज की खुदरा कीमत 60 से घटकर 55 रुपये प्रति किलो हो गई, जबकि मुंबई में 56 और चेन्नई में खुदरा कीमत 58 रुपये प्रति किलो हो गई।

सरकार ने मोबाइल वैन और एनसीसीएफ और नैफेड के आउटलेट के जरिए 35 रुपये प्रति किलो की सब्सिडी दर पर प्याज की बिक्री शुरू की है। दिल्ली और मुंबई में शुरू हुआ यह कार्यक्रम अब चेन्नई, कोलकाता, पटना, रांची, भुवनेश्वर और गुवाहाटी सहित अन्य प्रमुख शहरों में भी फैल चुका है। मांग को देखते हुए सरकार ने सब्सिडी वाले प्याज की मात्रा बढ़ाने और वितरण चैनलों का विस्तार करके ई-कॉमर्स मंच, केंद्रीय भंडार आउटलेट और मदर डेयरी के सफल स्टोर को शामिल करने का फैसला किया है। सरकार ने प्रमुख शहरों में प्याज़ का थोक निपटान भी शुरू कर दिया है।

### राज्य सरकारों के साथ काम कर रहा विभाग

रसद आपूर्ति में सुधार और कटाई के बाद होने वाले नुकसान को कम करने के लिए सड़क और रेल दोनों को शामिल कर दोहरी परिवहन रणनीति लागू की जा रही है। उपभोक्ता मामले विभाग मांग और मूल्य प्रवृत्तियों के आधार पर लक्षित आपूर्ति सुनिश्चित करने को राज्य सरकारों के साथ काम कर रहा है। मंत्रालय ने कहा कि 4.7 लाख टन प्याज के बफर स्टॉक और वृद्धि के साथ सरकार को उम्मीद है कि प्याज की कीमतें नियंत्रण में रहेंगी।

## खेल डायरी

### अश्विन ने अमेरिकन गैम्बिट्स का गीत जारी किया

**चेन्नई।** भारत के स्टार क्रिकेटर रविचंद्रन अश्विन ने ग्लोबल शतरंज लीग के दूसरे सत्र से पहले शनिवार को यहां अपने सोशल मीडिया हैंडल पर अमेरिकन गैम्बिट्स फ्रेंचाइजी का गीत जारी किया। मेक द वर्ल्ड गो नामक यह गीत चरण राज ने लिखा है और कार्तिक चेन्नोजीराव ने इसे स्वर दिया है। यह गीत टीम की एकता और रणनीति को रेखांकित करता है। अपनी उंगलियों के जादू से दुनिया भर के बल्लेबाजों को परेशान करने वाले 37 वर्षीय अश्विन इस फ्रेंचाइजी टीम के सह मालिक हैं। यह टीम दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी ग्रैंड मास्टर हिकारू नाकामुरा के नेतृत्व में अपनी चुनौती पेश करेगी। अश्विन ने यहां जारी विज्ञप्ति में कहा, यह हमारे लिए शतरंज की बिसात पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने से जुड़ा है। हम जुनून के साथ और रणनीतिक प्रवृत्ति से प्रेरित होकर एक टीम के रूप में भारत और विश्व स्तर पर शतरंज को लोकप्रिय बनाना और बढ़ावा देना चाहते हैं। ग्लोबल शतरंज लीग के दूसरे सत्र का आयोजन तीन से 12 अक्टूबर तक लंदन में किया जाएगा।

### शुभंकर आयरिश ओपन में शीर्ष 15 में पहुंचे

**रॉयल काउंटी डाउन (उत्तरी आयरलैंड)।** शुभंकर शर्मा आयरिश ओपन के दूसरे दौर छह अंडर 65 के कोर्स रिकार्ड के साथ शानदार वापसी करते हुए संयुक्त रूप से 15वें स्थान पर पहुंच गये। शुरुआती दौर में चार ओवर 75 का निराशाजनक कार्ड खेलने वाले शुभंकर ने दूसरे दौर में कमाल के प्रदर्शन के साथ आसानी से कट में जगह बना ली। पार 71 के कोर्स पर दो दौर के बाद उनका कुल स्कोर दो अंडर है। उन्होंने दूसरे दौर के शुरुआती तीन होल में लगातार तीन बर्डी लगाने के बाद पांचवें और आठवें होल में इस कारनामे को दोहराया। उन्होंने 11वें, 12वें, 17 और 18वें होल में भी बर्डी लगाई जबकि चौथे, छठे और 15वें होल में बोगी कर बैठे।

### वियतनाम ओपन में भारतीय चुनौती समाप्त

**हो ची मिन्ह सिटी।** ध्रुव कपिला के बीमार हो जाने के कारण उनकी और तनीषा क्रैस्टो की भारतीय मिश्रित युगल जोड़ी को शनिवार को यहां अपने सेमीफाइनल मैच से हटना पड़ा जिससे वियतनाम ओपन सुपर 100 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत की चुनौती भी समाप्त हो गई। कपिला और क्रैस्टो की छठी वरीयता प्राप्त जोड़ी को सेमीफाइनल में अदनान मौलाना और इंदाह काह्या सारी जमील की इंडोनेशियाई जोड़ी का सामना करना था। लेकिन कपिला को बुखार और पीठ में दर्द के कारण भारतीय जोड़ी को इस मैच से हटने के लिए मजबूर होना पड़ा। कपिला ने पीटीआई से कहा, टूर्नामेंट के पहले दिन से ही मेरी तबीयत ठीक नहीं है। कल के मैच के बाद स्थिति खराब हो गई। बुखार कम नहीं हो रहा था और मेरी पीठ में ऐंठन थी।

### अनमोल ने पहला एकल अंतर्राष्ट्रीय खिताब जीता

**ल्युवेन (बेल्जियम)।** भारत की 17 वर्षीय अनमोल खरब ने शनिवार को यहां बेल्जियम अंतर्राष्ट्रीय बैडमिंटन टूर्नामेंट के चुनौतीपूर्ण फाइनल में डेनमार्क की अमाली शुल्ज को हराकर महिला एकल में अपना पहला अंतर्राष्ट्रीय खिताब जीता। क्वालीफाइंग चरण से मुख्य दौर में जगह बनाने वाली अनमोल ने 59 मिनट तक चले खिताबी मुकाबले में सातवीं वरीयता प्राप्त प्रतिद्वंद्वी पर 24-22, 12-21, 21-10 से जीत दर्ज की। यह टूर्नामेंट इंटरनेशनल चैलेंजर कार्यक्रम का हिस्सा है। उन्होंने इससे पहले शुक्रवार को सेमीफाइनल में डेनमार्क की एक अन्य खिलाड़ी इरिना अमालि एंडरसन को हराया था।

### अभ्यास के लिए लंबे कद के गेंदबाज गुरनूर को बुलाया

**चेन्नई।** पिछले कुछ वर्षों में भारतीय टीमें मैच के अभ्यास पर काफी हद तक निर्भर रही हैं और गौतम गंभीर की टीम भी इससे अलग नहीं है जो विशेष कौशल वाले नेट गेंदबाजों का चयन कर रही है ताकि 19 सितंबर से यहां शुरू हो रही बांग्लादेश श्रृंखला के लिए बल्लेबाजों को तैयार होने में मदद मिल सके। यहां चार दिवसीय शिविर के लिए बुलाए गए तेज गेंदबाजों में से एक पंजाब के गुरनूर बराड़ हैं जिन्होंने अब तक पांच प्रथम श्रेणी मैच खेले हैं और वह पिछले सत्र में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के दौरान पंजाब किंग्स के साथ भी थे। हालांकि गुरनूर का प्रथम श्रेणी रिकॉर्ड अच्छा नहीं है। लेकिन इस 24 वर्षीय खिलाड़ी के लिए जो चीज कारगर रही है वो उनकी छह फीट 4 .5 इंच लंबा कद और तेज गति से गेंद फेंकने की उनकी क्षमता है। ऐसा माना जा रहा है कि गुरनूर को बांग्लादेश के तेज गेंदबाज नाहिद राणा के गेंदबाजी एक्शन के लिए खास तौर पर बुलाया गया है।

# भारत ने पाकिस्तान को 2-1 से हराया

## एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी: कप्तान हरमनप्रीत ने पेनल्टी कॉर्नर पर किए दो गोल

**हुलुनबुइर (चीन), एजेंसी**

कप्तान हरमनप्रीत सिंह के पेनल्टी कॉर्नर पर किए गए दो गोल की बदौलत गत चैंपियन भारत ने अपना अपराजेय अभियान जारी रखते हुए शनिवार को यहां चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को 2-1 से हराकर हीरो एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी (एसीटी) के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। भारत की यह छह टीमों के राउंड रॉबिन टूर्नामेंट में लगातार पांचवीं जीत है।

पाकिस्तान ने अहमद नदीम (8वें मिनट) के गोल से बढ़त हासिल की लेकिन हरमनप्रीत सिंह (13वें और 19वें मिनट) ने दो पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर भारत को जीत दिलाई। यह इस टूर्नामेंट में पाकिस्तान की पहली हार थी। भारत और पाकिस्तान दोनों ने इससे पहले अंतिम चार के लिए क्वालीफाई कर लिया था। इस जीत की बदौलत भारत ने 2016 से पाकिस्तान पर अपना दबदबा कायम रखा है। दोनों टीमों के बीच पिछली भिडंत हांग्झोउ एशियाई खेलों में हुई थी जिसमें भारत ने पाकिस्तान को 10-2 से हराया था। इससे कुछ महीने पहले भारतीयों ने एसीटी के चेन्नई चरण में पाकिस्तान को 4-0 से हराया था। जकार्ता में एशिया कप में भारत की युवा टीम ने पाकिस्तान को 1-1 से बराबरी पर रोका जबकि ढाका में 2021 एसीटी में भारत ने पाकिस्तान को 4-3 से हराकर कांस्य पदक जीता था।



पाकिस्तान के खिलाफ गोल करने के बाद जश्न मनाते भारतीय हॉकी खिलाड़ी। • एजेंसी

भारत और पाकिस्तान के बीच किसी भी मैच की तरह पहले क्वार्टर में दोनों टीमों ने जीत हासिल करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।

भारतीयों ने शुरुआत में शानदार प्रदर्शन करते हुए दबदबा बनाया, लेकिन जैसे जैसे मैच आगे बढ़ा पाकिस्तान का आत्मविश्वास बढ़ता गया। पाकिस्तान के लिए हन्नान शाहिद ने मिडफील्ड में शानदार प्रदर्शन किया जिससे भारतीय डिफेंस में खलबली मच गई और नदीम ने गेंद भारतीय गोल में पहुंचाकर अपनी टीम को आगे कर दिया। इस गोल से स्तब्ध भारत ने संयम बनाए रखा और हमले जारी रखे। टीम ने 13वें मिनट में अपना पहला पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया और कप्तान हरमनप्रीत ने पाकिस्तानी गोलकीपर मुन्नेब के बाईं ओर एक ताकतवर ड्रैग फ्लिक से गोल किया। भारतीयों ने दूसरे क्वार्टर में दबाव बनाना जारी रखा और 19वें मिनट में अपना दूसरा पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया। एक बार फिर पाकिस्तानी रक्षण के पास कोई जवाब नहीं था और हरमनप्रीत के सटीक शॉट से भारत 2-1 से आगे हो गया। दूसरे क्वार्टर में भारत गेंद को कब्जे में रखने में सफल रहा। पाकिस्तान ने कई मौकों पर प्रतिद्वंद्वी सर्कल में सेंध लगाने के मौके बनाये। दूसरे हाफ से मात्र 45 सेकंड पहले पाकिस्तान के पास बराबरी का मौका था लेकिन यह विफल रहा। भारतीयों ने छोर बदलने के बाद भी दबदबा बनाए रखा।

## राष्ट्रीय महिला कोचिंग शिविर के लिए 33 सदस्यीय कोर संभावित टीम की घोषणा

**बेंगलुरु, एजेंसी।** हॉकी इंडिया ने 15 सितंबर से नौ अक्टूबर तक होने वाले राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए शनिवार को 33 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम की घोषणा की। यह शिविर बेंगलुरु में भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के परिसर में लगेगा। यह शिविर 11 से 20 नवंबर तक बिहार के नवनिर्मित राजगीर स्टेडियम में खेली जाने वाली महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम की तैयारी की शुरुआत होगी। भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच हरेंद्र सिंह ने एक विज्ञप्ति में कहा, आगामी राष्ट्रीय महिला कोचिंग शिविर महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के लिए हमारी तैयारियों में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा, यह शिविर हमें उन क्षेत्रों पर काम करने का मौका देगा जिनमें सुधार की आवश्यकता है। एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी पहली बार राजगीर में आयोजित की जा रही है। यह हमारी टीम के लिए घरेलू सरजमीं पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का अच्छा मौका है। उन्होंने कहा, हम अपने कौशल, फिटनेस, टीम वर्क को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। भारतीय महिला टीम ने पिछली बार एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023-24 सत्र में हिस्सा लिया था जिसमें उसने अर्जेंटीना, बेल्जियम, जर्मनी और ब्रिटेन जैसी टीमों का सामना किया था। कप्तान सलीमा टेटे और उप कप्तान नवनीत कौर के नेतृत्व में तथा हरेंद्र के मार्गदर्शन में टीम ने पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया था।

• **15 सितंबर से नौ अक्टूबर तक लगेगा शिविर**

## पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने दी 12.8 अरब के बजट को मंजूरी

**लाहौर, एजेंसी**

• **आईसीसी चैंपियंस की मेजबानी के लिए तीन स्टेडियमों का किया जाएगा पुनरुद्धार**

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने 12.8 अरब रुपये के बजट को मात्र 23 मिनट की दो बैठकों में मंजूरी प्रदान कर दी है। समाचार पत्र डॉन के अनुसार पहली बैठक छह जुलाई को यहां पीसीबी के मुख्यालय में हुई जबकि दूसरी पिछले गुरुवार को इकबाल स्टेडियम में हुई। बोर्ड ने आईसीसी चैंपियंस की मेजबानी के लिए तीन स्टेडियमों के पुनरुद्धार के लिए 12.8 अरब रुपये के बजट को मंजूरी दी। ट्रॉफी अगले साल होगी।

डॉन के अनुसार दोनों बैठकों की अवधि कुल मिलाकर मात्र 23 मिनट थी। यह बजट गद्दाफी स्टेडियम, कराची के नेशनल बैंक स्टेडियम और रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम में कठोर नवीकरण कार्य के लिए निर्धारित किया गया है। वहीं घरेलू क्रिकेट 4.5 बिलियन और महिला क्रिकेट के लिए 250 मिलियन रुपये की अतिरिक्त मंजूरी दी गई। पीसीबी के एक अधिकारी ने बताया कि फैसलाबाद में गुरुवार की बैठक से पहले कोई एजेंडा जारी नहीं किया गया था। एक अन्य सूत्र ने बताया कि पूंजीगत व्यय कार्य नियमों में बदलाव के प्रस्ताव के अलावा बोर्ड के अधिकारियों के प्रशासन और वित्तीय शक्तियों से संबंधित बड़े कदम उठाए हैं। तीन स्टेडियमों के पुनर्निर्माण की कुल लागत में से 7.7 अरब रुपये गद्दाफी स्टेडियम के लिए रखे गए हैं। मंडपों के निर्माण के लिए 1,100 मिलियन रुपये आवंटित किए गए थे। 521 मिलियन रुपये की लागत से फ्लड लाइट को एलईडी लाइट से बदला जा रहा है, और 330 मिलियन रुपये की लागत से दो डिजिटल स्क्रीन को बदला जा रहा है।

# लियाम लिविंगस्टोन ने इंग्लैंड को जीत दिलाई

**कार्डिफ, एजेंसी**

• **दूसरे टी20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच में ऑस्ट्रेलिया को तीन विकेट से हराया**
• **तीन मैच की शृंखला में 1-1 से बराबरी की, ओल्ड ट्रैफर्ड में आज खेला जाएगा निर्णायक मैच**

लियाम लिविंगस्टोन और जैकब बेथेल ने 47 गेंदों पर 90 रन की साझेदारी करके इंग्लैंड को दूसरे टी20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच में ऑस्ट्रेलिया पर तीन विकेट से जीत दिलाई। इंग्लैंड ने इस तरह से तीन मैच की शृंखला 1-1 से बराबर की। तीसरा और निर्णायक मैच रविवार को ओल्ड ट्रैफर्ड में खेला जाएगा।

ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 193 रन बनाए। चुनौती पूर्ण लक्ष्य का पीछा करने के लिए उतरे इंग्लैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसका स्कोर एक समय तीन विकेट पर 79 रन था। लिविंगस्टोन और बेथेल ने यहीं से मोर्चा संभाला। बेथेल के 24 गेंदों में 44 रन बनाकर आउट होने से इंग्लैंड की स्थिति फिर से नाजुक हो गई लेकिन लिविंगस्टोन ने 47 गेंदों में पांच छक्कों और छह चौकों की मदद से 87 रन की शानदार पारी खेलकर उसे जीत की दहलीज पर पहुंचा दिया। जब स्कोर बराबर था तब लिविंगस्टोन आउट हो गए। ऐसे में आदिल रशीद ने विजयी रन बनाकर इंग्लैंड का स्कोर 19 ओवर में सात विकेट पर 194 रन पर पहुंचाया। इंग्लैंड की तरफ से सलामी बल्लेबाज फिल साल्ट ने भी 39 रन का योगदान दिया।

ऑस्ट्रेलिया की तरफ से कामचलाउ स्पिनर मैथ्यू शॉर्ट ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 22 रन देकर पांच विकेट लिए। लिविंगस्टोन में इससे पहले गेंदबाजी में भी कमाल दिखाते हुए 16 रन देकर दो विकेट लिए। ब्रायडन कार्स ने 26 रन देकर दो विकेट हासिल करके उनका अच्छा सहयोग दिया। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान मिशेल मार्श बीमार होने के कारण मैच में नहीं खेल पाए। उनकी जगह ट्रेविस हेड ने कप्तानी की जिम्मेदारी संभाली। हेड ने 14 गेंद पर 31 रन की तूफानी पारी खेल कर ऑस्ट्रेलिया को अच्छी शुरुआत दिलाई। इसके बाद जेक फ्रेजर-मैकगर्क ने 50 रन बनाए जो उनका अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पहला अर्धशतक भी है। इन दोनों के अलावा मैथ्यू शॉर्ट ने 28 और जोश इंग्लिश ने 42 रन का योगदान दिया। ऑस्ट्रेलिया ने अंतिम पांच ओवर में 60 रन बनाए।



अर्धशतक पूरा करने के बाद दर्शकों का अभिवादन करते इंग्लैंड के लिविंगस्टोन।

## भारत की पुरुष टीम ने हंगरी बी और महिला टीम ने स्विट्जरलैंड को हराया

**शतरंज ओलंपियाड**

**बुडापेस्ट (हंगरी), एजेंसी**

भारत की पुरुष टीम ने प्रतियोगिता में पहली बार अंक गवाया लेकिन इसके बावजूद उसने हंगरी बी को 3.5-0.5 से हराकर यहां चल रहे 45वें शतरंज ओलंपियाड में अपना विजय अभियान जारी रखा। ओपन वर्ग में भारतीय टीम की जीत के नायक अर्जुन ऐरीगैसी रहे जिन्होंने पीटर प्रोहाज़्स्का के खिलाफ आक्रामक खेल खेला और शानदार जीत दर्ज की।

विदित गुजराती को हालांकि पप्प गैबोर के खिलाफ ड्रॉ से संतोष करना पड़ा। लेकिन डी गुकेश ने एडम कोज़ाक को और आर प्रज्ञाननंदा ने तमस बानुज़ को हराकर भारत की बड़ी जीत सुनिश्चित की। महिला वर्ग में शीर्ष बोर्ड पर डी. हरिका की करारी हार के बावजूद आर वैशाली, दिव्या देशमुख और वंतिका अग्रवाल ने शानदार जीत दर्ज की जिससे भारतीय टीम स्विट्जरलैंड को 3-1 से हराने में सफल रही। भारतीय महिला टीम अभी छह अंकों के साथ संयुक्त बढ़त पर है। हरिका हाल ही में रूस की नागरिकता छोड़कर स्विट्जरलैंड की टीम में शामिल होने वाली एलेक्जेंड्रा कोस्टेनीयुक से हार गईं। वैशाली ने हालांकि ईरान की नागरिकता छोड़कर स्विस टीम का हिस्सा बनने वाली ग़ज़ल हकीमीफर्ड को कोई मौका नहीं दिया। हाल में लड़कियों की विश्व जूनियर चैंपियनशिप जीतने वाली दिव्या ने सोफिया ह्रीज़लोवा के खिलाफ आसान जीत दर्ज की, जबकि चौथे बोर्ड पर वंतिका ने मारिया मानको को हराया। पांचवीं वरीयता प्राप्त नीदरलैंड को ओपन वर्ग में इटली ने 3-1 से हरा दिया।

## इंडिया बी ने बनाए 309 रन

**अनंतपुर, एजेंसी**

• **कप्तान ईश्वरन और जगदीशन के बीच 129 रनों की साझेदारी हुई**

कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन (143 नाबाद) और नारायण जगदीशन (70) के बीच 129 रन की साझीदारी के बावजूद इंडिया बी को दलीप ट्राफी के दूसरे चरण के मुकाबले के तीसरे दिन इंडिया सी की पहली पारी के स्कोर को छूने के लिये 216 रन की दरकार है। इंडिया सी ने अपनी पहली पारी में 525 रन बनाये थे जिसके जवाब में इंडिया बी ने अपनी पहली पारी में सात विकेट पर 309 रन बना लिये थे।

इंडिया बी पर अंकुश लगाने में अंशुल कंबोज की भूमिका अहम रही जिन्होने पांच विकेट झटक कर इंडिया बी को अच्छी शुरुआत के बावजूद बड़े स्कोर की ओर से रोक लिया। दूसरे दिन इंडिया सी की पूरी टीम को समेटने के बाद इंडिया बी की शुरुआत भी बेहतरीन हुई थी और दूसरे दिन के खेल की समाप्ति के बाद इंडिया बी ने स्कोरबोर्ड पर बिना विकेट गंवाए 124 रन टांग दिए थे। तीसरे दिन इंडिया बी को सबसे पहला झटका एन जगदीशन के रूप में लगा। कंबोज ने उन्हें 70 के निजी स्कोर पर चलता किया। जबकि इसके बाद उन्होंने सरफ़राज़ खान और मुशीर खान को अपना शिकार बनाया। दूसरे राउंड में टूर्नामेंट का हिस्सा बने रिंकू सिंह ख़ास नहीं कर पाए और छह परन पर कंबोज का ही शिकार बन गए।

## अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, जर्मनी और स्पेन का अंतिम आठ में प्रवेश

**डेविस कप फाइनल्स**

**शुहाई, एजेंसी**

अमेरिका ने स्लोवाकिया को 3-0 से हराकर जर्मनी, स्पेन और ऑस्ट्रेलिया के साथ डेविस कप फाइनल्स के अंतिम आठ में जगह बनाई। स्पेन ने फ्रांस को हराकर अंतिम आठ में प्रवेश किया। उसके स्टार खिलाड़ी और चार बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन कार्लोस अल्कराज ने उगो हम्बर्ट को 6-3, 6-3 से हराया। इससे पहले अनुभवी रॉबर्टो बॉतिस्ता अगुट ने आर्थर फिल्स के खिलाफ पहला एकल 2-6, 7-5, 6-3 से जीता। स्पेन की जीत से ऑस्ट्रेलिया भी ग्रुप बी से आगे बढ़ने में सफल रहा।

अमेरिका को स्लोवाकिया को हराने में किसी तरह की परेशानी नहीं हुई। मैकेंज़ी मैकडोनाल्ड ने लुकास क्लेन को 6-4, 6-3 से जबकि डेविस कप में पदार्पण करने वाले ब्रैंडन नकाशिमा ने जोज़ेफ़ कोवालिच को 6-3, 6-3 से पराजित किया। अमेरिका ने युगल में भी जीत हासिल की। पिछले महीने पेरिस ओलंपिक में पुरुष युगल फाइनल में हारने वाले ऑस्टिन क्राजिस्क और राजीव राम ने क्लेन और नॉर्बर्ट गोम्बोस को 6-7 (4), 7-6 (4), 10-1 से हराया। अमेरिका की जीत से जर्मनी भी अंतिम आठ में पहुंच गया। इटली ने बोलोग्ना में बेल्जियम को 2-1 से हराकर अपनी उम्मीदों को जीवंत रखा। अर्जेंटीना ने ब्रिटेन को 2-1 से हराया।

## बॉलीवुड हलचल

### द ग्रेट इंडियन कपिल शो सीजन 2 के साथ कपिल की वापसी

**मुंबई।** कपिल शर्मा, सुनील ग्रोवर, कीकू शारदा, राजीव ठाकुर, कृष्णा अभिषेक और अर्चना पूरन सिंह द ग्रेट इंडियन कपिल शो के दूसरे सीजन के साथ वापस आ रहे हैं। द ग्रेट इंडियन कपिल शो सीजन 2 के निर्माताओं ने शनिवार को इंस्टाग्राम पर शो का ट्रेलर जारी किया, जिससे प्रशंसकों को आने वाले समय की एक झलक मिल गयी। ट्रेलर मज़ेदार वन-लाइनर्स और मनोरंजक क्षणों से भरा है। एक हिस्से में, कपिल शर्मा अपने सेलिब्रिटी मेहमानों को साड़ियों और उनके डिजाइनरों की पहचान करने की चुनौती देते हैं। महीप कपूर ने जाने-माने डिजाइनर मनीष मल्होत्रा द्वारा बनाई गई एक खूबसूरत साड़ी का नाम बताया। सीज़न में बॉलीवुड अभिनेता आलिया भट्ट, सैफ अली खान, जान्हवी कपूर, जूनियर एनटीआर, करण जौहर और महीप कपूर सहित एक रोमांचक अतिथि इस सीजन का हिस्सा रहेंगे। वेदांग रैना, सीमा सजदेह, नीलम कोठारी और भावना पांडे जैसे अन्य सेलिब्रिटी मेहमान भी इस मौज-मस्ती में शामिल होंगे। एक विशेष एपिसोड में, टी20 विश्व कप चैंपियन रोहित शर्मा, सूर्य कुमार यादव और अर्शदीप सिंह भी उपस्थित होंगे। निर्माताओं ने ट्रेलर पोस्ट में एक कैप्शन जोड़ा, जिसमें कहा गया, जब आपके पसंदीदा मेहमान कपिल और गैंग से मिलेंगे, तो शनिवार का फनीवार बनना पक्का है। 21 सितंबर से #द ग्रेट इंडियन कपिल शो सीजन 2 देखें रात 8 बजे, सिर्फ नेटफ्लिक्स पर! द ग्रेट इंडियन कपिल शो के पहले सीज़न में आमिर खान, अभिनेता रणबीर कपूर और उनका परिवार, क्रिकेट रोहित शर्मा और श्रेयस अय्यर, अंतर्राष्ट्रीय पॉप आइकन एड शीरन और मनोरंजन और खेल जगत के कई आइकन जैसे मेहमान शामिल हुए थे।



### 40 वर्ष के हुए अभिनेता आयुष्मान खुराना

**मुंबई।** बॉलीवुड के जानेमाने अभिनेता और गायक आयुष्मान खुराना आज 40 वर्ष के हो गये। आयुष्मान खुराना का जन्म 14 सितंबर 1984 को चंडीगढ़ में हुआ था। आयुष्मान का असली नाम निशांत खुराना था, लेकिन जब वह तीन साल के हुए तो उनके माता-पिता ने उनका नाम बदलकर आयुष्मान खुराना रख दिया। आयुष्मान जब महज पांच साल के थे, तभी से उन्होंने थिएटर ज्वाइन कर लिया था। उन्होंने चंडीगढ़ के सेंट जॉन हाई स्कूल और डीएवी कॉलेज से पढ़ाई की। उन्होंने अंग्रेजी साहित्य में पढ़ाई की और पंजाब यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ़ कम्युनिकेशन स्टडीज़ से मास कम्युनिकेशन में मास्टर डिग्री हासिल की। वह डीएवी कॉलेज के आगाज़ और मन :तंत्र के संस्थापक सदस्य थे, जो चंडीगढ़ में सक्रिय थिएटर समूह हैं। आयुष्मान खुराना ने 2004 में रियलिटी टेलीविजन शो एमटीवी रोडीज का दूसरा सीज़न जीता और एंकरिंग करियर में कदम रखा और एंकरिंग से अपने करियर की शुरूआत की। पत्रकारिता में स्नातक और स्नातकोत्तर की पढ़ाई पूरी करने के बाद, आयुष्मान की पहली नौकरी बिग एफएम, दिल्ली में एक रेडियो जॉकी की थी। रेडियो पर उन्होंने बिग चाय – मान ना मान, मैं तेरा आयुष्मान शो की मेजबानी की। रेडियो के बाद, खुराना युवाओं के लिए एक सूचनात्मक शो, पेप्सी एमटीवी वास्सप, द वॉइस ऑफ़ यंगिस्तान के साथ एमटीवी पर एक वीडियो जॉकी बन गये। आयुष्मान ने बतौर अभिनेता अपने करियर की शुरूआत वर्ष 2012 में प्रदर्शित फिल्म विक्की डोनर से की।इस फिल्म के लिये उन्हें सर्वश्रेष्ठ सर्वश्रेष्ठ डेब्यू कलाकार के साथ हीं सर्वश्रेष्ठ पार्श्वगायक का भी पुरस्कार प्राप्त हुआ। कहा जाता है कि आयुष्मान फिल्म इंडस्ट्री में आने से पहले ट्रेन में गाना गाते थे। वर्ष 2013 में आयुष्मान की दूसरी फिल्म नौटंकीसाला प्रदर्शित हुयी। रोहन सिप्पी के निर्देशन में बनी यह फिल्म टिकट खिड़की पर कोई खास कमाल नही दिखा सकी हालांकि उनका अभिनय अवश्य पसंद किया गया। इसके बाद आयुष्मान ने बेवकूफियां, दम लगा के हइशा, बरेली की बर्फी, हवाईजादा, शुभ मंगलम सावधान और मेरी प्यारी बिंदू जैसी फिल्मों में काम किया।

## बालाजी और रामकुमार की हार स्वीडन से 0-2 से पिछड़ा भारत

**डेविस कप विश्व ग्रुप**

**स्टॉकहोम, एजेंसी**

• **2018 में 0-2 से पिछड़ने के बाद चीन के खिलाफ़ जीत हासिल की थी।**

एन श्रीराम बालाजी को इलियास यमेर ने आसानी से हरा दिया जबकि रामकुमार रामनाथन निचली रैंकिंग के लियो बोर्ग के खिलाफ जरा भी आक्रामक नहीं दिखे जिससे भारत शनिवार को यहां डेविस कप विश्व ग्रुप एक मुकाबले में स्वीडन से 0-2 से पिछड़ गया। युगल विशेषज्ञ बालाजी को यमेर के खिलाफ मुश्किलों का सामना करना पड़ा जिन्होंने पहले एकल में 6-4, 6-2 से जीत दर्ज की।

डेविस कप के अनुभवी खिलाड़ी रामकुमार से भारत को मुकाबले में वापस लाने की उम्मीद थी लेकिन वह रॉयल टेनिस हॉल में दूसरे एकल में दिग्गज ब्योर्न बोर्ग के बेटे और 603 रैंकिंग के लियो बोर्ग से 3-6, 3-6 से हार गए। भारत को एकल में बालाजी को उतारने के लिए बाध्य होना पड़ा क्योंकि देश के शीर्ष एकल खिलाड़ी सुमित नागल ने पीठ की चोट के कारण मुकाबले से हटने का फैसला किया। भारत के लिए पहले दिन एक अंक जीतने की जिम्मेदारी रामकुमार पर थी। उन्हें 21 वर्षीय बोर्ग के खिलाफ अपना एकल मैच जीतना चाहिए था लेकिन वह स्वीडिश खिलाड़ी की चुनौती को पस्त नहीं कर पाये और उनकी चुनौती सिर्फ 58 मिनट में ही खत्म हो गई। अगर भारत को अगले साल के क्वालीफायर में जगह बनानी है तो अब रविवार को अपने बचे हुए तीनों मैच जीतने होंगे। यह देखना बाकी है कि कप्तान रोहित राजपाल करो या मरो वाले युगल में बालाजी और रामकुमार के साथ उतरते हैं या संयोजन बदलते हैं। पूरी संभावना है कि बालाजी और निकी पूनाचा कोर्ट पर उतरेंगे। डेविस कप के इतिहास में भारत 0-2 से पिछड़ने के बाद केवल दो बार मुकाबले जीतने में कामयाब रहा है। 2010 में भारत ने ब्राजील को हराया था और 2018 में 0-2 से पिछड़ने के बाद चीन के खिलाफ़ जीत हासिल की थी।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

## एक नजर

### ब्रिक्स सुरक्षा सहयोग को बढ़ावा देगा चीन

**बीजिंग।** चीन के उप विदेश मंत्री चेन जियाओदोंग ने यहां 11वें जियांगशान सुरक्षा फोरम में कहा कि चीन ब्रिक्स के भीतर उपयोगी सुरक्षा सहयोग को बढ़ावा देगा। जियाओदोंग ने कहा कि चीन शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ), ब्रिक्स, चीन-मध्य एशिया जैसे तंत्रों की संरचना में सहयोग को बढ़ावा देगा, ताकि एक दूसरे के पूरक बनें। यह सुनिश्चित करने में मदद करें कि ग्रेटर ब्रिक्स सहयोग सुरक्षा के क्षेत्र में फलदायक बना रहे।

### बांग्लादेश में भूस्खलन से छह लोगों की मौत

**ढाका।** बांग्लादेश के दक्षिणपूर्वी कॉक्स बाजार जिले में बारिश के कारण हुए भूस्खलन में छह लोगों की मौत हो गई और कई घर क्षतिग्रस्त हो गए। अतिरिक्त शरणार्थी राहत एवं प्रत्यावर्तन आयुक्त मोहम्मद शमसुद्दौजा नयन ने कहा कि ढाका से लगभग 392 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में कॉक्स बाजार जिले में एक शरणार्थी शिविर में गुरुवार को भारी भूस्खलन हुआ। भूस्खलन के कारण शिविर में कम से कम तीन झोपड़ियां नष्ट हो गई।

### छत ढहने से एक ही परिवार के पांच की मौत

**पेशावर।** पाकिस्तान के उत्तर पश्चिमी क्षेत्र में आंधी-तूफान के कारण शुक्रवार देर रात एक मकान की छत ढहने से तीन बच्चों समेत एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि चारसद्दा जिले के तुरंगजई गांव में भीषण तूफान आने से यह हादसा हुआ। इस दुर्घटना में एक दंपति और उनके तीन बच्चों की मौत हो गई। उसने बताया कि स्थानीय लोगों और बचावकर्मियों ने शवों को मलबे से निकाला और उन्हें पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल ले जाया गया।

### बोइंग के 30 हजार से अधिक कर्मी हड़ताल पर

**वाशिंगटन।** अमेरिकी एयरलाइन बोइंग कंपनी के 30 हजार से अधिक कर्मचारी वेतन बढ़ोत्तरी संबंधी और अन्य मांगों को लेकर हड़ताल पर चले गए। इस वर्ष बोइंग कंपनी को आठ अरब डॉलर का नुकसान हुआ है। कंपनी पहले से ही 60 अरब डॉलर के कर्ज और कई सुरक्षा मुद्दों से जूझ रही है। कर्मचारियों के जाने पर शेयर में भी भारी गिरावट देखी गयी।

### कोमोरोस के राष्ट्रपति पर चाकू से हमला

**मोरोनी।** हिंद महासागर के द्वीपीय देश कोमोरोस के राष्ट्रपति अजाली असौमानी पर शुक्रवार को उस समय चाकू से हमला किया गया जब वह एक धार्मिक नेता के अंतिम संस्कार में भाग लेने पहुंचे थे। इस हमले में असौमानी मामूली रूप से घायल हुए हैं। 24-वर्षीय संदिग्ध हमलावर शनिवार को हवालात में मृत पाया गया। हमलावर को सुरक्षा बलों ने गिरफ्तार कर हिरासत में ले लिया था, लेकिन अधिकारियों ने बताया कि एक दिन बाद उसे हवालात में बेहोश पाया गया और उसे मृत घोषित कर दिया गया।

### फ्लाइट रद होने पर यात्रियों ने किया प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** स्पाइसजेट ने शनिवार को राष्ट्रीय राजधानी से दरभंगा के लिए अपनी उड़ान रद कर दी, जिसके बाद दिल्ली हवाईअड्डे पर यात्रियों ने विरोध प्रदर्शन किया। विमानन कंपनी के प्रवक्ता ने कहा कि दिल्ली से दरभंगा के लिए उसकी उड़ान एसजी 495 को परिचालन कारणों से रद कर दिया गया। कंपनी ने यात्रियों को हुई असुविधा के लिए माफी मांगी और टिकट के पूरे पैसे वापस लेने या अगले दिन दरभंगा के लिए वैकल्पिक उड़ान व्यवस्था का विकल्प दिया।

# एफबीआई की सूचना पर साइबर अपराधी को पकड़ा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- सोने के बिस्कुट, 16 लाख रुपये नकद, मोबाइल व लैपटॉप बरामद

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने खुद को तकनीकी सहायक बताकर एक अमेरिकी नागरिक से 4.5 लाख अमेरिकी डॉलर की ठगी करने के आरोपी साइबर अपराधी को मंबई से गिरफ्तार किया है। आधिकारियों ने शनिवार को बताया कि अमेरिकी जांच एजेंसी फेडरल ब्यूरो ऑफ इंवेस्टिगेशन (एफबीआई) के साथ समन्वय में साइबर अपराधियों के खिलाफ ऑपरेशन चक्र-3 चलाया जा रहा है और इसी के तहत सीबीआई ने एक जटिल वर्चुअल संपत्ति और सोना-चांदी आधारित साइबर अपराध नेटवर्क का भंडाफोड़ किया जो 2022 से दूसरे देशों में लोगों को निशाना बना रहा था।

अधिकारियों के मुताबिक गत दो दिनों में सात जगहों पर ली गई तलाशी के दौरान सीबीआई ने मुंबई से ठगी कर रहे कथित साइबर अपराधी विष्णु राठी के परिसरों से 100-100 ग्राम के 57 सोने के बिस्कुट, 16 लाख रुपये नकद, मोबाइल फोन, क्रिप्टो करेंसी के प्रबंधन में इस्तेमाल होने वाला लैपटॉप, लॉकर के विवरण और अन्य आपत्तिजनक सामग्री जब्त की।

अधिकारियों ने बताया कि एजेंसी को ऐसी सामग्री मिली है, जिससे पता चलता है कि यह अंतर्राष्ट्रीय साइबर अपराध नेटवर्क अपराध से की गई कमाई को वर्चुअल परिसंपत्तियों और सोने-चांदी में तब्दील कर रहा था।

# स्पेस वॉक : अंतरिक्ष में भविष्य की संभावनाओं का द्वार

सोवियत अंतरिक्ष यात्री एलेक्सी लेओनोव ने 1965 में अंतरिक्ष में पहली बार स्पेस वॉक किया, तब मानवता ने एक नए युग की शुरुआत की। इस ऐतिहासिक घटना ने न केवल अंतरिक्ष अन्वेषण की सीमाओं को विस्तारित किया, बल्कि अंतरिक्ष में मानव गतिविधियों के भविष्य की संभावनाओं का द्वार भी खोला। आज स्पेस वॉक, अंतरिक्ष अन्वेषण का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुका है। यह गतिविधि अंतरिक्ष यात्रियों को उनके यान के बाहर काम करने की अनुमति देती है। यह तकनीकी दृष्टि से चुनौतीपूर्ण होने के साथ मानवता की विज्ञान-प्रौद्योगिकी में प्रगति का प्रतीक भी है।

### स्पेस वॉक का महत्व-उद्देश्य

स्पेस वॉक का मुख्य उद्देश्य अंतरिक्ष यान और अंतरिक्ष स्टेशन के बाहरी हिस्से की मरम्मत, रखरखाव और अपग्रेडेशन करना होता है। इसके अलावा, यह बाहरी अंतरिक्ष में वैज्ञानिक प्रयोग और उपकरणों की स्थापना के लिए भी किया जाता है। ये कार्य बहुत महत्वपूर्ण होते हैं क्योंकि ये यान और स्टेशन की लंबी अवधि की कार्यक्षमता सुनिश्चित करते हैं और नई तकनीकों और वैज्ञानिक डेटा के संग्रहण में भी सहायक होते हैं।

### स्पेस वॉक करने की तैयारी

स्पेस वॉक की तैयारी एक विस्तृत और जटिल प्रक्रिया होती है। इसमें कई चरण शामिल हैं। स्पेस वॉक से पहले, मिशन की योजना बनाई जाती है जिसमें कार्यों की सूची, समय-सारणी, और आवश्यक उपकरणों की पहचान शामिल होती है। अंतरिक्ष यात्री स्पेस वॉक के लिए विशेष प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं। इसमें वर्चुअल रियलिटी सिमुलेटर, पानी के अंदर अभ्यास, और स्पेससूट का उपयोग शामिल होता है। अंतरिक्ष यात्रियों को विशेष स्पेससूट पहनना होता है जो उन्हें अंतरिक्ष की कठिन परिस्थितियों से बचाता है। इन सूट्स में ऑक्सीजन की आपूर्ति, तापमान नियंत्रण, और संचार उपकरण होते हैं।



### पहली बार निजी अंतरिक्ष यात्रा

अंतरिक्ष परिवहन कंपनी स्पेसएक्स द्वारा डिजाइन किए गए नए, कम भारी स्पेससूट का इस्तेमाल करते हुए दो अंतरिक्ष यात्रियों ने पहली बार व्यावसायिक रूप से अंतरिक्ष यात्रा की है। प्रौद्योगिकी क्षेत्र के अरबपति जेरेड इसाकमैन और स्पेसएक्स की इंजीनियर सारा गिलिस ने लगभग 700 किमी. की ऊंचाई पर अपने अंतरिक्ष यान के बाहर लगभग आधे घंटे समय बिताया। अपोलो के चंद्रमा पर लैंडिंग के बाद अंतरिक्ष में इंसान की सबसे अधिक दूरी की यह यात्रा थी। अंतरिक्ष में यह संक्षिप्त यात्रा वाणिज्यिक अंतरिक्ष उड़ान के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

# रूस में भीतर तक हमले की मांगी अनुमति

## यूक्रेन ने लंबी दूरी के हथियारों के इस्तेमाल के लिए पश्चिमी देशों से फिर किया अनुरोध

**अभी रूसी सीमा में सीमित क्षेत्र में अमेरिकी हथियारों के प्रयोग की अनुमति**


**कीव, एजेंसी**

अमेरिकी और ब्रिटिश नेताओं के बीच एक दिन पहले हुई बैठक में लंबी दूरी के हथियारों के इस्तेमाल को लेकर उनकी नीति में कोई बदलाव नहीं दिखाई देने पर यूक्रेन ने शनिवार को पश्चिमी देशों से एक बार फिर अनुरोध किया कि वे उसे रूस में अधिक गहराई तक हमला करने की अनुमति दें। यूक्रेनी राष्ट्रपति के सलाहकार एंड्री यरमक ने शनिवार को कहा कि रूसी आतंक रूसी संघ के अंदर मौजूद हथियार के भंडार, हवाई क्षेत्रों और सैन्य अड्डों से शुरू होता है। उन्होंने कहा कि रूस में भीतर तक हमला करने की अनुमति मिलने से समस्या के समाधान में तेजी आएगी। यह नया अनुरोध तब समाने आया जब कीव ने कहा कि रूस ने रात भर में यूक्रेन पर और अधिक ड्रोन और तोपों से हमले किए।

यूक्रेनी अधिकारियों ने बार-बार सहयोगियों से रूसी क्षेत्र के अंदर गहराई तक हमला करने के लिए पश्चिम द्वारा प्रदत्त लंबी दूरी के हथियारों के उपयोग की अनुमति देने का आग्रह किया है। अभी तक अमेरिका ने कीव को यूक्रेन से लगी रूस की सीमा के अंदर एक सीमित क्षेत्र में ही अमेरिका प्रदत्त हथियारों का उपयोग करने की अनुमति दी है। माना जाता है कि जब अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और ब्रिटिश प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर की शुक्रवार को वाशिंगटन डीसी में मुलाकात हुई तो लंबी दूरी के हमलों की अनुमति देने पर चर्चा हुई, लेकिन बैठक के तुरंत बाद किसी निर्णय की घोषणा नहीं की गई।

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की अमेरिका और अन्य सहयोगियों पर दबाव डाल रहे हैं कि उनकी सेना को पश्चिमी हथियारों का उपयोग करके हवाई अड्डों और दूर के प्रक्षेपण स्थलों को निशाना बनाने की अनुमति दी जाए, क्योंकि रूस ने सर्दियों से पहले यूक्रेन के बिजली घरों और उपयोग की अन्य चीजों पर हमले तेज कर दिए हैं। उन्होंने शनिवार सुबह की बैठक पर सीधे तौर पर कोई टिप्पणी नहीं की, लेकिन कहा कि रात भर में 70 से अधिक रूसी ड्रोन यूक्रेन में हमले के लिए भेजे गए। यूक्रेनी वायुसेना ने बाद में कहा कि 76 रूसी ड्रोन देखे गए थे, जिनमें से 72 को मार गिराया गया। रात भर हुए अन्य हमलों में रूसी तोप के गोले से एक व्यक्ति की मौत हो गई। यूक्रेन के ऊर्जा मंत्रालय ने कहा कि 54 वर्षीय एक चालक की मौत हो गई और सात अन्य लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। क्षेत्रीय गवर्नर इहोर तेरेखोव ने कहा कि एक केएबी हवाई बम पूर्वी शहर खार्किव में एक गैरेज परिसर पर भी गिरा, लेकिन किसी के घायल होने की सूचना नहीं है।

### रूस-यूक्रेन संघर्ष में आने वाले सप्ताह बहुत महत्वपूर्ण : स्टार्मर



**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने कहा कि आने वाले सप्ताह यूक्रेन संघर्ष में बहुत महत्वपूर्ण होंगे और उन्होंने कीव की आवश्यकताओं के समर्थन के महत्व को भी रेखांकित किया। स्टार्मर ने शुक्रवार को व्हाइट हाउस में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के साथ कहा कि मुझे लगता है कि अगले कुछ सप्ताह और महीने महत्वपूर्ण हो सकते हैं। यह बहुत महत्वपूर्ण है कि हम स्वतंत्रता के इस महत्वपूर्ण युद्ध में यूक्रेन का समर्थन करें। बाइडेन ने कहा कि वह और स्टार्मर यूक्रेन, हिंद-प्रशांत क्षेत्र और मध्य पूर्व से संबंधित महत्वपूर्ण मामलों पर चर्चा करेंगे, जिसमें गाजा बंधक और युद्धविराम वार्ता भी शामिल है। अमेरिकी मीडिया ने कहा कि स्टार्मर की वाशिंगटन यात्रा बाइडेन से रूसी क्षेत्र में लंबी दूरी की विपत्ति का समर्थन करने का आग्रह करने के लिए है। ब्रिटेन कथित रूप से यूक्रेन को रूसी क्षेत्र में लंबी दूरी तक लक्ष्य को निशाना बनाने के लिए लंबी दूरी की स्टॉर्म शैडो मिसाइलों का उपयोग करने की अनुमति देना चाहता है, लेकिन वह ऐसा करने में असमर्थ है क्योंकि इन मिसाइलों में अमेरिकी तकनीक है और ऐसे किसी भी हमले के लिए अमेरिकी सरकार से अनुमति की आवश्यकता होती है।


# रूस के साथ सहयोग का विस्तार करेगा उत्तर कोरिया

**प्योंगयांग, एजेंसी।** उत्तर कोरिया के सर्वोच्च नेता किम जोंग उन ने प्योंगयांग में हुई एक बैठक में रूसी सुरक्षा परिषद के सचिव सर्गेई शोइगु को आश्वस्त किया कि उत्तर कोरियाई सरकार व्यापक रणनीतिक साझेदारी संधि की भावना में रूस के साथ सहयोग का विस्तार करेगी। यह जानकारी कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) ने दी।

रूसी सुरक्षा परिषद ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि शोइगु ने 13 सितंबर को प्योंगयांग का दौरा किया था, जहां किम ने उनकी अगवानी की थी। उल्लेखनीय है कि 18-19 जून को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की प्योंगयांग यात्रा के दौरान, रूस और उत्तर कोरिया ने स्वास्थ्य सेवा, चिकित्सा शिक्षा और विज्ञान में सहयोग पर एक अंतर सरकारी समझौता, तुमनया नदी के पार एक सीमा ऑटोमोबाइल पुल के निर्माण पर एक समझौता और व्यापक रणनीतिक साझेदारी पर एक नई संधि पर हस्ताक्षर किया था। उत्तरार्द्ध दस्तावेज़ को 09 फरवरी, 2000 के देशों के बीच दोस्ती, अच्छे-पड़ोसी और सहयोग की बुनियादी संधि का स्थान लेने के लिए तैयार किया गया है। नई संधि की कोई समय-सीमा नहीं होगी, यह अनुसमर्थन के अधीन है और अनुसमर्थन उपकरणों के आदान-प्रदान की तारीख को लागू होगी।

# स्विटजरलैंड से भारत के संबंध और होंगे प्रगाढ़

**जिनेवा, एजेंसी**



स्विस फेडरल काउंसलर इग्नाज़ियो कैसिस से हाथ मिलाते जयशंकर।

- विदेश मंत्री जयशंकर ने की अपने समकक्ष कैसिस से वार्ता
- बैठक में दोनों के बीच वैश्विक क्षेत्रीय मुद्दों पर भी हुई चर्चा

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने स्विटजरलैंड के अपने समकक्ष इग्नाजियो डेनियल जियोवानी कैसिस के साथ द्विपक्षीय संबंधों पर व्यापक चर्चा की। इस दौरान भारत और यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के बीच व्यापार समझौते का लाभ उठाने पर ध्यान केंद्रित किया गया। विदेश मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। चार देशों के इस संघ में स्विट्जरलैंड भी शामिल है।

जयशंकर दो-दिवसीय यात्रा पर यहां आए थे, जिसका समापन शुक्रवार को हुआ। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने एक बयान में कहा कि एक विशेष शिष्टाचार के तहत कैसिस ने जिनेवा में जयशंकर की मेजबानी की। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों पर व्यापक चर्चा की, जिसमें व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने के लिए भारत और ईएफटीए के सदस्य देशों (स्विट्जरलैंड, नॉर्वे, आइसलैंड और लिकटेंस्टीन) के बीच मुक्त व्यापार समझौते का लाभ उठाने पर विशेष ध्यान दिया गया।

भारत ने मार्च में यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ के साथ एक 'व्यापार और आर्थिक भागीदारी समझौते' (टीईपीए) पर हस्ताक्षर किए थे, जिसके तहत भारत को इन चार यूरोपीय देशों से 100 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश प्राप्त होगा। बैठक के दौरान, जयशंकर और कैसिस ने परस्पर हितों के वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर भी चर्चा की। अपनी यात्रा के दौरान, जयशंकर ने जिनेवा स्थित अंतरराष्ट्रीय संगठनों के शीर्ष नेतृत्व से भी मुलाकात की। इनमें संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त वोल्कर तुर्क और विश्व स्वास्थ्य संगठन के महानिदेशक डॉ टेड्रोस एडनोम घेब्रेयेसस शामिल हैं।

# पैगंबर मोहम्मद का अपमान करने पर दी मौत की सजा

**लाहौर।** पाकिस्तान की एक अदालत ने पंजाब प्रांत के एक व्यक्ति को सोशल मीडिया पर पैगंबर मोहम्मद का अपमान करने पर मौत की सजा सुनाई है। अदालत के एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। पाकिस्तान में ईशनिंदा खासकर पैगंबर का अपमान एक गुनाह है, जिसकी सजा मृत्युदंड है। अदालत के उक्त अधिकारी ने कहा कि सराय आलमगीर के अतिरिक्त सत्र न्यायालय के न्यायाधीश शाहबाज इकबाल तरार ने शुक्रवार को इरफान को पैगंबर का अपमान करने के जुर्म में मौत की सजा सुनाई। अदालत ने संदिग्ध को दोषी ठहराया।

# इजराइल का गाजा पर हमला, 14 मारे गए

**देर अल-बला, एजेंसी**

इजराइल ने शनिवार रात को मध्य और दक्षिणी गाजा पर हवाई हमले किए, जिसमें 14 लोग मारे गए। दरअसल, यह हवाई हमला उस वक्त हुआ जब एक इजराइली सैनिक द्वारा मारी गई तुर्की मूल की एक अमेरिकी कार्यकर्ता के मित्र और परिवार के सदस्य उसके (अमेरिकी कार्यकर्ता के) अंतिम संस्कार की तैयारी कर रहे थे। गाजा नागरिक सुरक्षा ने शनिवार को बताया कि गाजा शहर पर हवाई हमलों में एक घर को निशाना बनाया गया, जिसमें तीन महिलाएं और चार बच्चों सहित 11 लोग रहते थे। इसके अलावा खान यूनिस में इजराइल-हमास युद्ध से विस्थापित फलस्तीनियों के लिए बने एक शिविर को निशाना बनाया गया।

### लेबनान ने इजरायल पर पांच मिसाइलें दागीं

**यरूशलम।** लेबनान से इजराइल के क्षेत्र में लगभग पांच मिसाइलें दागी गईं हैं। इजराइल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने शनिवार को टेलीग्राम पर कहा कि ऊपरी गैलिली क्षेत्र में सायरन बजने के बाद, लेबनान से इजराइल में पांच मिसाइलों की पहचान की गई। कुछ मिसाइलों को रोक दिया गया और अन्य खुले इलाकों में गिरीं।

# बलूचिस्तान में बस खाई में गिरी, चार लोगों की मौत

**कराची।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत के शेरानी जिले में शनिवार को एक बस के गहरी खाई में गिर जाने के कारण चार लोगों की मौत हो गई और 21 अन्य घायल हुए हैं। शेरानी की उपायुक्त सना महजबीं उमरानी ने बताया कि बस इस्लामाबाद से क्वेटा जा रही थी और उसमें 25 यात्री सवार थे। उन्होंने बताया कि दुर्घटना में एक महिला समेत चार यात्रियों की मौत हो गई, जबकि 21 अन्य घायल हुए हैं। महिलाओं और बच्चों सहित घायलों का शुरू में झोब के ट्रॉमा सेंटर में इलाज किया गया, उसके बाद उन्हें क्वेटा के अस्पतालों में भेज दिया गया।



**उत्सव**

कोझिकोड के ओनापोटन में ओणम उत्सव में शामिल होने के लिए जाते स्थानीय लोक कलाकार। ओणम को खासतौर पर खेतों में फसल की अच्छी उपज के लिए मनाया जाता है। इस बार ओणम 15 सितंबर को मनाया जा रहा है।

# मैं बाइडन से अलग हूं : हैरिस

**वाशिंगटन।** अमेरिका में राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार कमला हैरिस ने शुक्रवार को कहा कि वह वर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडन से अलग है क्योंकि वह नई पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करती हैं। देश में नवंबर में राष्ट्रपति पद के चुनाव होने हैं। चुनाव का एक अहम हिस्सा है प्रेशिडेंशियल डिबेट। रिपब्लिकन पार्टी से उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप और कमला हैरिस के बीच बुधवार को यह बहस हुई जिसमें हैरिस ट्रंप पर भारी पड़ती नजर आईं। पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार बनने के बाद पहली बार एक टीवी चैनल को दिए साक्षात्कार में कमला हैरिस ने डोनाल्ड ट्रंप के नफरत भरे और विभाजनकारी भाषण की आलोचना की और कहा कि मुझे ऐसा लगता है कि ट्रंप जिस तरह की नेतृत्व शैली अपनाते हैं अब उससे लोग थक गए हैं।

# प्रार्थनाओं के लिए सुनीता और बुच ने जताया आभार

**केप केनवरल, एजेंसी**

अंतरिक्ष में फंसे अंतरिक्ष यात्री बुच विल्मोर और भारतीय मूल की सुनीता विलियम्स ने शुक्रवार को कहा कि वे वापसी के लिए सभी लोगों की प्रार्थनाओं और शुभकामनाओं के लिए आभार व्यक्त करते हैं। पिछले सप्ताह बोइंग स्टारलाइनर कैप्सूल की वापसी के बाद से यह उनकी पहली सार्वजनिक टिप्पणी है।

इस कैप्सूल से दोनों जून में अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) गए थे। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने कैप्सूल में कुछ विसंगतियों का पता लगाया जिसके कारण धरती पर उनकी वापसी को लेकर अनिश्चतताएं पैदा हो गईं। विल्मोर और विलियम्स अब स्टेशन के पूर्ण चालक दल के सदस्य हैं, जो नियमित रखरखाव और प्रयोगों में अपना योगदान देते हैं।



### उन्हें वापस लाने को इस महीने जाएगा यान

स्टारलाइनर के दोनों परीक्षण पायलट-सेवानिवृत्त नौसेना कप्तान और लंबे समय तक नासा के अंतरिक्ष यात्री फरवरी के अंत तक परिक्रमा प्रयोगशाला में रहेंगे। उन्हें वापस लाने के लिए स्पेसएक्स कैप्सूल का इंतजार करना होगा। यह अंतरिक्ष यान इस महीने के अंत में लॉन्च होने वाला है, जिसमें वापसी के लिए विल्मोर और विलियम्स के वास्ते दो सीट खाली रखी जाएंगी।


# ईरान ने किया उपग्रह के प्रक्षेपण का दावा

**तेहरान।** ईरान ने देश के अर्धसैनिक बल रिवॉल्यूशनरी गार्ड द्वारा बनाए गए एक रॉकेट से शनिवार को एक उपग्रह अंतरिक्ष में भेजा। ईरान ने इस प्रक्षेपण को सफल बताया जो उपग्रह को कक्षा में स्थापित करने वाला दूसरा प्रक्षेपण होगा। हालांकि प्रक्षेपण के सफल होने के बारे में स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हुई है और न ही ईरान के अधिकारियों ने इस संबंध में कोई फुटेज या अन्य विवरण उपलब्ध कराया है। पश्चिमी देशों को आशंका है कि इससे ईरान को अपने बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम पर आगे बढ़ने में मदद मिल सकती है। गाजा में इजराइल-हमास युद्ध को लेकर पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच ईरान ने यह प्रक्षेपण किया है। युद्ध के दौरान ईरान ने इजराइल पर अभूतपूर्व तरीके से सीधे तौर पर मिसाइल और ड्रोन हमले किए।

# हिंदी और अन्य भाषाएं सखियां, इनमें प्रतिस्पर्धा नहीं

**नई दिल्ली, एजेंसी**

### हिंदी दिवस पर बोले शाह



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि राजभाषा हिंदी और अन्य भारतीय भाषाओं के बीच कभी कोई प्रतिस्पर्धा नहीं हो सकती, क्योंकि वे सखियां हैं और एक-दूसरे की पूरक हैं। शाह ने हिंदी दिवस के अवसर पर चौथे अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि राजभाषा हिंदी का प्रचार-प्रसार तब तक नहीं हो सकता, जब तक अन्य सभी भारतीय भाषाओं को मजबूत नहीं किया जाता और राजभाषा उन सभी के साथ संवाद स्थापित नहीं करती।

शाह ने कहा, 'हिंदी और स्थानीय भाषाओं के बीच कभी प्रतिस्पर्धा नहीं हो सकती, क्योंकि हिंदी सभी स्थानीय भाषाओं की सखी है। हिंदी और सभी स्थानीय भाषाएं एक-दूसरे की पूरक हैं, इसलिए उनके बीच का रिश्ता और मजबूत किया जाएगा।' गृह मंत्री ने कहा कि हिंदी दिवस हिंदी को संपर्क भाषा, आम भाषा, तकनीकी भाषा और अब अंतर्राष्ट्रीय भाषा बनाने का संकल्प लेने का अवसर है। उन्होंने कहा, 'हम हिंदी को राजभाषा के रूप में मान्यता मिलने के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में हीरक जयंती मना रहे हैं। हिंदी को आधिकारिक भाषा के रूप में स्वीकार करके और हिंदी के माध्यम से देश की सभी स्थानीय भाषाओं को जोड़कर हम अपनी संस्कृति, भाषाओं, साहित्य, कला एवं व्याकरण के संरक्षण तथा संवर्धन की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।'

गृहमंत्री ने कहा कि हिंदी भू-राजनीतिक भाषा से अधिक भू-सांस्कृतिक भाषा है। उन्होंने कहा कि उनके दोनों मंत्रालयों-गृह और सहकारिता मंत्रालय में फाइल के माध्यम से सभी संचार हिंदी में किए जाते हैं। इस स्तर तक पहुंचने में तीन साल लगे। गृह मंत्री ने रेखांकित किया कि भारत की संविधान सभा ने 14 सितंबर, 1949 को हिंदी को संघ की आधिकारिक भाषा के रूप में स्वीकार किया था।

### बरेली के डॉ. शरद अग्रवाल की पुस्तक हिंदी कहावत कोश का किया विमोचन

गृह मंत्री ने बरेली के चिकित्सक शरद अग्रवाल की पुस्तक 'हिंदी कहावत कोश' का शनिवार को विमोचन किया। समाज के हित में अग्रवाल ने आम बीमारियों और उनकी रोकथाम के बारे में सरल हिंदी भाषा में उपयोगी जानकारी देने के लिए 'हेल्थहिंदी डॉट इन' वेबसाइट भी बनाई है। हिंदी कहावतों को संरक्षित करने और उन्हें आम लोगों तक पहुंचाने के लिए शरद अग्रवाल ने 'हिंदी कहावत कोश' लिखी है। इसमें उन्होंने 10,000 से अधिक कहावतें और उनके निर्माण से जुड़ी 200 से अधिक कहानियां संकलित की हैं। इससे पहले, शाह ने हिंदी दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि संविधान सभा की भावना यह थी कि देश के सभी नागरिकों को एक-दूसरे के साथ किसी भारतीय भाषा में संवाद करना चाहिए, चाहे वह हिंदी हो, तमिल हो, तेलुगु हो, मलयालम हो या गुजराती हो।